WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक
नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | देश-विदेश 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | खेल/बिजनेस

रायपुर, सोमवार, 7 जुलाई 2025 शुक्ल पक्ष- द्वादशी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 अंक- 144 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

पाकिस्तानी पप्पू बिलावल भुट्टो जो पानी के लिए खून बहाने की धमकी देता था अब ओम शांति ओम की माला जप रहा है। उसने बयान दिया है कि पाकिस्तान जंग नहीं अमन चाहता है। वहीं पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने भी शराफत दिखाते हुए भारत के साथ फिर बातचीत की पेशकश की है। जबकि पाकिस्तानी आर्मी चीफ लगातार बेसुरा कश्मीर राग अलापे जा रहे हैं। कश्मीर कश्मीर करना पाकिस्तानी आर्मी चीफ की मजबूरी है। इसी से उनकी रोटी बोटी और बिरयानी जो चलती है। ऐसा लगता है ये अहमक अब अपना हुक्का पानी बंद कराकर ही दम लेंगे।

नवा रायपुर देश की सबसे आधुनिक व खूबसूरत राजधानी: सीएम साय

■ भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप नवा रायपुर का होगा विकास

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय नवा रायपुर स्थित मंत्रालय महानदी भवन में आवास एवं पर्यावरण विभाग के विभागीय काम-काज की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान मुख्यमंत्री ने नवा रायपुर विकास प्राधिकरण के अतंर्गत संचालित कार्यो की जानकारी लेते हुए अधिकरियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में वित्त एवं आवास पर्यावरण मंत्री ओ.पी. चौधरी, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत, सचिव आवास शेष पृष्ठ 6 पर

विकास सरकार की पहली प्राथमिकता

मुख्यमंत्री ने कहा कि नवा रायपुर का सुव्यवस्थित विकास सरकार की पहली प्राथमिकता है। नवा रायपुर क्षेत्र में भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सुनियोजित विकास किया जायेगा। नवा रायपुर देश की सबसे आधुनिक व खुबसूरत राजधानी है। देश के आई.आई.एम., ट्रिपल आई.टी., नेशनल लॉ विश्वविद्यालय जैसे शीर्ष शिक्षण संस्थान यहां स्थापित किए गए हैं। भविष्य में नवा रायपुर में बसाहट और बढ़ेगी इसलिए यह आवश्यक है कि आगामी जरूरतों के हिसाब से यहां नागरिक सुविधाओं का भी विस्तार किया जाए। मुख्यमंत्री ने नवा रायपुर क्षेत्र में रेल कनेक्टिविटी के विस्तार के संबंध में शेष पृष्ठ 6 पर

चीन ने तूफान डानास के लिए पीली चेतावनी जारी की

बीजिंग (वार्ता/शिन्हुआ) चीन की राष्ट्रीय वेधशाला ने रविवार को तूफान डानास के लिए पीली चेतावनी जारी करते हुए कहा कि इससे देश के दक्षिणी भागों में तेज हवाएं और भारी बारिश होने का अनुमान है। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (एनएमसी) के अनुसार, आज सुबह पांच बजे तक तूफान 21.3 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 118.1 डिग्री पूर्वी देशांतर पर स्थित था जो 10 से 15 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से उत्तर-पूर्व की ओर बढ़ रहा था तथा इसकी तीव्रता में लगातार वृद्धि हो रही थी।

राहुल 11 जुलाई को भुवनेश्वर में रैली को करेंगे संबोधित

नयी दिल्ली (वार्ता) । लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी 11 जुलाई को ओडिशा के भुवनेश्वर में रैली को संबोधित करेंगे। इस रैली को लेकर कांग्रेस पोस्टर जारी किया है। इस रैली में गांधी के साथ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे। गांधी की इस रैली को लेकर कांग्रेस पार्टी ने पोस्टर जारी किया है, जिसमें कहा गया है 'संविधान बचाओ0 रैली को गांधी संबोधित करेंगे।

ऑस्ट्रेलियाई चिड़ियाघर में शेर ने किया महिला पर हमला

सिडनी (वार्ता) । ऑस्ट्रेलिया में क्वींसलैंड प्रांत के एक चिड़ियाघर में शेर ने एक महिला पर हमला कर दिया, जिसके बाद उसे जख्मी हालत में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार रविवार सुबह 8:30 बजे के आसपास ब्रिस्बेन से 110 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में स्थित डार्लिंग डाउन्स चिड़ियाघर में आपातकालीन सेवाओं को बुलाया गया। रिपोर्ट मिली थी कि 50 वर्षीय एक महिला पर एक जानवर ने हमला किया है। चिड़ियाघर की कर्मचारी महिला के हाथ में गंभीर चोट आई है और उसे ब्रिस्बेन के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

आषाढ़ी एकादशी की प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों को दी शुभकामनाएं

नई दिल्ली/मुंबई (आईएएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को आषाढ़ी एकादशी पर हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। पूरे देश में रविवार को आषाढ़ी एकादशी यानी देवशयनी एकादशी पर लोग भगवान विष्णु की भक्ति और उपासना में लीन हैं। इस खास मौके पर प्रधानमंत्री मोदी, महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस और डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने सभी के लिए सुख-समृद्धि की कामना की है।

ब्राजील में गणेश वंदना के साथ प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत

■ ब्रिक्स सम्मेलन से पहले अनूठा दृश्य

रियो डी जेनेरियो (आईएएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी पांच देशों की यात्रा के अगले पड़ाव ब्राजील पहुंच गए हैं जहां रियो डी जेनेरियो में वह 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। यहां पहुंचने पर अनोखे अंदाज में गणेश वंदना ओम गं गणपतये नमः के साथ उनका स्वागत किया गया।

ब्राजील के एक स्थानीय म्यूजिकल ग्रुप ने ओम गं गणपतये नमः के साथ भारतीय प्रधानमंत्री का स्वागत किया। इस प्रस्तुति में पारंपरिक भारतीय लय को ब्राजील के संगीत के साथ मिलाया गया, जिसमें महिला और पुरुष कलाकार शामिल थे। इससे पूरी तरह भक्ति और सम्मान का माहौल बन गया। हाथ जोड़कर मुस्कुराते हुए खड़े प्रधानमंत्री मोदी स्पष्ट रूप से भावविभोर नजर आए। औपचारिक स्वागत के बाद पीएम मोदी ने व्यक्तिगत रूप से कलाकारों से मुलाकात की। एक कलाकार ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी को प्रस्तुति का आनंद लेते हुए देखना हमारे लिए बहुत ही प्रेरणादायक और आनंददायक था।

पीएम मोदी चार दिवसीय दौरे पर ब्राजील पहुंचे, ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में लेंगे हिस्सा

रियो डी जेनेरियो (आईएएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चार दिवसीय यात्रा पर ब्राजील पहुंचे हैं। इस दौरान वे 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे और एक राजकीय यात्रा भी करेंगे। शनिवार शाम (स्थानीय समय) गैलेओ अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंचने पर प्रधानमंत्री मोदी का औपचारिक स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री का यह दौरा ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा के निमंत्रण पर हुआ। यह उनकी पांच देशों की यात्रा का चौथा चरण है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ब्राजील के रियो डी जेनेरियो पहुंच गया हूं, जहां मैं ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लूंगा और बाद शेष पृष्ठ 6 पर

एलन मस्क ने दिया डोनाल्ड ट्रंप को झटका, नए राजनीतिक दल का किया ऐलान

वाशिंगटन (आईएएनएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उद्योगपति एलन मस्क के बिगड़ते रिश्ते अब एक नया मोड़ ले रहे हैं। टेस्ला के सीईओ मस्क ने एक नई राजनीतिक पार्टी के गठन का ऐलान कर दिया है। मस्क ने इसे 'अमेरिका पार्टी का नाम दिया है, जिसका उद्देश्य देश के 'वन-पार्टी सिस्टम को खत्म करना है। टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ ने शनिवार को एक्स के जरिए यह घोषणा की है। अपने संदेश में, मस्क ने दोनों प्रमुख दलों पर अनियंत्रित सरकारी खर्च और भ्रष्टाचार में योगदान देने का आरोप लगाया। उनके मुताबिक, देश अब लोकतंत्र के रूप में नहीं, बल्कि बर्बादी और स्वार्थ से संचालित एक एकीकृत राजनीतिक मशीन के रूप में काम करता है। मस्क ने लिखा, अमेरिका द्विदलीय बर्बादी और भ्रष्टाचार से दिवालिया हो रहा है। यह लोकतंत्र नहीं है। यह छद्म रूप से वन-पार्टी सिस्टम है। अमेरिका पार्टी आपको आपकी स्वतंत्रता वापस दिलाने के लिए बनाई गई है।

यह कदम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पूर्व सहयोगी मस्क के लिए एक नाटकीय राजनीतिक बदलाव को दर्शाता है, जो पहले ट्रंप का समर्थन करने वाले सबसे प्रमुख डोनर्स में से एक थे। ट्रंप ने स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान 'वन बिग ब्यूटीफुल बिल पर हस्ताक्षर किए थे, जो अब एक कानून बन गया है। एलन मस्क पहले ही चेतावनी दे चुके थे कि अगर यह बिल पास होता है, तो अमेरिका में एक नई पार्टी का गठन होगा। नई पार्टी का ऐलान मस्क और ट्रंप के बीच हाई-प्रोफाइल विवाद के बाद हुआ है, शेष पृष्ठ 6 पर

बिक्रम सिंह मजीठिया को 14 दिन की न्यायिक हिरासत, नाभा जेल भेजा गया

मोहाली (आईएएनएस)। पंजाब के पूर्व मंत्री बिक्रम सिंह मजीठिया को कड़ी सुरक्षा के बीच नाभा जेल ले जाया गया है। रविवार को मजीठिया की रिमांड खत्म हुई, जिसके बाद कोर्ट में पेशी हुई। मोहाली कोर्ट ने उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा है। शिरोमणि अकाली दल के नेता और पूर्व मंत्री बिक्रम सिंह मजीठिया की ड्रग मनी लॉन्ड्रिंग केस में 25 जून को गिरफ्तारी हुई थी। पंजाब की विजिलेंस ब्यूरो ने मजीठिया को उनके अमृतसर स्थित घर से गिरफ्तार किया था। अगले दिन कोर्ट ने 7 दिन की रिमांड पर भेजा था, जिसे बाद में 4 दिन के लिए बढ़ाया गया। फिलहाल रिमांड खत्म होने के बाद रविवार को ही छुट्टी के दिन मोहाली कोर्ट में मजीठिया की पेशी हुई। सरकारी वकील फेरी सोफत ने न्यूज एजेंसी आईएएनएस को बताया, कुल 15 दिन की रिमांड थी। 12 दिन हो चुके हैं, लेकिन विजिलेंस विभाग ने 3 दिन रिजर्व रखे हैं ताकि जरूरत पडऩे पर बाद में पूछताछ की जा सके। वकील ने कहा कि विजिलेंस टीमें कई अलग-अलग जगहों पर छापेमारी कर रही हैं। बरामद दस्तावेजों के बाद मजीठिया को फिर से रिमांड पर लिया जा सकता है।

हिमाचल प्रदेश: मंडी के चौहारघाटी में फटा बादल, भारी तबाही

मंडी(आईएएनएस)। हिमाचल प्रदेश के मंडी में बादल फटने से भारी तबाही मची है। जिले के पधर उपमंडल की चौहारघाटी स्थित कोरतंग गांव से सटे नाले में अचानक आए पानी के सैलाब में तीन पुल बह गए। तेज बहाव के कारण नाले के किनारे स्थित खड़ी फसलें व बागीचे भी पानी और पहाड़ से आए मलबे में समा गए।

गनीमत रही कि इस आपदा में कोई जनहानि नहीं हुई। हालांकि खराब मौसम में लोगों को अपनी जान का खतरा भी सता रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पूरे गांव को ही भविष्य में गंभीर खतरे का सामना करना पड़ सकता है।

पंचायत प्रधान प्रेम सिंह ठाकुर और बीडीसी सदस्य कमला ठाकुर ने कहा, नाले के कटाव और तेज बहाव ने क्षेत्र की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है। उन्होंने उप-जिलाधिकारी को क्षेत्र की स्थिति और संभावित खतरे को लेकर रिपोर्ट भेजते हुए शीघ्र राहत की मांग की। घटना पर एसडीएम पधर सुरजीत सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रशासन की एक टीम को तुरंत मौके पर भेजा गया है, जो नुकसान का जायजा लेकर जरूरी कार्रवाई सुनिश्चित करेगी। शेष पृष्ठ 6 पर

मुजफ्फरनगर: पेपर मिल में धमाका, शिफ्ट इंचार्ज की मौत, 4 कर्मचारी झुलसे

मुजफ्फरनगर (आईएएनएस)। उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में बड़ी घटना हुई है। रविवार को एक कंपनी में काम करते हुए धमाका हो गया, जिसमें एक कर्मचारी की जान चली गई, जबकि अन्य 4 कर्मचारी बुरी तरह झुलस गए। घटना थाना नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के गांव तिगरी स्थित वीर बालाजी पेपर मिल में हुई। जानकारी के मुताबिक, वीर बालाजी पेपर मिल में सुबह तड़के विस्फोट हुआ था। तेज धमाके के साथ मशीन का पार्ट बिखर गया। दीवार का एक हिस्सा भी गिर गया। घटना के समय कंपनी का शिफ्ट इंचार्ज अंकित शर्मा यहां मौजूद था, जो चपेट में आ गया। अन्य 4 कर्मचारी भी इस दौरान झुलस गए, शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा - गरम

कानून व्यवस्था पर सवाल... आम जनता सरकारी व्यवस्था से परेशान

'किसान जवान संविधान सभा' में कांग्रेस के भविष्य की तैयारी पर चर्चा होगी : सचिन पायलट

रायपुर /नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ के रायपुर में 7 जुलाई को होने वाली 'किसान जवान संविधान सभा में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े शामिल होंगे। कार्यक्रम स्थल पर तैयारियों का जायजा लेने के लिए रविवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सचिन पायलट पहुंचे। सचिन पायलट ने मीडिया से कहा कि इस कार्यक्रम से कांग्रेस पार्टी की भविष्य की तैयारी पर चर्चा होगी। यहां से तय किया जाएगा कि किस दिशा में कांग्रेस पार्टी को चलना है। उन्होंने प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था बद से बदतर हो चुकी है। आम जनता सरकारी व्यवस्था से परेशान हो चुकी है। इस कार्यक्रम से सरकार को घेरने की रणनीति तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी का आउटरीच प्रोग्राम भी होगा, जिसमें प्रदेश के सभी गांव-तहसील और शहर में जाकर कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता लोगों को जोडऩे का काम करेंगे। राज्य और देश में किसानों की हालत खस्ता है। चाहे फसल के दाम की बात हो या फिर खाद की उपलब्धता की। हर तरह से शोषण किसानों का किया जा रहा है। उन्होंने विश्वास जताया है कि 7 जुलाई को होने वाला कार्यक्रम सफल होगा। केंद्र सरकार किसानों के खिलाफ तीन काले कानून लेकर आई। जिसे विपक्ष के विरोध के बाद वापस लेना पड़ा। देश में युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है। अग्निवीर जैसी योजनाएं लाकर युवाओं से नौकरियां छीनी जा रही हैं। जो शिक्षित हैं उनका भविष्य अंधकार में डूब गया है।

संविधान को लेकर भाजपा के रुख पर कांग्रेस नेता ने कहा कि संविधान को मिटाने का काम किया जा रहा है। बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले वोटर रिवीजन कराया जा रहा है। आयोग एक माह के भीतर पूरे बिहार के वोटर का रिवीजन कैसे करेगा। वहां के लोगों के मन में संदेह है कि गरीबों-वंचितों का वोट देने का अधिकार छीना जा सकता है। आयोग की जिम्मेदारी है कि प्रत्येक व्यक्ति को वोट का अधिकार मिले। विपक्ष के रूप में कांग्रेस शेष पृष्ठ 6 पर

ईरान-इजरायल संघर्ष के बाद पहली बार नजर आए अयातुल्ला अली खामेनेई

तेहरान (आईएएनएस)। ईरान-इजरायल के 12 दिन तक चले संघर्ष और फिर युद्धविराम के बाद ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई शनिवार को पहली बार जनता के सामने आए। खामेनेई ने धार्मिक कार्यक्रम में मौजूदगी दर्ज कराई। इजरायल-ईरान के बीच सीजफायर 24 जून को हो गया था, लेकिन 86 साल के खामेनेई लंबे वक्त तक सामने नहीं आए थे। जब मुहर्रम के जुलूस में उन्हें देखा गया, तो समर्थकों ने उनका स्वागत किया। इस बीच खामेनेई ने हाथ हिलाकर और सिर झुकाकर जनता का अभिवादन स्वीकार किया। हालांकि, खामेनेई ने जनता की उम्मीदों के मुताबिक मंच से उन्हें कोई संदेश नहीं दिया। यहां नमाजियों ने इमाम हुसैन की शहादत को याद किया। यह शिया मुसलमानों के लिए एक महत्वपूर्ण दिन है। खामेनेई इस समारोह के दौरान काले रंग के कपड़ों में नजर आए। समारोह में उपस्थित लोगों ने इस दौरान 'लब्बैक या हुसैन के नारे लगाए। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, अयातुल्ला अली खामेनेई की सार्वजनिक तौर पर मौजूदगी उनके आत्मविश्वास को दर्शाती है।

राजरंग

बिखराव के कगार पर इंडिया गठबंधन

क्या इंडिया गठबंधन टूटने के कगार पर है? यह सवाल इन दिनों राजधानी दिल्ली के सियासी गलियारों में खूब पूछा जा रहा है। इसकी वजह बनी है केजरीवाल की घोषणा। आम आदमी पार्टी के संयोजक केजरीवाल ने कहा है कि उनका दल बिहार के चुनावों में अकेले उतरेगा। इस घोषणा के अपने संकेत हैं। इसका मतलब यह है कि आम आदमी पार्टी राष्ट्रीय जनता दल, कांग्रेस और वामपंथी दलों से अलग राह चुनने जा रही है। दरअसल केजरीवाल का उत्साह पंजाब के लुधियाना और गुजरात के विसावदर उपचुनावों में मिली जीत से बढ़ा हुआ है। लुधियाना में उनकी टक्कर तो इंडिया गठबंधन के कांग्रेस से ही थी, लेकिन गुजरात में वे बीजेपी के खिलाफ लड़ रहे थे। केजरीवाल का मानना है कि उनके उम्मीदवार को हराने के लिए कांग्रेस ने भी बीजेपी का साथ दिया। फिर कांग्रेस की अगुआई में उन्हें उम्मीद नहीं दिख रही। बहरहाल केजरीवाल की इस घोषणा से तेजस्वी के सपने पर पानी फिरने की उम्मीद बढ़ गई है तो राहुल गांधी की अगुआई वाले गठबंधन पर सवाल उठ खड़ा हुआ है।

जेडीयू में संशय का माहौल

बिहार की ही बात चली है तो बात एनडीए की। नीतीश कुमार की अगुआई में एनडीए चुनाव मैदान में तो उतरेगा, लेकिन जीत के बाद वही मुख्यमंत्री होंगे, इसकी गारंटी नहीं। ये हम नहीं कह रहे, अमित शाह ने कहा है। साफ है कि बीजेपी नीतीश समर्थक वोटरों का उत्साह बनाए रखना चाहती है, लेकिन नीतीश को मुख्यमंत्री बनाने को तैयार नहीं है। वैसे इन दिनों नीतीश जिस तरह की सार्वजनिक तौर पर हरकतें कर रहे हैं, इसकी वजह से वे ना सिर्फ आरजेडी, बल्कि प्रशांत किशोर के भी निशाने पर हैं। प्रशांत किशोर इसे बार-बार मुद्दा बना रहे हैं। अमित शाह की घोषणा के बाद जनता दल यू के नेताओं में संशय का माहौल है। वे अभी से ही अपना भविष्य सुरक्षित करने की जुगत में जुट गए हैं। चुनावों के ऐन पहले अगर जेडीयू में भगदड़ दिखे तो हैरत नहीं होनी चाहिए।

सांप और छछूंदर की गति

कांग्रेस और शशि थरूर के रिश्ते सांप और छछूंदर जैसे हो गए हैं...कांग्रेस को शशि थरूर न उगलते बन रहे और ना निगलते। शशि और कांग्रेस के बीच जारी शह-मात के खेल में बीजेपी और केंद्र सरकार की बल्ले-बल्ले है। शशि थरूर को कांग्रेस चाहे जितना भी किनारा करने की कोशिश करे, उनकी वैश्विक छवि दमदार है। अपनी एक किताब के प्रोमोशन के सिलसिले में अभी हाल ही में उन्होंने मास्को की यात्रा की। बिना किसी सरकारी के पद के उन्होंने इस दौरान रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लवारोव से मुलाकात कर ली और भारत के हालिया कूटनीतिक दौरों की जानकारी दी। भारतीय रूख से रूस को अवगत कराया और ब्रिक्स पर भी चर्चा कर ली। इससे बिना किसी कोशिश के बीजेपी और मोदी की ब्रांडिंग हो गई। इससे कांग्रेस का जल-भुन जाना स्वाभाविक है। फिलहाल वह मन मसोसकर शशि थरूर को झेल रही है।

खुल्लर की राह में किसने डाला पत्थर

31 मई, 2025 के दिन राजधानी के सियासी और नौकरशाही के गलियारे में एक खबर खूब चर्चा में थी। कहा जा रहा था कि विश्व बैंक के पूर्व कार्यकारी निदेशक और 1988 बैच के सेवानिवृत आईएएस अफसर राजेश खुल्लर को दिल्ली का अगला उप राज्यपाल नियुक्त किया रहा है। उस दिन बेसब्री से कई लोग इस घोषणा का इंतजार कर रहे थे। लेकिन जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया, यह खबर अफवाह में तबदील होती गई। कई सप्ताह बीत चुके हैं, लेकिन ऐसी कोई घोषणा हुई नहीं। अब कई नौकरशाह मानते हैं कि राजेश खुल्लर की राह में कोई बड़ी बाधा बन गया। वह कौन है, इसे लेकर नौकरशाहों ने अपने जासूसी घोड़े दौड़ा रखे हैं। वह कौन था, अभी सामने नहीं आ पाया है।

संघ के बयान से असहज बीजेपी

संविधान की प्रस्तावना में आपातकाल के दौरान जोड़े गए दो शब्दों सेकुलर और समाजवाद को हटाने की राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की मांग से बीजेपी असहज हो गई है। आपसी बातचीत में वह इससे सहमत तो दिखती है, लेकिन इस मांग की टाइमिंग से वह सहज नहीं है। उसे दस साल पुराना बिहार विधानसभा का चुनाव याद आने लगा है। तब संघ प्रमुख मोहन भागवत ने आरक्षण व्यस्था पर सवाल उठा दिया था। इसे तब के आरजेडी और जेडीयू गठबंधन ने मुद्दा बना दिया और पिछड़ों-दलितों को समझाने में कामयाब रहे कि बीजेपी सत्ता में आई तो वह उनका हक छीन लेगी। तब बीजेपी के पक्ष में बिहार में माहौल लग रहा था, लेकिन भागवत के इस बयान से बिहार से बीजेपी का पत्ता साफहो गया। बीजेपी को इस बार फिर से वही डर सताने लगा है। इसलिए बीजेपी ने अपने नेताओं और प्रवक्ताओं को साफ संदेश दे दिया है कि इस बारे में कोई चर्चा नहीं करनी है। संघ करता है तो करता रहे।

स्कूल सीरीज: यूपी-एमपी के शासकीय स्कूलों की जमीनी हक़ीकत उजागर कर रहा बुंदेलखंड 24×7

झाँसी/एं। उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में फैले बुंदेलखंड क्षेत्र के शासकीय स्कूलों की वास्तविक स्थिति को सामने लाने के लिए क्षेत्र के नंबर वन डिजिटल न्यूज़ प्लेटफॉर्म 'बुंदेलखंड 24×7' ने अपनी महत्वाकांक्षी स्कूल सीरीज की शुरुआत की है। गर्मी की छुट्टियों के बाद 15 जून से 1 जुलाई के बीच क्षेत्र के लगभग सभी स्कूलों के खुल चुके हैं, इसे ध्यान में रखते हुए इस सीरीज के तहत चैनल ने बुंदेलखंड के 14 जिलों, पन्ना, छतरपुर, निवाड़ी, सागर, झाँसी, बांदा, चित्रकूट, हमीरपुर, महोबा, दमोह, टीकमगढ़, ललितपुर, जालौन और दतिया के विभिन्न तहसीलों में स्थित शासकीय स्कूलों का गहन निरीक्षण करना शुरू कर दिया है।

'बुंदेलखंड 24×7' की ग्राउंड जीरो टीम, स्कूलों की मौजूदा स्थिति को समझने के लिए न केवल स्कूलों का दौरा कर रही है, बल्कि अध्यापकों और बच्चों के साथ गहन चर्चा भी कर रही है। इस दौरान स्कूलों में अध्यापकों की संख्या, बुनियादी ढांचे की स्थिति, शैक्षिक संसाधनों की उपलब्धता और बच्चों की समस्याओं जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला जा रहा है। यह सिलसिला पूरे जुलाई माह तक जारी रहेगा, जिसमें चैनल का लक्ष्य दूर-दराज के इलाकों में बने स्कूलों को भी कवर करना है, ताकि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच शैक्षिक सुविधाओं की विषमता को उजागर किया जा सके। इस पहल के पीछे चैनल के

फाउंडर डॉ. अतुल मलिकराम का दृष्टिकोण स्पष्ट है। उन्होंने कहा, ÷बुंदेलखंड जैसे क्षेत्र में शिक्षा की स्थिति को सुधारने के लिए पहले उसकी जमीनी हकीकत को समझना जरूरी है। हमारी स्कूल सीरीज का मकसद न केवल समस्याओं को उजागर करना है, बल्कि उन मुद्दों को प्रशासन और समाज के सामने लाना है, जिन्हें हल करके हम अपने बच्चों के भविष्य को बेहतर बना सकते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं की कमी और अध्यापकों की अपर्याप्त संख्या जैसे मुद्दों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। हमारा प्रयास है कि इन स्कूलों की कहानियां और वहां के बच्चों की आवाजें ज्यादा से ज्यादा लोगों के साथ-साथ शासन-प्रशासन तक भी पहुंचें।चैनल के डायरेक्टर और प्रमुख आसिफपटेल ने इस सीरीज के महत्व को समझाते हुए बताया, हमारी टीम बुंदेलखंड के हर कोने में जाकर स्कूलों की स्थिति का जायजा ले रही है। कई स्कूलों में हमें ऐसी कमियां दिखीं, जो बच्चों की पढ़ाई को प्रभावित कर रही हैं, जैसे कि कक्षाओं में बेंच-डेस्क की कमी, पीने के पानी की अनुपलब्धता, और कुछ जगहों पर तो बिजली और शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाओं का भी अभाव है। इसके अलावा, कई स्कूलों में अध्यापकों की कमी एक बड़ी समस्या है, जिसके कारण एक शिक्षक को कई कक्षाओं को संभालना पड़ता है। हमारी यह सीरीज इन मुद्दों को न केवल उजागर करेगी, बल्कि नीति-निर्माताओं और प्रशासन को इनके समाधान के लिए प्रेरित भी करेगी।

इस सीरीज के तहत 'बुंदेलखंड 24×7' स्थानीय समुदायों, अभिभावकों और शिक्षा विभाग के अधिकारियों से भी बातचीत कर रहा है, ताकि समस्याओं के कारणों और समाधानों को समझा जा सके। चैनल का लक्ष्य है कि इस पहल के माध्यम से बुंदेलखंड के शासकीय स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता और बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। इसके साथ ही, चैनल ने दर्शकों से अपील की है कि वे इस सीरीज को देखें और अपने आसपास के स्कूलों की स्थिति के बारे में जानकारी साझा करें, ताकि इस मुहिम को और व्यापक बनाया जा सके। पूरे जुलाई माह तक चलने वाली सीरीज न केवल शिक्षा के क्षेत्र में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

गोपाल खेमका हत्याकांड : राजद सांसद ने बिहार की कानून-व्यवस्था पर उठाए सवाल

पटना (आईएएनएस)। बिहार के प्रमुख व्यवसायी गोपाल खेमका की हत्या के बाद एक बार फिर राज्य की कानून-व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं। इस बीच, राजद सांसद मनोज झा ने बयान दिया और बिहार की कानून-व्यवस्था पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। मनोज झा ने कहा, पक्ष और विपक्ष क्या कह रहे हैं, यह छोड़ दीजिए। नेता प्रतिपक्ष ने क्या कहा, वह भी छोड़ दीजिए। महत्वपूर्ण बात यह है कि क्या कभी ऐसा कोई दिन आया है, जब बिहार की कानून-व्यवस्था सवालों के घेरे में नहीं रही हो? बिहार किसकी मर्जी से चल रहा है? क्या यह दिल्ली दरबार से चल रहा है या फिर सेवानिवृत्त अधिकारियों से?

उन्होंने आगे कहा, कानून अपना काम नहीं कर रहा, बल्कि कानून तोड़ने वाले खुद नया कानून स्थापित कर रहे हैं। गोपाल खेमका के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा, मैं उन्हें जानता था, वह मुख्यमंत्री आवास से मात्र 2.5 किलोमीटर की दूरी पर रहते थे और पुलिस थाने से 200 मीटर की दूरी पर। इस स्थिति में अगर कानून व्यवस्था नहीं संभल पा रही है, तो सरकार को इस्तीफा दे देना चाहिए। मतदाता पुनरीक्षण के मुद्दे पर बोलते हुए मनोज झा ने कहा, लोकतंत्र का आधार मतदाता है। लोकतंत्र में सबसे पहले 'लोक' होता है, और आप उसी 'लोक' को संदेहास्पद बना रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि नेता प्रतिपक्ष के साथ मिलकर चुनाव आयोग से कई सवाल किए थे, जिनमें प्रमुख सवाल यह था कि पिछले 22 वर्षों से यह स्थिति क्यों नहीं सुधरी?

एफ-35बी फाइटर जेट की मरम्मत के लिए पहुंची यूके की इंजीनियरिंग टीम

नई दिल्ली/तिरुवनंतपुरम (आईएएनएस)। ब्रिटिश उच्चायोग ने शनिवार को बताया कि यूके की एक इंजीनियरिंग टीम तिरुवनंतपुरम हवाई अड्डे पर पहुंच गई है। यह टीम आपातकालीन लैंडिंग करने वाले ब्रिटेन के एफ-35बी फाइटर जेट का आकलन और उसकी मरम्मत का कार्य करेगी। इस फाइटर जेट ने 14 जून को तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपातकालीन लैंडिंग की थी। इस मामले में ताजा अपडेट देते हुए एक ब्रिटिश हाई कमीशन के प्रवक्ता ने बताया, यूके की एक इंजीनियरिंग टीम तिरुवनंतपुरम इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंच गई है। यह टीम ब्रिटेन के एफ-35बी फाइटर जेट का आकलन करेगी और उसकी मरम्मत करेगी। इस जेट को इमरजेंसी में यहां उतारा गया था। यूनाइटेड किंगडम ने हवाई अड्डे पर मौजूद मरम्मत और रखरखाव (एमआरओ) फैसिलिटी का उपयोग करने की पेशकश को स्वीकार कर लिया है, और अब भारतीय अधिकारियों के साथ बात करके व्यवस्था को अंतिम रूप देने के लिए चर्चा कर रहे हैं।

सरकार का लक्ष्य भारत को आपूर्ति श्रृंखलाओं में वैश्विक स्तर पर विश्वसनीय भागीदार बनना है: पीयूष गोयल

नई दिल्ली (आईएएनएस) केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत की इंजीनियरिंग उत्कृष्टता दुनिया के कुछ सबसे उन्नत क्षेत्रों को सशक्त बना रही है। साथ ही कहा कि सरकार का लक्ष्य भारत को आपूर्ति श्रृंखलाओं में वैश्विक स्तर पर विश्वसनीय भागीदार बनाना है। केंद्रीय मंत्री के अनुसार, भारत में विभिन्न ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) के माध्यम से पहले से ही बहुत सारे डिजाइन और इनोवेशन हो रहे हैं, हमारा लक्ष्य अब न केवल डिजाइन और इनोवेशन करना है, बल्कि यहां पेटेंट और उत्पादन करना भी है, जिससे भारत आपूर्ति श्रृंखलाओं में वैश्विक स्तर पर विश्वसनीय

भागीदार बन सके। उन्होंने देवनहल्ली में कर्नाटक औद्योगिक क्षेत्र विकास बोर्ड (केआईएडीबी) एयरोस्पेस विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) का दौरा किया और देश में फ्रांसीसी प्रमुख सफ्रान एयरक्राफ्ट इंजन और हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) की ज्वाइंट इनिशिएटिव की सराहना की। गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ÷एसईजेड में संचालित कई इकाइयों की लीडरशीप के साथ भी बातचीत की और नीति निर्माण प्रक्रिया को मजबूत करने में मदद करने के लिए उनकी बहुमूल्य प्रतिक्रिया और सुझाव लिए।

पिछले महीने, पेरिस एयर शो के 55वें संस्करण में, विमान इंजन के डिजाइन, विकास और उत्पादन में दुनिया की अग्रणी फ्रांसीसी इंजन निर्माता कंपनी सफ्रान एयरक्राफ्ट इंजन ने एलईएपी इंजन के रेटेटिंग पाट्र्स के उत्पादन के लिए भारत की अग्रणी एयरोस्पेस और रक्षा कंपनी एचएएल के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। यह समझौता सरकार की मेक इन इंडिया नीति का भी समर्थन करता है। एचएएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक डॉ. डीके सुनील ने कहा, ÷हमें सफ्रान के साथ इस दीर्घकालिक साझेदारी का विस्तार करने और एलईएपी कार्यक्रम के लिए इनकोनेल भागों के लिए फोर्जिंग प्रक्रियाओं में अपनी औद्योगिक विशेषज्ञता विकसित करने पर वास्तव में गर्व है। फ्रांसीसी कंपनी सफ्रान एयरक्राफ्ट इंजन भारत में अपनी क्षमताओं और उपस्थिति को बढ़ा रहा है। कंपनी पहले से ही हैदराबाद, बेंगलुरु और गोवा में पांच प्रोडक्शन साइट्स का संचालन करती है।

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर पठानकोट में श्रद्धांजलि सभा, भाजपा नेताओं ने किया याद

पठानकोट (आईएएनएस)। जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर रविवार को माधोपुर स्थित 'एकता स्थल' पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर भाजपा की ओर से वरिष्ठ नेताओं व कार्यकर्ताओं ने उनके स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री राकेश राठौर, पठानकोट के विधायक अश्वनी शर्मा और पूर्व उपसभापति दिनेश सिंह बब्बू विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभा में भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता भी मौजूद रहे, जिन्होंने भारत की अखंडता के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले नेता को श्रद्धा के साथ याद किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश महामंत्री राकेश राठौर ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने भारत की एकता और अखंडता के लिए अपनी जान की बाजी लगा दी थी। स्वतंत्र भारत में भी जम्मू-कश्मीर में प्रवेश के लिए परमिट लेना पड़ता था, लेकिन डॉ. मुखर्जी ने इसका विरोध करते हुए बिना परमिट घाटी जाने का साहसिक निर्णय लिया। उन्हें माधोपुर के रावी पुल पर गिरफ्तार कर जेल में बंद कर दिया गया और वहीं संदिग्ध परिस्थितियों में उनकी मृत्यु हो गई। राठौर ने कहा कि यह बलिदान केवल एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि संपूर्ण राष्ट्र के आत्मसम्मान और एकता की मिसाल था, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। पठानकोट विधायक अश्वनी शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 और 35-ए को हटाकर डॉ. मुखर्जी के सपनों को साकार किया है। आज हमें अमरनाथ यात्रा के लिए किसी परमिट की आवश्यकता नहीं है। जम्मू-कश्मीर अब भारत का पूर्ण और अभिन्न हिस्सा है, जो डॉ. मुखर्जी के त्याग और संघर्ष की ही देन है। डॉ. मुखर्जी के विचार और जीवन हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं, और उनके दिखाए मार्ग पर चलकर ही हम सशक्त भारत का निर्माण कर सकते हैं। सभा की शुरुआत सभी नेताओं द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित करके हुई।

राजनीति में फैसले अपने-पराये के आधार पर नहीं होते : जेपी नड्डा

नई दिल्ली (आईएएनएस)। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने स्वास्थ्य क्षेत्र में दिल्ली सरकार के कार्यों की प्रशंसा की है। जेपी नड्डा ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के साथ रविवार को लगभग 1,400 नर्सों को नियुक्ति पत्र सौंपे। जेपी नड्डा ने आयुष्मान भारत के लिए पंजीकरण वैनों को भी रवाना किया। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने पिछली सरकारों पर गंभीर आरोप लगाए। स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा, पहले की सरकारों ने सभी क्षेत्रों में उदासीनता दिखाई। स्वास्थ्य क्षेत्र पूरी तरह उपेक्षित रहा। इसी कारण दिल्ली के लोगों को भारी तकलीफों का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत मिशन के तहत 1700 करोड़ रुपये दिल्ली सरकार को दिए थे। 2021 से लेकर फरवरी 2025 तक एक भी पैसा खर्च नहीं किया गया। नड्डा ने कहा कि अब रेखा गुप्ता के कंधों पर बड़ी जिम्मेदारी है, क्योंकि उन्हें 8 महीने के अंदर 1700 करोड़ रुपये दिल्ली में जनता के स्वास्थ्य पर खर्च करने हैं।

वित्त मंत्री ने ब्रिक्स की बैठक में द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की

रियो डी जेनेरियो (आईएएनएस)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने ब्रिक्स समकक्षों के साथ बैठकें की और इस दौरान द्विपक्षीय सहयोग के मुद्दों पर चर्चा हुई। यह जानकारी आधिकारिक सरकारी बयान में गई। ब्रिक्स वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक गवर्नरों की बैठक के दौरान रूसी वित्त मंत्री एंटोन सिलुआनोव के साथ अपनी बैठक में वित्त मंत्री सीतारमण ने भारत-रूस की दीर्घकालिक साझेदारी पर चर्चा की। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर वित्त मंत्रालय की पोस्ट के अनुसार, वित्त मंत्री सीतारमण ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा दिए गए समर्थन के लिए आभार भी व्यक्त किया।मंत्रालय ने बताया, ÷केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि भारत और रूस के बीच आपसी विश्वास और समझ का स्तर सराहनीय है और हमारी विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी मजबूत और दृढ़ बनी हुई है।उन्होंने 2024 में ब्रिक्स की सफल अध्यक्षता के लिए रूस को बधाई दी और कहा कि भारत साझा हितों के क्षेत्रों में दक्षिण-दक्षिण सहयोग बनाने के लिए ब्रिक्स मंच का लाभ उठाना जारी रखेगा।

भारत की एकता और अखंडता के लिए समर्पित रहा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन : सीएम योगी

लखनऊ (आईएएनएस)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई 1901 को हुआ था। उन्होंने मात्र 33 वर्ष की उम्र में कोलकाता विश्वविद्यालय के सबसे युवा कुलपति के रूप में अपनी सेवाएं दीं। वह एक प्रखर वक्ता, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और महान शिक्षाविद थे।

सीएम योगी ने कहा कि डॉ.

श्यामा प्रसाद मुखर्जी का पूरा जीवन राष्ट्र के लिए समर्पित था। बंगाल के अकाल के दौरान उनकी सेवाओं को पूरा देश स्मरण करता है। उनका जीवन भारत की एकता और अखंडता के लिए समर्पित रहा। डॉ. मुखर्जी ने आजादी के बाद पंडित नेहरू के नेतृत्व में बनी पहली सरकार में भारत के खाद्य एवं उद्योग मंत्री के रूप में देश में खाद्य की आत्मनिर्भरता और औद्योगीकरण की नींव रखी थी, जो नए भारत में भी स्पष्ट देखने को मिलता है। उन्होंने नेहरू सरकार के तुष्टिकरण की नीति के विरोध में मंत्रिमंडल से इस्तीफा दिया था। इतना ही नहीं भारतीय जनसंघ का गठन और उसके पहले अध्यक्ष होने के साथ जब भारत के संविधान में नेहरू सरकार ने कश्मीर को 370 धारा के माध्यम से अलग स्टेटस देने का प्रयास किया और परमिट सिस्टम जम्मू-कश्मीर के लिए लागू किया, उसके खिलाफ सबसे पहले डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने ही आवाज उठाई थी। उन्होंने उस समय एक देश में 'दो प्रधान, दो विधान और दो निशान' नहीं चलेंगे का नारा दिया था। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के इन सपनों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साकार किया। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कश्मीर में धारा 370 को समाप्त करके कश्मीर को भारत के संविधान के अनुरूप शेष भारत के साथ जोड़ते हुए 'एक विधान एक प्रधान और एक निशान' के साथ भारत की लोकतांत्रिक धारा के साथ जोड़ने का अभिनव प्रयास किया है। आज जम्मू कश्मीर तेजी के साथ विकास कर रहा है।

सैनेटरी पैड्स पर कांग्रेस ने नहीं लगाई राहुल गांधी की तस्वीर, फैलाया गया झूठ: प्रमोद तिवारी

प्रयागराज (आईएएनएस)। राज्यसभा सांसद और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी ने रविवार को कहा कि सैनेटरी पैड्स पर राहुल गांधी की तस्वीर चस्पा कर झूठ फैलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर फर्जी वीडियो पोस्ट विपक्षी दल की घटिया सोच को दर्शाता है। समाचार एजेंसी आईएएनएस से रविवार को खास बातचीत में सांसद ने कहा, सरकार महिलाओं की सुरक्षा और स्वास्थ्य पर विफल रही है, इसलिए कांग्रेस ने अपने सीमित संसाधनों से सैनेटरी पैड्स बांटे। लेकिन भाजपा की घटिया सोच ने इन पैड्स पर राहुल गांधी की फर्जी फोटो लगाकर सोशल मीडिया पर झूठ फैलाया, पैड पर कोई फोटो नहीं थी। तिवारी ने इसे एक शर्मनाक, घृणित और घटिया हरकत है, जो भाजपा समर्थकों की मानसिकता को दर्शाता है। बिहार विधानसभा चुनाव से पहले शुरू वोटर लिस्ट विवाद पर सरकार को घेरते हुए उन्होंने कहा कि अगर किसी के पास आधार कार्ड है और वह किसी क्षेत्र में निवास कर रहा है, तो उसका नाम वोटर लिस्ट में जोड़ा जाना चाहिए। लेकिन चुनाव आयोग आधार कार्ड को भी नकार रहा है और नागरिकों से उनकी कुंडली पूछी जा रही है। भारतीय जनता पार्टी ने खुद संसद में कहा था कि आधार कार्ड भारतीयता का प्रमाण है, तो अब वही प्रमाण मान्य क्यों नहीं है?वहीं, नेहल मोदी की गिरफ्तारी पर भी प्रमोद तिवारी ने सवाल उठाए। कहा कि जब सीबीआई और ईडी की जांचें चल रही थीं, तब ऐसे अपराधियों को विदेश भागने की छूट किसके इशारे पर मिली? पुराने वादों की याद दिलाते हुए तिवारी ने कहा कि पीएम मोदी ने कहा था कि दाऊद इब्राहिम को छह महीने में भारत लाएंगे। अब पूछना चाहता हूं, कहां है दाऊद? मसूद अजहर, हाफिज सईद और दाऊद इब्राहिम जैसे आतंकियों का क्या हुआ? क्या भाजपा सरकार इनके खिलाफकार्रवाई का कोई ब्योरा दे सकती है?राज्यसभा सांसद ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भी बयान दिया। कहा कि भारतीय वायुसेना की ओर से किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के समय, विदेश मंत्री ने पाकिस्तान को यह जानकारी दी कि हम आतंकी ठिकानों पर हमला करेंगे। नतीजा यह हुआ कि हमला केवल आतंकी ठिकानों पर हुआ, आतंकी सब वहां से हट गए।

संक्षिप्त खबरें

बाल श्रम निषेध जागरूकता अभियान का शुभारंभ

रायपुर /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने बाल श्रम निषेध जागरूकता अभियान का जो शुभारंभ किया है उसी मुहिम के तहत आज अपर श्रम आयुक्त एस. एल. जांगड़े को चेंबर की टीम ने आमंत्रित किया । इस अवसर पर जांगड़े ने प्रदेश के सभी व्यापारियों और उद्योगपतियों से अपील की कि वे अपने प्रतिष्ठानों में किसी भी बाल श्रमिक को काम पर न रखें। 8 जुलाई को चेंबर भवन में अपर श्रम आयुक्त छत्तीसगढ़ शासन एस.एल. जांगड़े के मुख्य आतिथ्य में शुरू होगा प्रदेश स्तरीय अभियान, यह प्रदेश स्तरीय बाल श्रम निषेध जागरूकता अभियान 8 जुलाई, 2025 से शुरू होगा। इसका उद्देश्य बाल श्रम के कानूनी प्रावधानों और इसके दुष्परिणामों के बारे में लोगों और व्यापारियों को शिक्षित करना है। इस जागरूकता अभियान के समन्वयक हैं कार्यालय प्रभारी दिलीप इसरानी, कार्यक्रम संयोजक, चेंबर सांस्कृतिक प्रभारी अनिल जोत सिंघानी, कार्यकारी महामंत्री कपिल दोषी एवं विकास आहूजा हैं।इस कार्यक्रम के सह संयोजक विकास पंजवानी, हरि तलरेजा, रवि सचदेव, हितेश रायचूरा, सुनील वाधवा, मनीष मोटवानी, पंकज चिजवानी, निखिल झावेरी, निलेश जैन, जितेंद्र जैन, सतीश बागड़ी, मनोज अग्रवाल, महेश जेठानी है । इस अवसर पर चेंबर प्रदेश सांस्कृतिक प्रभारी अनिल जोतसिंघानी, उपाध्यक्ष- विकास पंजवानी, रवि सचदेव ,मंत्री- पंकज चिजवानी, निलेश जैन, मनोज अग्रवाल, आकाश दुदानी उपस्थित रहे।

आर्थिक रूप से कमजोर 50 बच्चों को स्कूल शूज बांटे

रायपुर /नवप्रदेश। शंकर नगर खमहारडीह स्थित कल्याण पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में आर्थिक रूप से कमजोर 50 बच्चों को स्कूल शूज प्रदान किए गए ताकि बच्चों को स्कूल आने में तथा उनकी पढ़ाई में कोई भी दिक्कत ना हो समाजसेवी संस्था मेसोनिक लॉज भिलाई के, एस, जब्बल . सुभाष देशपांडे रवि भोई तथा स्कूल डायरेक्टर राजेश सक्सेना के मुख्य आतिथ्य में स्कूल में अध्यनरत आर्थिक रूप से कमजोर और जरूर मंद बच्चों को स्कूल आने में कोई दिक्कत ना हो उनकी पढ़ाई में कोई व्यवधान ना आए इस उद्देश्य से बच्चों के शूज का नाप लेकर फिर उनके शूज के नंबर के अनुरूप शूज प्रदान किए गए ताकि बच्चे नियमित रूप से खुशी-खुशी स्कूल आकर पढ़ाई करें और पढ़ लिखकर महान बन सके शूज पाकर बच्चे बहुत खुश हुए और अतिथियों के प्रति तालियां बजाकर उन्होंने अपना आभार व्यक्त किया इस उपलक्ष में स्कूल की प्राचार्य शीला गुर्जर टीचर्स और सभी स्टूडेंट उपस्थित थे।

त्रिवेदी ने बिहार चुनाव को लेकर राहुल गांधी पर निशाना साधा

रायपुर /नवप्रदेश।भारतीय जनता पार्टी के राज्यसभा सांसद और राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने बिहार चुनाव को लेकर कांग्रेस और राहुल गांधी पर निशाना साधा। इसके साथ ही महाराष्ट्र में हिंदी विवाद और बिहार चुनाव पर भी अपनी प्रतिक्रिया दी। नक्सलियों का शांति वार्ता पत्र-कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को नक्सलियों ने शांति वार्ता कराने को लेकर पत्र लिखा है। इस पर निशाना साधते हुए सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि इशारों से समझिए, राज को राज रहने दो। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने स्पष्ट रूप से कह दिया है- नक्सली हथियार छोड़ेंगे, तभी बातचीत होगी। हथियार रखकर संवाद नहीं हो सकता।बिहार चुनाव और कांग्रेस का दांव-बिहार चुनाव में कांग्रेस की ओर से सेनेटरी पैड बाँटने वाले राहुल गांधी के बयान पर तंज कसते हुए कहा कि यह राहुल गांधी का अभिनव, अद्भुत प्रयोग है। राहुल गांधी को समझ ही नहीं आ रहा क्या करना है, क्या नहीं? राहुल गांधी व्याकुल रहते हैं, कुपित रहते हैं।हिंदी विवाद और ठाकरे बंधु-सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि महाराष्ट्र में हिंदी को लेकर जबरन विवाद किया जा रहा है। ठाकरे बंधु बालासाहेब की परंपरा को भूल चुके हैं। भाजपा को उनका बयान बताता है कि वे किस मानसिकता से ग्रसित हैं। बयान देने से पहले गरिमा का ध्यान रखना चाहिए। बालासाहेब ठाकरे के अनुरूप उनकी पार्टी आज नहीं है।

चॉइस सेंटर में चोर का धावा 1 लाख का सामान पार

रायपुर/नवप्रदेश। चॉइस सेंटर में चोरी की वारदात हुई है। चोर दुकान का शटर और बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे को तोड़कर भीतर घुसा था। फिर उसने गल्ले में रखे करीब 86 हजार रुपए और मोबाइल पार कर दिया। यह पूरा मामला धरसींवा थाना क्षेत्र का है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, विद्याभूषण वर्मा ने थाने में शिकायत दर्ज करवाई। जिसमें बताया कि उसका रैता गांव में चॉइस सेंटर है। 5 जुलाई की रात 2 बजे से सुबह 5ः30 के बीच एक चोर दुकान के भीतर घुसा। उसने दुकान के सामने का शटर तोड़ दिया। बाहर लगे हुए सीसीटीवी कैमरे को भी तोड़ दिया। फिर उसने दुकान में रखा करीब कैश और एक मोबाइल समेत करीब 1 लाख का माल पार कर दिया। इस मामले में धरसींवा थाना पुलिस ने विद्याभूषणकी शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की छान बीन और संदिग्धों से पूछताछ कर मामले में जांच कर रही है।

श्रमिक जनक के जीवन में उम्मीद की किरण बनी मुख्यमंत्री श्रमिक सियान सहायता योजना

रायपुर/नवप्रदेश। जिले के अभनपुर विकासखंड स्थित ग्राम मंदलोर में रहने वाले 61 वर्षीय जनक राम साहू आज अपने जीवन में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहे हैं। इसका कारण बना-मुख्यमंत्री श्रमिक सियान सहायता योजना, जिसके तहत उन्हें 20,000 की आर्थिक सहायता मिली। एक साधारण श्रमिक जीवन जीने वाले साहू ने इस राशि का उपयोग अत्यंत समझदारी और आवश्यकता के अनुसार किया। उन्होंने बताया कि इस सहायता से उन्होंने खेती-किसानी के जरूरी काम पूरे किए, स्वास्थ्य उपचार में राहत पाई, और घर के छोटे-छोटे आवश्यक कार्य भी पूरे कर सके। जनक राम कहते हैं कि सरकार की यह योजना हम जैसे श्रमिकों के लिए किसी वरदान से कम नहीं। जब मुश्किल समय में मदद का हाथ बढ़े, तो इंसान में फिर से कुछ करने का हौसला आता है। उनकी यही सोच आज सैकड़ों अन्य श्रमिकों को प्रेरणा दे रही है। उन्होंने यह भी अपील की कि जो भी श्रमिक पात्र हों, वे इस योजना का लाभ जरूर लें। इस योजना को सफल बनाने में कलेक्टर कार्यालय रायपुर के कॉल सेंटर ने भी अहम भूमिका निभाई।

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की

रायपुर/नवप्रदेश। आज पूर्व केन्द्रीय मन्त्री, समाज सुधारक, शिक्षाविद कोलकाता विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति,डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनकी जयन्ती पर नमन करने राजधानी शहर रायपुर के जीईमार्ग में शारदा चौक के किनारे स्थित उनके प्रतिमा स्थल के समक्ष नगर निगम रायपुर के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में निगम जोन 2 के सहयोग से पुष्पांजलि आयोजन रखा गया. संक्षिप्त पुष्पांजलि आयोजन में पूर्व केन्द्रीय मन्त्री, समाज सुधारक, शिक्षाविद डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनकी जयंती पर प्रतिमा स्थल पर पहुंचकर प्रमुख रूप से रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल, रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर मीनल चौबे, प्रदेश के पूर्व केबिनेट मन्त्री रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत, रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी, रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, निगम सभापति सूर्यकान्त राठौड़, छत्तीसगढ़ अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा, निगम संस्कृति विभाग के अध्यक्ष अमर गिदवानी, एमआईसी सदस्य अवतार भारती बागल, महेन्द्र खोडियार, खेम कुमार सेन, जोन 4 जोन अध्यक्ष मुरली शर्मा, जोन 10 जोन अध्यक्ष सचिन बी. मेघानी, रायपुर जिला शहर भाजपा अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर, पूर्व शहर भाजपा अध्यक्ष छगन लाल मुंदडा, सामाजिक कार्यकर्त्ता सत्यम दुआ, सोनू सलूजा सहित विशिष्टजनों, गणमान्यजनों, महिलाओं, नवयुवकों, आमजनों, अधिकारियों, कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में सादर नमन किया। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

जन चौपालों के ज़रिए जनता से जुड़ेंगे विधायक राजेश मूणत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद अब जनप्रतिनिधि जनता के बीच सीधे संवाद स्थापित करने के लिए सक्रिय हो गए हैं। रायपुर पश्चिम से भाजपा विधायक और पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेश मूणत 10 जुलाई से जन चौपाल की शुरुआत करने जा रहे हैं, जिसमें वे अपने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में जाकर नागरिकों की समस्याएं, शिकायतें और सुझाव सुनेंगे। विधायक राजेश मूणत का मानना है कि जब जनप्रतिनिधि खुद चलकर जनता के पास पहुंचेंगे, तभी असली समस्याएं सामने आएंगी और उनका समाधान भी उसी गति से होगा।

प्रशासनिक अमला रहेगा मौजूद - बता दें कि विधायक मूणत ने रायपुर नगर निगम के ज़ोन क्रमांक 1, 5, 7 और 8 के आयुक्तों को पत्र लिखकर निर्देश दिए हैं कि इन चौपालों के दौरान लोक निर्माण, जल आपूर्ति, विद्युत, सफाई, राशन, पेंशन, आधार कार्ड, राजस्व और नगर एवं ग्राम निवेश विभाग के अधिकारी मौके पर मौजूद रहें। ताकि नागरिकों की शिकायतों का तत्काल निराकरण किया जा सके।

विधायक मूणत की पहल को मिल रही सराहना

विधायक मूणत ने बताया कि जन चौपाल का उद्देश्य जनता के द्वार, समाधान एक बार की भावना के अनुरूप है। इससे आम लोगों की दिक्कतों को समझने और समाधान करने में आसानी होगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि वे इस जन संवाद में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें और अपनी बात खुलकर रखें।

आबकारी अधिकारियों की मिलीभगत से छत्तीसगढ़ में खप रही है मिलावटी शराब

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शराब घोटाले के आरोपी अरुणपति त्रिपाठी की मुश्किलें बढ़ गई है। झारखंड के बहुचर्चित शराब घोटाले में झारखंड की एंटी करप्शन ब्यूरो ने छत्तीसगढ़ के पूर्व विशेष सचिव ए.पी. त्रिपाठी को से पूछताछ करने के लिए रांची के स्पेशल कोर्ट में प्रोडक्शन वारंट के लिए आवेदन लगाया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) रांची की टीम ने शनिवार को स्पेशल जज योगेश कुमार सिंह की अदालत में प्रोडक्शन वारंट आवेदन दिया। आवेदन मंजूर होने के बाद झारखंड एसीबी की टीम त्रिपाठी को रांची ले जाकर पूछताछ करेंगी। आरोप है कि झारखंड के निलंबित आईएएस विनय कुमार चौबे ने एपी त्रिपाठी के साथ मिलकर झारखंड में भी छत्तीसगढ़ जैसी घोटाले की साजिश रची थी।

सुविचार

बातों की मिठास से भीतर का भेद नहीं खुलता। मोर को देखकर कौन कह सकता है कि वो सांप खाता होगा। - अज्ञात

बिहार में बहुकोणीय मुकाबले के आसार

बिहार विधानसभा चुनाव में अभी चार माह का समय शेष है लेकिन अभी से वहां चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। वैसे तो हर बार की तरह इस बार भी वहां एनडीए और आईएनडीआईए के बीच ही सीधा मुकाबला होना तय है लेकिन इस बार बिहार में बहुकोणीय मुकबाले के आसार नजर आ रहे हैं। चर्चित चुनावी रणनीतिकार प्रशान्त किशोर अपनी नई नवेली जनसुराज पार्टी के बैनर तले पिछले कई माह से पूरे बिहार में पद यात्रा करते घुम रहे हैं। उनकी सभाओं में भारी भीड़ भी उमड़ रही है अब यह भीड़ वोटों के रूप में कितनी तब्दील होती है यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा बकौल प्रशान्त किशोर बिहार में बदलाव की बयार बह रही है और बड़ी संख्या में लोग जनसुराज पार्टी से जुड़ रहे हैं। भले ही जनसुराज पार्टी सत्ता में न आये लेकिन वह एनडीए और राष्ट्रीय जनता दल के नेतृत्व वाले महागणबंधन का कई सीटों पर खेल बिगाड़ सकती है। प्रशांत किशोर ने चालीस सीटों पर मुस्लिम उम्मीदवार खड़े करने की घोषणा करके महागठबंधन की मुश्किले बढ़ा दी है। वैसे भी बिहार में सभी राजनीतिक पार्टियों की नजरें मुस्लिम वोटों पर टीकी हुई है जिनकी आबादी वहां 18 प्रतिशत है। बिहार के पांच जिलों में मुस्लिम आबादी पच्चीस से पैंसठ प्रतिशत है और सीमांचल की कई सीटों सहित लगभग पचास सीटों पर मुस्लिम मतदाता निर्णायक भूमिका निभाते हैं। उत्तप्रदेश और बंगाल की तरह बिहार में मुस्लिम एकतरफा वोट नहीं करते। इनके वोट बंटते हैं। नीतीश कुमार की जेडीयू को भी अच्छे खासे मुस्लिम वोट पड़ते हैं। यही वजह है कि राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव ने मुस्लिम वोटों को महागठबंधन के पक्ष में एकजुट रखने की कवायद शुरू कर दी है। और वक्फ कानून को लेकर उन्होंने यह बड़ा बयान दिया है कि यदि बिहार में महागठबंधन की सरकार बन जाएगी तो वे वक्फ कानून को कूडे में फेंक देंगे। इस बीच अस्सुद्दीन ओवैसी ने भी महागठबंधन की परेशानी पर बल ला दिया है। ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम ने पिछले विधानसभा चुनाव में बीस सीटों पर चुनाव लड़ा था जिनमें से चार सीटों पर उसे जीत मिली थी। इस बार ओवैसी ने राजद के नेतृत्व वाले महागठबंधन में शामिल होने की इच्छा जताई थी ताकि मुस्लिम वोटों का बंटवारा न हो पाये। किन्तु ओवैसी की पार्टी को महागठबंधन का हिस्सा बनाने के विषय को लेकर महागठबंधन में मतभेद उभर आये हैं। लालू प्रसाद यादव नहीं चाहते कि ओवैसी की पार्टी को महागठबंधन में शामिल किया जाये। नतीजतन अब ओवैसी ने ऐलान कर दिया है कि उनकी पार्टी अकेले अपने बलबूते पर बिहार विधानसभा में पचास से ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़ेगी जो क्षेत्रीय पार्टियां एनडीए और महागठबंधन में शामिल नहीं हो पा रही है उन्हें भी साथ लेकर ओवैसी बिहार में तीसरा मोर्चा बनाने की कवायद कर रहे हैं। इस बीच आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयाजक अरविंद केजरीवाल ने भी बिहार की सभी सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। इससे अब बिहार में बहुकोणीय मुकाबले की स्थिति बनती नजर आ रही है। बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग ने वोटरलिस्ट में सुधार करने के लिए मतदाता सूची के गहन परीक्षण का जो काम शुरू किया है उसे लेकर भी बिहार में जमकर सियासत हो रही है। बिहार में लगभग सात करोड़ मतदाता है जिनमें से लगभग दो करोड़ मतदाताओं की छानबीन की जा रही है। चुनाव आयोग की इस कार्यवाही का भी राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी पार्टियों ने विरोध किया है और इसे वोटरों के नाम काटने की साजिश करार दे रहे हैं। इस मामले में ओवैसी भी कूद पड़े हैं और उन्होंने भी चुनाव आयोग की इस कार्यवाही का विरोध किया है कुल मिलाकर बिहार विधानसभा चुनाव ज्यों-ज्यों नजदीक आ रहे हैं त्यौं-त्यौं वहां चुनावी सरगर्मियां तेज होने लगी है। अभी तो एनडीए और महागठन के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर भी घमासान मचने वाला है। इन गठबंधनों में शामिल जिन क्षेत्रीय दलों को उनके मन माफिक हिस्सेदारी नहीं मिलेगी वे पाला बदल सकते हैं। ऐसे क्षेत्रीय दलों पर न सिर्फ प्रशान्त किशोर की जनसुराज पार्टी और आम आदमी पार्टी की नजर होगी बल्कि ओवैसी भी ऐसी असंतुष्ट क्षेत्रीय पार्टियों पर डोरा डाल सकते हैं ताकि बिहार में वे तीसरा मोर्चा गठित कर अपनी ताकत दिखा सकें। कुल मिलाकर बिहार में इस बार रोचक चुनावी मुकाबला देखने को मिल सकता है।

सद्गुरू बोधा मृतम्

सदगुरू श्री ऋतेश्वर

◆भगवान राम चतुर्भुज हैं और हनुमान जी के अनंत भुजा। भक्त कभी चतुर्भुज, षट्भुज नहीं होता, अनन्त भुज होता है। प्रभु की प्रसन्नता के लिए, प्रभु के प्रेम में, हरी-गुरु के प्रेम में भक्त अनंत शक्ति संपन्न बन जाता है।

◆जब तक सद्गुरु भगवान के चरण रज को मस्तक पर धारण नहीं किया जाता तब तक कोई शास्त्र, कोई पुराण, कोई सत्संग समझ में नहीं आ सकता।

◆सत्य और धर्म के विग्रह तो श्री राम है।

◆दिल का उपयोग भगवान और गुरु के पास करना और दिमाग का उपयोग संसार के पास करना।

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 1948 - स्वतंत्र भारत की पहली बहुउद्देशीय परियोजना। 1998 - पं. विश्वमोहन भट्ट को सं.रा. अमेरिका का प्रतिष्ठित दशाब्दी का सर्वाधिक प्रशंसित व्यक्ति सम्मान मिला। 1999 - फ़्रांसीसी वैज्ञानिकों द्वारा पेचिस पेचिस के नये टीके की खोज। 2007 - अमेरिका के दूरसंचार उपग्रह डायरेक्ट वी-10 को रूस के प्रोटान-एम रॉकेट द्वारा प्रक्षेपित किया गया। 2008 - काबुल (अफ़ग़ानिस्तान) में हुए भारतीय दूतावास पर हमले में 41 लोग मारे गये। **7 जुलाई को जन्मे व्यक्ति-** 1656 - गुरु हर किशन सिंह - सिक्खों के आठवें गुरु। 1854 - मोहम्मद बरकतउल्ला - भारतीय स्वतंत्रता सेनानी थे। 1900 - काला वेंकटराव - दक्षिण भारत के एक प्रमुख राजनैतीक कार्यकर्ता। 1922 - चंद्रशेखर वैद्य - भारतीय सिने अभिनेता थे। उन्हें मुख्यतः चंद्रशेखर के नाम से ही जाना जाता था। 1929 - ठाकुर राम लाल - हिमाचल प्रदेश में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राजनेताओं में से एक थे।

स्वप्नदृष्टा डॉ श्याम प्रसाद मुखर्जी

चंद्र शेखर गंगराड़े

पूर्व प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़ विधानसभा

भारत के आज़ाद होने पर कांग्रेस पार्टी की सरकार बनी लेकिन गांधी जी और सरदार पटेल के अनुरोध पर डॉ. मुखर्जी को भी सरकार में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री के रूप में शामिल किया गया। हालाँकि जैसा ऊपर उल्लेख किया गया है कि वे कांग्रेस की नीतियों से सहमत नहीं थे इसलिए उन्होंने राष्ट्रीय हितों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के कारण मंत्री पद से त्यागपत्र दे दिया और एक नई राष्ट्रीय पार्टी बनायी जिसका नाम ÷जनसंघ÷रखा भारत के स्वतंत्र होने के बाद जिस प्रकार सभी देसी रियासतों का भारत में विलय हो गया था लेकिन जम्मू कश्मीर का पूर्ण विलय भारत में नहीं हुआ था और जम्मू कश्मीर का अलग झंडा और अलग संविधान था जिससे डॉ. मुखर्जी बिलकुल सहमत नहीं थे और वे जम्मू कश्मीर को भारत का पूर्ण और अभिन्न अंग बनाना चाहते थे और प्रधानमंत्री श्री जवाहरलाल नेहरु की सरकार को चुनौती देते हुए अगस्त 1952 में जम्मू कश्मीर के भारत में पूर्ण विलय एवं धारा 370 को समाप्त करने की माँग को लेकर विशाल रैली की और इस माँग को पूरा कराने के लिए 1953 में बिना परमिट लिए जम्मू कश्मीर की यात्रा पर निकल गए जहाँ उन्हें गिरफ़्तार कर नज़रबंद कर दिया गया और 23 जून 1953 को रहस्यमय परिस्थितियों में उनकी मृत्यु हो गई।

भारत के प्रथम वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री एवं जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई 1901 को कलकत्ता के एक संभ्रांत और शिक्षित परिवार में हुआ था फलस्वरूप उन्होंने भी कम उम्र में ही विद्याध्यन के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ अर्जित कर ली और मात्र 33 वर्ष की आयु में कलकत्ता विश्वविद्यालय के सबसे कम उम्र में कुलपति बनने का गौरव उन्हें प्राप्त हुआ यद्यपि प्रारम्भ में डॉ. मुखर्जी की रुचि विद्या के क्षेत्र में थी लेकिन पश्चात वे राजनीति की ओर मुख़ातिब हुए। कांग्रेस की नीतियों से सहमत न होने के कारण उन्होने ग़ैर कांग्रेसी हिंदुओं की मदद एवं कृषक प्रजा पार्टी को साथ लेकर प्रगतिशील गठबंधन का निर्माण किया और बंगाल प्रांत की तत्कालीन सरकार में वित्त मंत्री के दायित्वों का निर्वहन 12 दिसंबर 1941 से 20 दिसम्बर 1942 तक किया।



तत्समय ब्रिटिश सरकार बंगाल में मुसलमानों को धर्म के आधार पर विभाजन हेतु प्रेरित कर रही थी और मुस्लिम लीग का भी उन्हें समर्थन मिल रहा था लेकिन डॉ. मुखर्जी धर्म के आधार पर विभाजन के पक्ष में नहीं थे उनका यह विचार था की सांस्कृतिक दृष्टि से हिंदू मुस्लिम सब एक हैं और उसमें कोई अंतर नहीं है और उन्होने मुस्लिम लीग के बंगाल के विभाजन की रणनीति को नाकाम कर दिया हालाँकि भारत विभाजन के समय उन्होंने बंगाल के विभाजन का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया क्योंकि 1946 में बंगाल में जो दंगे हुए और हिन्दुओं का जो नरसंहार हुआ उससे उन्हें यह आभास हो गया था कि मुस्लिम बहुल राज्य में हिन्दुओं का रहना सुरक्षित नहीं होगा।

भारत के आज़ाद होने पर कांग्रेस पार्टी की सरकार बनी लेकिन गांधी जी और सरदार पटेल के अनुरोध पर डॉ. मुखर्जी को भी सरकार में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री के रूप में शामिल किया गया। हालाँकि जैसा ऊपर उल्लेख किया गया है कि वे कांग्रेस की नीतियों से सहमत नहीं थे इसलिए उन्होंने राष्ट्रीय हितों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के कारण मंत्री पद से त्यागपत्र दे दिया और एक नई राष्ट्रीय पार्टी बनायी जिसका नाम ÷जनसंघ÷रखा

भारत के स्वतंत्र होने के बाद जिस प्रकार सभी देसी रियासतों का भारत में विलय हो गया था लेकिन जम्मू कश्मीर का पूर्ण विलय भारत में नहीं हुआ था और जम्मू कश्मीर का अलग झंडा और अलग संविधान था जिससे डॉ. मुखर्जी बिलकुल सहमत नहीं थे और वे जम्मू कश्मीर को भारत का पूर्ण और अभिन्न अंग बनाना चाहते थे और प्रधानमंत्री श्री जवाहरलाल नेहरु की सरकार को चुनौती देते हुए अगस्त 1952 में जम्मू कश्मीर के भारत में पूर्ण विलय एवं धारा 370 को समाप्त करने की माँग को लेकर विशाल रैली की और इस माँग को पूरा कराने के लिए 1953 में बिना परमिट लिए जम्मू कश्मीर की यात्रा पर निकल गए जहाँ उन्हें गिरफ़्तार कर नज़रबंद कर दिया गया और 23 जून 1953 को रहस्यमय परिस्थितियों में उनकी मृत्यु हो गई। इस प्रकार जम्मू कश्मीर के भारत में पूर्ण विलय एवं धारा 370 को समाप्त करने का जो उनका संकल्प था उसे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 5 अगस्त 2019 को पूरा किया। डॉक्टर मुखर्जी के संकल्प को पूरा करने के लिए तत्कालीन जनसंघ जिसका नाम बाद में भारतीय जनता पार्टी कर दिया गया ने कई अन्य आंदोलन किए और नारा दिया कि ÷जहाँ हुए बलिदान मुखर्जी वो कश्मीर हमारा है÷ और इस नारे को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने हक़ीक़त में बदल कर उनके संकल्प को पूरा किया और आज जम्मू कश्मीर भारत का पूर्ण राज्य हैं जहाँ भारत का झंडा और भारत का संविधान लागू है। इस प्रकार हम कह सकते हैं कि उन्होंने जो साहस दिखाया जो दूरदृष्टि दिखाई जिसके कारण उन्हें अपना बलिदान करना पड़ा जिसके कारण ऐसे बिरले व्यक्ति होते हैं जो राष्ट्रीय हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हैं सदियों में एक बार जन्म लेते हैं और कम उम्र में ही अपने जीवन को सार्थक बनाकर इतिहास में अमर हो जाते हैं और उनके उनके इसी त्याग समर्पण और बलिदान के कारण उनकी पुण्यतिथि 23 जून को बलिदान दिवस के रूप में मनाई जाती है। छद्द. श्यामाप्रसाद मुखर्जी न केवल दूरदृष्टा थे बल्कि साहसी भी थे। जब जम्मू कश्मीर का भारत में पूर्ण विलय नहीं हुआ तभी उन्हें यह एहसास हो गया था कि यदि जम्मू कश्मीर को भारत में शामिल नहीं किया गया तो अन्य रियायतें भी यही मांग करेंगी और उन्हें यह भी एहसास हो गया था कि शेख अब्दुल्ला त्रिराष्ट्र की दिशा में सोच रहे हैं इसलिए उन्होंने अगस्त में जम्मू कश्मीर की रैली में यह संकल्प लिया कि 'या तो मैं जम्मू कश्मीर के लोगों को भारत का संविधान प्राप्त कराऊँगा या इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए अपना जीवन बलिदान कर दूँगा' और वे अपने संकल्प पर अडिग रहे। उनकी जयंती के अवसर पर हम उन्हें सादर नमन करते हैं।

पाक की अध्यक्षता का मतलब

प्रेम शर्मा

पाकिस्तान के पास एजेंडा कंट्रोल करने की पावर है। वो तय कर सकता है कि किस मुद्दे पर ज्यादा चर्चा हो और किस पर नहीं। ऐसे में भारत को उसकी एक माह की अध्यक्षता पर नजर रखनी होगी। वैश्विक राजनीति में जहां कूटनीतिक स्तर पर भारत अलग-थलग पड़ता नजर आ रहा है, वहीं इस मोर्चे पर पाकिस्तान की अहमियत बढ़ती नजर आ रही है। ऑपरेशन सिंदूर और उसके बाद भारतीय प्रतिनिधियों के कूटनीतिक विश्व भ्रमण के दौरान तमाम देशों को यह समझाने के बावजूद कि पाकिस्तान आतंक का केंद्र और आतंकवादियों की शरणस्थली बना हुआ है, पाकिस्तान के चीन, रूस और अमेरिका के साथ रिश्तों में हाल के महीनों के दौरान नाटकीय गर्मजोशी देखने को मिल रही है। अगर वोटिंग की बॉत करे तो वोटिंग में भी भारत के प्रति अन्य देशों का रूझान ठीक नही रहा।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की पाकिस्तान को अध्यक्षता मिलना जहां कोई आश्चर्यजनक बात नहीं है, क्योंकि यह अस्थाई होती है और इसकी मीयाद सिर्फएक महीने ही होती है, भारत में कई लोगों को इससे निराशा हुई है। वैसे तो संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता मोटे तौर पर प्रतीकात्मक ही होती है और इसका कोई खास असर नहीं होता है। पाकिस्तान के यूएनएसी के अध्यक्ष बनने से भारत को तकनीकी रूप से किसी तरह की चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है, क्योंकि अध्यक्ष देश कोई फैसला अकेले नहीं ले सकता।मगर हां, राजनीतिक और कूटनीतिक रूप से वो कई गड़बड़ियां कर सकता है। जिसका उदाहरण सामने आ भी चुका है क्योंकि यूएनएससी में पाकिस्तान के राजदूत असीम इफ्तिखार अहमद ने कश्मीर मामले पर चर्चा भी शुरू कर दी, जबकि सबको पता है कि ये भारत और पाकिस्तान के बीच का मसला है। पाकिस्तान के पास एजेंडा कंट्रोल करने की पावर है। वो तय कर सकता है कि किस मुद्दे पर ज्यादा चर्चा हो और किस पर नहीं। ऐसे में भारत को उसकी एक माह की अध्यक्षता पर नजर रखनी होगी। वैश्विक राजनीति में जहां कूटनीतिक स्तर पर भारत अलग-थलग पड़ता नजर आ रहा है, वहीं इस मोर्चे पर पाकिस्तान की अहमियत बढ़ती नजर आ रही है। ऑपरेशन सिंदूर और उसके बाद भारतीय प्रतिनिधियों के कूटनीतिक विश्व भ्रमण के दौरान तमाम देशों को यह समझाने के बावजूद कि पाकिस्तान आतंक का केंद्र और आतंकवादियों की शरणस्थली बना हुआ है, पाकिस्तान के चीन, रूस और अमेरिका के साथ रिश्तों में हाल के महीनों के दौरान नाटकीय गर्मजोशी देखने को मिल रही है। अगर वोटिंग की बॉत करे तो वोटिंग में भी भारत के प्रति अन्य देशों का रूझान ठीक नही रहा।

बहरहाल ये भी हो सकता है कि अध्यक्ष बनने के बाद पाकिस्तान चाहे तो खुद को पीड़ित बता सकता है। इसके साथ ही वह सिंधु जल संधि पर भी अपना दुखड़ा रो सकता है कि भारत ने पानी बंद कर दिया है और जैसा कि ये दुनिया का बड़ा मंच है और उसे मौका मिला है तो वो अपना दुखड़ा पूरी दुनिया को पूरी ताकत से सुना सकता है। ऐसा भी हो सकता है कि वो ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भी उल्टे सीधे बयान दे लेकिन इससे भारत को कोई खास फर्क नहीं पड़ेगा। आतंकियों का पनाहगार और दुनिया के हर मंच पर कश्मीर का राग अलापने वाला पाकिस्तान एक जुलाई से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का अध्यक्ष बनाया गया है और एक महीने तक अध्यक्ष के तौर पर काम करेगा। पाकिस्तान इसी साल जनवरी में दो साल के लिए अस्थायी सदस्य चुना गया था, जिसे वोटिंग के दौरान 193 में से 182 वोट मिले थे। अब नए नवेले सदस्य बने पाकिस्तान को एक जुलाई से 31 जुलाई तक अध्यक्ष पद की भूमिका निभानी है और अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठने के बाद उसके पास कई पॉवर्स होंगे। जैसे पाकिस्तान सुरक्षा परिषद की सभी औपचारिक और अनौपचारिक बैठकों की अध्यक्षता करेगा। परिषद के एजेंडे को तय करने और प्राथमिकताओं को तय करने में खास भूमिका निभाएगा। अध्यक्ष परिषद की ओर से प्रेस स्टेटमेंट और सार्वजनिक घोषणाएं जारी करेगा और परिषद के सदस्यों के बीच संवाद और समन्वय तय करेगा, जिससे परिषद की कार्यवाही सुचारू रूप से चले। इसके साथ ही अगर अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को तत्काल खतरा हो, तो अध्यक्ष देश आपातकालीन बैठक बुला सकता है। इसके साथ ही अध्यक्ष देश को परिषद की बैठकों की कार्यवाही को कंट्रोल करने, वक्ताओं को बुलाने और चर्चा को दिशा देने की शक्ति होती है। हालांकि संभावना तो नहीं है, लेकिन इस एक महीने की अध्यक्षता के दौरान पाकिस्तान कुछ खुराफात कर सकता है। भारत में इस बात को लेकर चिंता है, जो सही भी है कि पाकिस्तान इस मौके का फायदा कश्मीर मुद्दे का अंतरराष्ट्रीयकरण करने के लिए न कर ले और वैश्विक दक्षिण के नेता के रूप में भारत की स्थिति को कोई नुकसान न हो। ध्यान रहे कि ईरान, तुर्की और इस्लामिक देशों के संगठन-ओआईसी जैसे मध्यपूर्व के देशों के साथ भारत के रिश्ते कोई खास अच्छे नहीं हैं और आने वाले दिनों में इनमें कुछ और तनाव जैसी स्थितियां बन सकती हैं। वैसे भी जिसपर आतंकियों को पालने-पोसने और अलग-अलग देशों में अस्थिरता फैलाने की कोशिश जैसे गंभीर आरोप लगते हैं, बावजूद इसके वह इतना जिम्मेदार पद कैसे पा गया ? पहलगाम में हमला हुआ। बाकी देशों ने पाकिस्तान का साथ दिया। लेकिन भारत का साथ किस देश ने दिया ? हमारे पड़ोसी देश भी साथ देने नहीं आए। यूपीए सरकार के समय पड़ोसी देशों से अच्छे संबंध थे। श्रीलंका, बांग्लादेश, नेपाल से अच्छे संबंध थे। तब वे सहयोग करते थे। लेकिन पहलगाम हमले के समय कोई समर्थन करने नहीं आया। इन प्रश्नों और अपनी विदेश नीति पर मोदी सरकार को विचार अवश्य करना चाहिए।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

हर एक चिराग

हर एक चिराग का मुक़ाम होता है हर दौर में आसूँ जुबान होता है गम में डूबे मेरी इस तन्हाई से मुझसे आज सब बदगुमां होता है भूलना चाहा जिसको अब तल्क बुझते चराग में अब धुआं होता है लब्ज़ मौन है आंखों में देखिये सदियों से अनबुझी दास्तां होता है सिसकते मन ने ली अंगड़ाई कोई किसी का रहनुमां होता है - **प्रीति श्रीवास्तव**

मन की कलाकृतियों

मन की कलाकृतियों से बने शब्दों का अर्थपूर्ण समायोजन क्या वरण करेगा, मेरे उन सुन्दर भावों को जिसे मैंने समय की कोमल टहनियों में अभी ही कुरेदा है ,या फिर तिरिस्कृत होगा उस समाज में जहाँ ढोंग सुन्दर अक्षरों में सुलेख की तरह पठनीय होतें हैं क्या अब कष्ट के कोख से मेरे किसी नेह का जन्म होगा क्या मेरे नेत्रो में टिके दो बूँद जल धरती के सौंधी सुगंध में जा सन जायेंगें - **नीरज वर्मा नीर**

जिन पौधों को

जिन पौधों को खून दिया जिगर का सींच रहे थे हम से मुकाबिल थे मुठ्ठिया भींच रहे थे जीने की तमन्ना तो कबकी मर चुकी है और हम फ़र्ज़ की राह में फ़क़त ज़िन्दगी को खींच रहे थे। - **मित्र ग़ाज़ियाबादी**

फ़लक़ ने अपने घर रक्ख

फ़लक़ ने अपने घर रक्खा हुआ है के दिल में इक क़मर रक्खा हुआ हैबची इंसानियत है अब भी जग में बदन पे अब भी सर रक्खा हुआ है मेरे रब इस जहां में कैसे अब भी दुआओं में असर रक्खा हुआ है कहाँ पर काम लाओगे उसे तुम बचाकर जो जिगर रक्खा हुआ है इबादत से उठा मैं ही हूँ केवल अभी सज्दे में सर रक्खा हुआ है यूँ सीमित कर लिया है मैंने खुद को के खुद तक का सफ़र रक्खा हुआ है भटकती अब नहीं नज़रें, इन्होंने सभी कुछ देखकर रक्खा हुआ है बहुत तूफ़ां सहे हैं 'पुष्प' ने पर अभी भी डाल पर रक्खा हुआ है। - **पुष्प सैनी 'पुष्प'**

सुनो ना, मुलाक़ातों का सिलसिल

सुनो ना, मुलाक़ातों का सिलसिला रहे ना रहे पर तेरे मेरे दरमियाँ जो बात है, वो हवा में महकती रहे हर घड़ी। नज़रों की जुबान को लफ्ज़ों की दरकार नहीं, दिल की सच्चाई को इज़हार की दरकार नहीं, ये जो रिश्ता है – नर्म, मगर सच्चा, इसे कोई वक़्त, कोई दूरी तोड़ न सके। प्यार की ये रौशनी, बुझने न देना, यादों की इस चाँदनी को धुंधला न करना,मुलाक़ातें हों या ना हों हर दिन,पर प्यार का ये सिलसिला कभी कम ना करना। - **रश्मि अभय**

मंचों पर कविता को ,संजय

मंचों पर कविता को ,संजय सुनाने हेतु रोज रोज कवियों को ,फोन मैं लगाता हूँ, कवियों को टीवी पर, पढ़ते मैं देखूँ जब पढ़ने का खुद भी जुगाड़ मैं भिड़ाता हूँ । गीत छन्द गज़लों का, मुझको पता नहीं है फिल्मों की पैरोडी ही ,धुन मैं सुनाता हूं कविता में कभी कोई ,कमी नहीं होने पाए इसलिए दूसरों से , ही मैं लिखवाता हूँ। - **संजय कुमार गिरि**

खामोशियों में भी एक आगाज हुआ

खामोशियों में भी एक आगाज हुआ करती है। कैद बुलबुल की आरजू ए परवाज हुआ करती है।।हर कोई ताजमहल निर्माण नहीं करा सकता मगर। हर एक दिल में एक मुमताज हुआ करती हैं।। - **गौरी पटले**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेषः आज का दिन आपके लिए खुशखबरी लेकर आने वाला है। आपके मन में किसी काम को लेकर यदि संशय हो, तो आप उस काम में बिल्कुल आगे ना बढ़ें।

वृषः आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आप अपने शारीरिक समस्याओं को नजरंदाज कर सकते हैं। आप किसी काम को दूसरे के भरोसे ना छोड़ें, नहीं तो वह लटक सकता है।

मिथुनः आज का दिन विद्यार्थियों के लिए बढ़िया रहने वाला है, मनचाहे कोर्स में दाखिला मिल सकता है।

कर्कः आज का दिन आपके लिए किसी नए काम की शुरुआत करने के लिए अच्छा रहेगा। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के मान सम्मान में वृद्धि होने से खुशी होगी।

सिंहः आज का दिन आपके लिए किसी नई नौकरी की प्राप्ति के लिए रहेगा। आप अपनी वाणी पर संयम रखें, नहीं तो आपको बाद में पछतावा हो सकता है।

कन्याः आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आप अपने आवश्यक कामों को समय से निपटाने की कोशिश करें, नहीं तो पिताजी से आपको डांट खानी पड़ सकती है।

तुलाः आज आपको अपने कामों को लेकर योजना बनाकर चलना होगा। आपके आस-पड़ोस में किसी से कोई बात को लेकर बहसबाजी होने की संभावना है। आपको अपने सहयोगियों से मन की बात कहने का मौका मिलेगा।

वृश्चिकः आज का दिन आपके लिए स्वास्थ्य के लिहाज से कमजोर रहने वाला है। आपकी कोई पुरानी समस्या उभर सकती है और आप काम पर ज्यादा ध्यान देंगे, जिस कारण आप आराम के लिए समय कम निकालेंगे।

धनुः आज का दिन आपके लिए समस्याएं लेकर आने वाला है। आप अपने बिजनेस की समस्याओं को लेकर परेशान रहेंगे और आपके मन में भी टेंशन भरपूर रहेगी, लेकिन आप बेवजह क्रोध करने की आदत के कारण समस्या में आ सकते हैं।

मकरः आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपका एक साथ कई काम हाथ लगने से व्याकाग्रता बढ़ सकती है, लेकिन आप अपने खर्चों को थोड़ा कंट्रोल करने की कोशिश करेंगे।

कुंभः आज का दिन राजनीति में कार्यरत लोगों के लिए अच्छा रहने वाले हैं, क्योंकि उनके कामों से उन्हें एक नई पहचान मिलेगी। आपको वाहनों का प्रयोग थोड़ा ध्यान रहकर करना होगा।

मीनः आज का दिन आपके लिए थोड़ा सावधान रहने के लिए रहेगा, क्योंकि कार्यक्षेत्र में आपके विरोधी आपके खिलाफकोई षड्यंत्र रच सकते हैं।

QUIZ TIME

1) विश्व कपास दिवस किस दिन मनाया जाता है?

2) अर्धचंद्र की रात में, जब पृथ्वी से मापा जाता है, तो चंद्रमा और सूर्य के बीच कोण कितना होता है?

3) प्रथम विश्वयुद्ध के समय दी डिक्टेटरशिप ऑफ़प्रोलेटरेट की स्थापना कहाँ हुई थी?

4) मुंबई से तूतीकोरिन तक स्वायत्त सतह पोत द्वारा पूरी की गई यात्रा का नाम क्या था?

5) अगस्त्यमलाई बैम्बूटेल, जो समाचारों में देखा गया था, किस प्रजाति से संबंधित है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) 7 अक्टूबर (2) 90° (3) रूस (4) सागरमाला (5) [illegible]

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य - 101

भाजपा ने जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित की

कुरूद/नवप्रदेश। भाजपा कुरूद नगर की ओर से जनसंघ (पार्टी) के संस्थापक डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। 6 जुलाई डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती अवसर पर सम्मिलित होकर भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौक मे नगर पंचायत कुरूद द्वारा स्थापित डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी विशाल प्रतिमा में माल्यार्पण कर पुजा अर्चना किया गया । इस अवसर पर समस्त पार्टीजनो का अभिनंदन स्वरूप आभार व्यक्त किया गया !

इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत साहु, विधायक प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर, भाजपा नेतागण भोजराज चन्द्राकर, प्रभात बैस, हरिनारायण साहु, हरिशंकर सोनवानी, मोहन अग्रवाल, हरिशंकर साहु, विकास चन्द्राकर, रवि मानिकपुरी, गोरख देवांगन, सुनील चन्द्राकर, महेश सिन्हा, कमलेश चन्द्राकर, सुरज देवांगन, बल्लू चन्द्राकर, बजरंगी, विकास, डेविड देवांगन सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्तागण सम्मिलित हुए !

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर कार्यकर्ताओं ने लिया सेवा का संकल्प

गरियाबंद/नवप्रदेश। भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती रविवार को जिला भाजपा कार्यालय में गरियाबंद एवं बिंद्रानवागढ़ मंडल के संयुक्त तत्वावधान में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के आदर्शों को आत्मसात करने और उनके पदचिन्हों पर चलकर राष्ट्र सेवा का संकल्प लिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर थे। उन्होंने डॉ. मुखर्जी के राष्ट्रहित में दिए गए योगदान को याद करते हुए कहा कि डॉ मुखर्जी का सम्पूर्ण जीवन राष्ट्र सेवा को समर्पित रहा। आज भारतीय जनता पार्टी की सरकार भी उनके दिखाए मार्ग पर चलकर जनकल्याण और राष्ट्र निर्माण के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि बीते 11 वर्षों में केंद्र सरकार ने गरीब कल्याण को प्राथमिकता दी है और विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने की दिशा में देश निरंतर आगे बढ़ रहा है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं के लंबे समय तक संघर्ष किया, उससे आज परिस्थितियां पूरी तरह बदल चुकी हैं। कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव ने डॉ. मुखर्जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनमें देशभक्ति का भाव बचपन से ही था। वे राष्ट्र के लिए सोचने वाले और निस्वार्थ भाव से कार्य करने वाले महान व्यक्तित्व थे। उन्होंने डॉ. मुखर्जी के जीवन से जुड़े अहम पहलुओं को रेखांकित करते हुए कहा कि जनसंघ की स्थापना से लेकर अंतिम सांस तक डॉ. मुखर्जी ने देश की एकता, अखंडता और आत्मसम्मान के लिए संघर्ष किया। युवाओं से उनके विचारों को आत्मसात करने की जरूरत है। कार्यक्रम में जिला मंत्री श्रीमती मिलेश्वरी साहू, प्रशांत मानिकपुरी, द्वय मंडल अध्यक्ष सुमित पारख, बिंद्रानवागढ़ धनराज विश्वकर्मा ने भी अपने विचार रखते हुए डॉक्टर मुखर्जी के आदर्शों को आत्मसात करने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री परसराम देवांगन ने किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम में बलदेव सिंह हुंदल, घनश्याम सिन्हा, अनूप भोसले, राधेश्याम सोनवानी, सागर मयाणी, नरोत्तम साहू, रेणुका साहू, बिंदु सिन्हा, तनु साहू, टीकम साहू, वीरेंद्र साहू, वंश गोपाल सिन्हा, प्रकाश यादव, गोविंद तिवारी, खेम सिंह बघेल, प्रियंका सोनी, इतवारी देवांगन, प्रकाश सोनी, प्रतीक सिंह, सरोजनी रात्रे, विनोद नेताम, जगमोहन शर्मा, तरुण ठाकुर, सरला उइके, अर्चना उपाध्याय, मंजरी गुप्ता सहित वरिष्ठ कार्यकर्ता व बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

भगवान जगन्नाथ महाप्रभु की निकाली बाहुड़ा यात्रा

महासमुंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ करण महंती समाज, माँ तारिणी महिला मंच तथा युवा मंच के तत्वावधान में आज शाम 5 बजे बाजे-गाजे के साथ भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र तथा बहन सुभद्रा की बाहुड़ा यात्रा (वापसी रथयात्रा) सुभाष नगर स्थित जगन्नाथ भवन से निकाली गई। यात्रा गंजपारा, स्वामी चौक, नेहरू चौक, महामाया मंदिर होते हुए गाँधी चौक स्थित श्रीराम जानकी मंदिर पहुँची। जहां भगवान के विग्रहों को वापस मंदिर में स्थापित किया गया। अब से 4 माह के लिए भगवान योग निद्रा में चले जाएंगे।

अकलवारा स्कूल का 'फेल गेम'- छात्रों के आंसू बने आंदोलन की आग, प्रिंसिपल पद से हटाए गए

छुरा/नवप्रदेश। गरियाबंद जिले के छुरा ब्लॉक स्थित अकलवारा हाई स्कूल में शनिवार को हंगामा मच गया, जब कक्षा 11वीं के परीक्षा परिणाम में भारी गड़बड़ी का मामला सामने आया। ग्रामीणों और पालकों का आरोप है कि स्कूल प्रिंसिपल जे.पी. वर्मा ने मनमानी कर पास हुए बच्चों को भी जानबूझकर फेल कर दिया।

'फेल कर दंेगे' का डर – मेहनत पर पानी फेर दिया गया

कई छात्रों ने बताया कि उन्होंने पूरे साल मेहनत की थी और उत्तरपुस्तिकाओं में अच्छे अंक थे, लेकिन परिणाम में फेल कर दिया गया। इससे बच्चों का मनोबल टूट गया और कई छात्र रोते हुए नजर आए। पालकों ने कहा -हम बच्चों को पढ़ने भेजते हैं, लेकिन यहां उनके भविष्य से खेला जा रहा था।

प्रशासन मौके पर, तत्काल निर्णय

घटना की जानकारी मिलते ही छुरा

तहसीलदार और खंड शिक्षा अधिकारी (क्ष्ब्ह) मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों की शिकायतें सुनीं और तुरंत प्रभाव से प्रिंसिपल जे.पी. वर्मा को पद से हटा दिया। अब तक 'स्कूल का राजा' समझे जाने वाले प्रिंसिपल को जब प्रशासन ने हटाया, तो ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

नया प्रभारी प्रिंसिपल नियुक्त

प्रशासन ने निर्णय लिया कि सुरेश कुमार वर्मा को प्रभारी प्रिंसिपल बनाया जाएगा। इस निर्णय के बाद स्कूल गेट का ताला खोला गया और पढ़ाई पुनः शुरू हो सकी।

सिर्फ हटाना काफी नहीं' - पालकों की चेतावनी : हालांकि, पालकों और ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि ङ्क ÷अगर उच्च स्तरीय जांच कर सख्त कार्यवाही नहीं की गई, तो आंदोलन और उग्र होगा। बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

स्कूल में तनाव का माहौल : घटना के बाद स्कूल में भय और तनाव का माहौल है। शिक्षक भी इस बात को लेकर चिंतित हैं कि परीक्षा परिणाम में हुई गड़बड़ी ने स्कूल की छवि को गहरा नुकसान पहुंचाया है।

बीईओ किशुन मतावले का

गांव का गुस्सा फूटा स्कूल गेट पर ताला

शनिवार सुबह आक्रोशित पालकों और ग्रामीणों ने स्कूल पहुंचकर गेट में ताला जड़ दिया। भीतर शिक्षक और छात्र थे, बाहर लोग प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे - स्कूल में अन्याय नहीं चलेगा, प्रिंसिपल को हटाओ।

बयान : खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा ङ्क ÷परीक्षा परिणाम की जांच कराई जाएगी। बच्चों के भविष्य से कोई समझौता नहीं होगा। दोषी पाए जाने पर आगे भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

निष्कर्ष

अकलवारा स्कूल का यह मामला सिर्फ एक गांव का नहीं, बल्कि पूरे शिक्षा तंत्र पर सवालिया निशान है।

क्या बच्चों के भविष्य से यूं ही खेल होता रहेगा? या प्रशासन उदाहरण पेश कर ऐसी मनमानी पर हमेशा के लिए लगाम लगाएगा?

राष्ट्रीय रग्बी चैंपियनशिप में शामिल होंगी जिले की चांदनी यादव

महासमुंद/नवप्रदेश। राष्ट्रीय रग्बी सेवन्स चैंपियनशिप देहरादून उत्तराखंड में 08 से 13 जुलाई तक आयोजित है। जिसमें छत्तीसगढ़ की बालक व बालिका टीम शामिल होंगी। महासमुंद जिले से चांदनी यादव का चयन छत्तीसगढ़ की टीम में हुआ है।

चांदनी यादव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलसोंडा की कक्षा 10वीं की छात्रा हैं, जो रग्बी खेल का अभ्यास व्यायाम शिक्षक इंद्राणी भास्कर के नेतृत्व में विद्यालय परिसर एवं मिनी स्टेडियम बेलसोंडा में करती हैं। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलसोंडा में रग्बी खेल सामग्री प्रदाय की गई है। चांदनी का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता बिलासपुर में 22 जून को आयोजित किया गया था। जिसमें बेहतर प्रदर्शन करने के आधार पर चयन किया गया है। चांदनी के चयन पर खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण डॉ. अयाज अहमद खान, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, सहायक क्रीड़ा अधिकारी अंजलि बरमाल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी हिना ढालेन, प्राचार्य शोभा सिंहदेव, व्यायाम शिक्षक बेलसोंडा इंद्राणी भास्कर, समस्त बेलसोंडा स्टॉफ हेमलता ठाकुर, राजकुमारी पटेल, जगदीश सिन्हा, रुक्मणि साहू, हेमराज साहू, अश्वनी शर्मा व डॉ. सुनील कुमार भोई ने हर्ष जताया है।

पार्षद ने आंगनबाड़ी में मनाया गया सुपोषण चौपाल

महासमुंद/नवप्रदेश। शहर के वार्ड नंबर 26 पंचशील नगर क्लब पारा के आंगनबाड़ी केंद्र में सुपोषण चौपाल के अंतर्गत प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस मौके पर वार्ड में मुख्य अतिथि पार्षद पीयूष अमृत साहू तथा भाजपा शहर मंडल आईटी सेल के शरद राव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता किरत सोनी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को कुपोषण से बचाना और उन्हें स्वस्थ जीवन शैली के लिए प्रेरित करना है। पार्षद साहू ने प्रवेश लेने वाले बच्चों की आरती कर और खीर खिलाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में शकुंतला साहू, राधिका साहू, उषा मरावी, फुलेश्वरी साहू, मनीषा थानेकर, निकिता गोस्वामी, ऐमिन सिन्हा, पायल आदि मौजूद रहे।

साहित्यिक एवं शैक्षिक पत्रिका का विमोचन

महासमुंद/नवप्रदेश। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) में साहित्यिक एवं शैक्षिक पत्रिका का विमोचन निवृत्तमान प्राचार्य मीना पाणिग्राही के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर पाणिग्राही ने कहा कि शैक्षिक पत्रिका बुनियाद डाइट की कार्यकुशलता एवं जिला के शैक्षिक गतिविधियों का दर्पण है। उन्होंने कहा कि पत्रिका में जिले के उत्कृष्ट विद्यालयों, नवाचार एवं डाइट के गतविधियों का उल्लेख से नई रोशनी का संचार होगा। वरिष्ठ व्याख्याता उमादेवी शर्मा, राजेश चंद्राकर, संतोष कुमार साहू ने कहा कि शैक्षिक पत्रिका के प्रकाशन से एवं रचनाओं को स्थान मिलने पर छात्राध्यापकों में हर्ष व्याप्त है। उक्त जानकारी ईश्वर चंद्राकर ने दी है।

विवेकानंद यूथ सर्किल ने सायकल यात्रा निकाल किया वृक्षारोपण

कुरूद/नवप्रदेश। प्रकृति वंदन सायकल यात्रा विवेकानंद यूथ सर्किल एवं पर्यावरण संरक्षण एक्टिविटी धमतरी द्वारा निकाली गई। जिसका सांधा चौक एवं भाजपा कार्यालय के पास स्वागत किया गया। प्रकृति वंदन सायकल यात्रा मेंविवेकानंद यूथ सर्किल ने बताया कि हम सभी इस बात से अवगत है , कि वर्तमान में पर्यावरणीय समस्याएं सुरसा के मुख की तरह बढ़ती जा रही है । वर्तमान में हमारे जिले में मुख्य रूप से जल स्तर का लगातार गिरना प्रमुख समस्या रही है। जो आने वाले समय में विकराल रूप धारण कर सकता है इसके साथ ही साथ पॉलिथीन का अधिक प्रयोग, प्रदूषण की समस्या एवं ग्लोबल वार्मिंग के साथ अन्य प्रकार की समस्या हमको घेर रही है। यदि समय रहते इन समस्याओं पर जनता विचार ना करे तो आने वाला समय हम सभी पर भारी पड़ सकता है। इन समस्याओं से अवगत कराने एवं पर्यावरण के प्रति लोगों में जागरूकता लाने की दृष्टि से विवेकानंद यूथ सर्किल एवं पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के माध्यम से प्रकृति वंदन सायकल यात्रा का कार्यक्रम रखा गया है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत कॉलेज छात्रों युवाओं के द्वारा सायकल यात्रा कर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

यात्रा का उद्देश्य। लोगो को पेड़ लगाने एवं उनके संरक्षण के प्रति प्रेरित करना ।जल संरक्षण हेतु वाटर हार्वेस्टिंग के लिए प्रेरित करना ।प्लास्टिक एवं पॉलीथीन से पर्यावरण को बचाने हेतु कम उपयोग के लिए प्रेरित करना। ऊर्जा संरक्षण के लिए बिजली उपकरणों का उचित एवं संयमित उपयोग हेतु प्रेरित करना, कचरे एवं अपशिष्ट प्रदार्थों के पून:चक्रण के लिए प्रेरित करना।सभी जीव जन्तुओं के संरक्षण हेतु प्रेरित करना ।

पत्नी पर हंसिए से हमला, गंभीर हालत में रायपुर रेफर

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। नवापारा में एक नवविवाहिता पर उसके पति ने धारदार हथियार से हमला किया है। इस अपराध में आरोपी की मां और पिता ने भी उसका साथ दिया। खून से लथपथ नवविवाहिता को इलाज के लिए नवापारा सीएचसी लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे रायपुर रेफर कर दिया गया। घटना गोबरा नवापारा थाना क्षेत्र की है।

जानकारी के मुताबिक नवापारा क्षेत्र के ग्राम पटेवा निवासी मुकेश्वरी ने तर्री निवासी पिंटू उर्फ सौरभ देवांगन से प्रेम विवाह किया था। कुछ दिन साथ रहने के बाद दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। पिंटू मुकेश्वरी के साथ मारपीट करने लगा। जिसके बाद मुकेश्वरी ने पुलिस से शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के बाद पुलिस ने पिंटू को बुलाकर समझाइश देकर घर भेज दिया। समझौता के बाद भी पिंटू मुकेश्वरी पर बेबुनियाद आरोप लगाकर उसे परेशान और मारपीट करने लगा।

पीड़िता मुकेश्वरी के अनुसार उसका पति पिंटू, सास गिरजा देवांगन और ससुर ईश्वरी देवांगन उसे लगातार परेशान और मारपीट करते थे। बताया जा रहा है कि शुक्रवार को भी उसका पति पिंटू पैसों की मांग करते हुए मारपीट करने लगा। उसके सास-सुसर भी बेटे पिंटू का साथ देते हुए मारपीट करने लगे। इसके बाद पति पिंटू ने मुकेश्वरी पर हंसिए से हमला कर दिया। खून से लथपथ मुकेश्वरी ने घटना की जानकारी अपने पिता को दी इसके बाद उसे गंभीर हालत में नवापारा

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे रायपुर रेफर कर दिया गया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पीड़िता का बयान दर्ज किया। मामले में पुलिस ने आरोपी पिंटू उसकी मां गिरजा देवांगन और पति ईश्वरी देवांगन के खिलाफ के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच कर रही है।

नवापारा सीएचसी प्रभारी डॉ. तेजेंद्र साहू ने बताया कि महिला को बीती रात गंभीर हालत में लाया गया था। उसके दाहिने कान के नीचे धारदार हथियार से हमले के निशान थे। प्राथमिक उपचार के बाद महिला को रायपुर रेफर कर दिया गया है।

कोटेश्वर महादेव मंदिर कोटाभर्ती, डोगरडुला में सावन की तैयारी जोरों पर

नगरी/नवप्रदेश। सावन माह के पावन अवसर पर कोटेश्वर महादेव मंदिर, कोटाभर्ती (डोगरडुला) में भक्तों के लिए विशेष तैयारियाँ प्रारंभ कर दी गई हैं। समिति के अध्यक्ष मुकेश बघेल के नेतृत्व में मंदिर परिसर की सफाई, साज-सज्जा एवं विशेष पूजन की रूपरेखा तैयार की गई है।

इस आयोजन के मार्गदर्शक सत्यनारायण बाबा संरक्षक मदन नाग जी हैं, जिनकी देखरेख में धार्मिक कार्यक्रमों की तैयारी सुचारु रूप से चल रही है। साथ ही, कोषाध्यक्ष तुकेश्वर साहू सचिव संतोष चौहान बैठक में पुलिस प्रमुख रूप से कुलदीप साहू हरक मंडावी अनराज साहू पेमेंट साहू पुसाऊ दुरू बिपत सोरी फुलेशवारी नेताम पुष्पा मंडावी प्रताप साहू महावीर गुप्ता भोला शर्मा मुरारी ग्वाल दुखवा धनी राम सोहन मरकाम के सहयोग से सभी व्यवस्थाओ का आर्थिक प्रबंधन सुनियोजित रूप से किया जा रहा है

सावन के हर सोमवार को भव्य शिव अभिषेक, रुद्राभिषेक, झांकी सजावट एवं भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण, जल सेवा तथा भक्तिमय वातावरण की संपूर्ण व्यवस्था की जा रही है।समिति ने क्षेत्रवासियों से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर पुण्य लाभ प्राप्त करें एवं श्रावण मास के पुण्य अवसर का लाभ उठाएँ।

वेडनर मेमोरियल स्कूल में छात्र संघ गठित

महासमुंद/नवप्रदेश। वेडनर मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में छात्र संघ का गठन किया गया। प्राचार्य रेव्ह. फादर देवानंद बाघ ने इन्हें अपने कर्तव्यों और दायित्वों का भली भांति निर्वाहन करने, सजगतापूर्वक हमेशा अनुशासन में रहकर कार्य करने की शपथ दिलाई। सर्वप्रथम शाला नायक व उपशाला नायिका का चयन किया गया। शाला नायक श्रेयल चंद्राकर, शाला नायिका कोमल चंद्राकर, उपशाला नायक शौर्य शर्मा, उप नायिका आर्या सोनी को पदाधिकारी बनने का गौरव प्राप्त हुआ। किसी भी क्षेत्र में अनुशासन के साथ-साथ योग्य नेतृत्वकर्ता का होना अति आवश्यक है। खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को सुचारू रूप से चलाने के लिए भावेश चंद्राकर व मान्या बघेल को खेल प्रभारी एवं सांस्कृतिक प्रभारी श्रुति चंद्राकर एवं पार्थ साहू चयनित किए गए। अनुशासन प्रभारी मनीष खुंटे, रौनक कृष्णानी, वत्सल डड़सेना, आहना महानंद, प्रीति कोसले, ख्याति यदु, ट्रैफिक वार्डन में आदित्य सरवैया, गौरव चंद्राकर, डालेश पटेल, सौम्या साहू, मंशा साहू व जय लक्ष्मी साहू चुने गए। इसी क्रम में छात्र-छात्राओं ने हाऊस कप्तान व उपकप्तान का भी चयन किया। जिसमें ब्लू हाऊस कप्तान राजवीर बजाज, भव्य चंद्राकर, प्रेरणा सिन्हा, परिधि सूचक, उप कप्तान पार्थ चंद्राकर, होमी यादव ग्रीन हाऊस कप्तान प्रतीक इसरानी, गौरव चौधरी, मौली यादव, काजल कुमारी उप कप्तान जयेश चंद्राकर, पारुल महानंद रेड हाऊस कप्तान धैर्य देवांगन, रौनक चंद्राकर, आकृति चंद्राकर, गुरबानी कौर, उप कप्तान मानस वैद्य, रिद्धिमा साहू, यलो हाऊस कप्तान देवेंद्र साहू, श्रेयांश चंद्राकर, प्राची गुप्ता, सभ्या पाटिल, उप कप्तान मोहम्मद सैफ अली, स्नेहा सिंहा चयनित किए गए। हाउस मास्टर एवं हाउस मिस्ट्रेस भी चुने गए। पदाधिकारियों के चयन पर शाला के मैनेजर एवं प्राचार्य सहित समस्त शिक्षकों ने हर्ष जताया। मंच का संचालन सांस्कृतिक प्रभारी प्रदीप्ति चांडक एवं खेल प्रभारी छन्नू लाल साहू ने किया।

जगन्नाथ भगवान | भगवान बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ रथ पर सवार होकर बहुड़ा यात्रा पर निकले, तो पूरा शहर हरि नाम के उद्घोष से गूंज उठा

मौसीबाड़ी से निजधाम लौटे जगत के नाथ: भक्तिभाव से सजी बहुड़ा यात्रा, गूंजे जयकारे

गरियाबंद/नवप्रदेश। श्रावण मास की पावन बेला में आज गरियाबंद भक्तिमय हो उठा, जब जगत के पालनहार भगवान श्रीजगन्नाथ अपनी मौसी के घर से अपने निजधाम श्रीमंदिर की ओर लौटे। नौ दिवसीय विश्राम के बाद भगवान बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ जब वे रथ पर सवार होकर बहुड़ा यात्रा पर निकले, तो पूरा शहर हरि नाम के उद्घोष से गूंज उठा।

गरियाबंद में दोपहर 3 बजे जैसे ही यात्रा आरंभ हुई, श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। जय जगन्नाथ के नारों के बीच ढोल-नगाड़ों की थाप पर भक्तों की टोलियाँ झूम उठीं। रथ मार्ग को भव्य रूप से सजाया गया था, जगह-जगह पुष्पवर्षा की गई और शुद्ध जल से रथों का

अभिषेक हुआ। श्री जगन्नाथ परिवार युवा बल समिति के सदस्यों ने बताया कि यह आयोजन केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि श्रद्धा और आस्था का जीवंत प्रमाण है। समिति हर वर्ष इस उत्सव को और दिव्य रूप देने का संकल्प लेती है। भगवान की कृपा से यह आयोजन पूरी भक्ति और समर्पण भाव से सम्पन्न हुआ।

छत्तीसगढ़ के अन्य हिस्सों में भी बहुड़ा यात्रा की झलक देखने को मिली। सुबह से मंदिरों में भजन-कीर्तन, आरती और विशेष पूजा-पाठ का आयोजन हुआ। रथ गर्भगृह में पहुंचने के बाद भगवान श्रीजगन्नाथ योगनिद्रा में प्रवेश करेंगे।धार्मिक मान्यता के अनुसार, जब भगवान जगन्नाथ चीर निद्रा में चले जाते हैं, तब पांच महीने तक सभी मांगलिक कार्यों पर विराम लग जाता है। यह काल देवशयन एकादशी से देवउठनी एकादशी तक का माना जाता है। जब प्रभु की नींद टूटती है, तभी से शुभ कार्यों जैसे तुलसी विवाह, शालिग्राम विवाह, विवाह आदि पुनः आरंभ होते हैं। तीनों रथों – भगवान बलभद्र का तालध्वज, देवी सुभद्रा का दर्पदलन, और भगवान जगन्नाथ का नंदीघोष – आज दक्षिण दिशा की ओर मुड़कर श्रीमंदिर की ओर प्रस्थान कर चुके हैं।रास्ते भर श्रद्धालुओं ने न केवल दर्शन किए, बल्कि भक्ति रस में सराबोर होकर कीर्तन, नृत्य और सेवा में भाग लिया। इस दिव्य आयोजन ने न केवल धार्मिक चेतना को जागृत किया, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक समृद्धि का संदेश भी दिया।

बहुड़ा यात्रा का धार्मिक महत्व

'बहुड़ा' ओड़िया भाषा का शब्द है, जिसका अर्थ होता है वापसी। यह यात्रा भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा का समापन करती है। जहां रथ यात्रा में भगवान मौसीबाड़ी (गुंडिचा मंदिर) की ओर जाते हैं, वहीं बहुड़ा यात्रा में वे अपने मूल निवास लौटते हैं।

मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष ने किया 72 करोड़ के विकास कार्यों का वर्चुअल लोकार्पण

■ विधायक भावना द्वारा संचालित महाविद्यालयीन छात्राओं हेतु 5 नि:शुल्क बसों का लोकार्पण, करोड़ो के विकास कार्यों की सौगात

■ आज का यह पल मेरे लिए एक सपना पूरा होने जैसा- भावना बोहरा

कवर्धा/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पंडरिया में नालंदा परिसर एवं ऑडिटोरियम, नवीन पालिका भवन एवं व्यावसायिक भवन निर्माण, बिसेसरा नाला से हरिनाला तक सड़क चौड़ीकरण, कुण्डा में नवीन महाविद्यालय भवन एवं कुण्डा अस्पताल का विस्तार, रणवीरपुर को नवीन उपतहसील और बिरेन्द्र नगर में नवीन महाविद्यालय स्थापना की दी सौगात, 72 करोड़ 73 लाख अधिक के विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन। 6 जुलाई को पीएम श्री स्वामी आत्मानन्द शासकीय विद्यालय परिसर में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह एवं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पंडरिया विधानसभा के महाविद्यालयीन छात्राओं हेतु पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा संचालित 5 नि:शुल्क बसों का वर्चुअल लोकार्पण किया और 72 करोड़ 73 लाख 69 हजार के अधोसंरचना निर्माण एवं विभिन्न विकास कार्यों का भी लोकार्पण व भूमिपूजन किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में राजनांदगांव सांसद संतोष पाण्डेय एवं कबीरधाम जिला भाजपा अध्यक्ष राजेन्द्र चंद्रवंशी भी कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे।

ख़राब मौसम की वजह से मुख्यमंत्री के हेलिकॉप्टर उड़ान न भरने की वजह से कार्यक्रम को परिवर्तित कर वर्चुअल लोकार्पण किया गया। इतने ख़राब मौसम के बावजूद आयोजन स्थल में 15000 से अधिक लोगों का आगमन हुआ और सभा स्थल पूरी तरह से भर गया। बारिश होने के बावजूद क्षेत्र की जनता और कार्यकर्ताओं में उत्साह दिखाई दिया और लगातार उनका आगमन एवं कार्यक्रम में उपस्थिति जारी रही।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विधायक भावना बोहरा द्वारा जनता के लिए किए जा रहे जनसेवा के कार्यों एवं प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा जनता की आकाँक्षाओं को पूरा करते हुए अभूतपूर्व कार्य किये जा रहें हैं। एक जागरूक विधायक और समाज सेविका के रूप में वे अपने सभी दायित्वों का पूरे समर्पण भावना से निर्वहन कर रहीं हैं। आज उनके द्वारा बेटियों की शिक्षा के लिए 5 नि:शुल्क बस सेवा की शुरुआत करके एक मिसाल पेश की है कि एक जनप्रतिनिधि क्या कर सकता है। वे कई महिलाओं के लिए एक प्रेरणा हैं जो सामाजिक परिवर्तन से लेकर अपने क्षेत्र के विकास एवं जनता की सेवा में नि:स्वार्थ कार्य कर रही हैं।

पीएम मोदी के कुशल मार्गदर्शन में हमारी सरकार मोदी की गारंटी में किये गए अपने वादों को प्रतिबद्धता से पूरा कर रही है। महतारी वंदन योजना, किसानों को दो वर्ष का बकाया धान बोनस, 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी, तेंदुपत्ता संग्राहकों को प्रति मानक बोरा को बढ़ाकर 5500 रुपए की गई और चरण पादुका योजना पुनः शुरू की गई, भूमिहीन किसानों को आर्थिक सहयता जैसे अभूतपूर्व कार्यों से प्रदेश की तस्वीर बदल रही है और जनता के जीवन में खुशहाली आ रही है।

नक्सलवाद के समाप्ति के लिए गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में लगातार लाल आतंक पर प्रहार हो रहा है, नक्सली सरेंडर कर रहें हैं और पीएम जनमन योजना व नियद नेल्लानार योजना से आदिवासी क्षेत्रों का समुचित विकास सुनिश्चित हो रहा है। आज पंडरिया विधानसभा की जनता को भी करोड़ों के विकास कार्यों की सौगात डबल इंजन भाजपा सरकार में मिली है।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह ने वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि भावना बोहरा द्वारा आज महाविद्यालयीन छात्राओं के लिए जो कार्य किया है वह पंडरिया विधानसभा के लिए इतिहास रचने वाला है। भावना बोहरा द्वारा पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के विकास और जनता की सुविधाओं के लिए कड़ी मेहनत, तपस्या और समर्पण भाव से कार्य कर रही हैं। आज उनके द्वारा महाविद्यालय की छात्राओं के लिए नि:शुल्क बस सेवा की शुरुआत पूरे छत्तीसगढ़ में एक अनूठा कार्य है।

विधानसभा में भी जनता की आवाज बनकर वो मुखरता से क्षेत्र से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों और जनता के मुद्दों को विधानसभा पटल पर रखती हैं उनके इसी कार्यशैली और विधानसभा की कार्यवाही में सक्रीय सहभागिता के लिए उत्कृष्ट विधायक चुना गया। मैं पंडरिया विधानसभा की जनता का भी अभिनंदन करता हूँ कि उन्होंने कांग्रेस के कुशासन को समाप्त कर प्रदेश में भाजपा का सुशासन स्थापित किया। आज छत्तीसगढ़ में हो रहे सकारात्मक परिवर्तन, विकास कार्यों से हर गाँव तक योजनाओं का लाभ धरातल पर दिखाई दे रहा है।

राजनांदगांव सांसद संतोष ने कहा कि पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा किया गया यह प्रयास बेटियों की शिक्षा व सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण पहल है। आज बेटियां हर क्षेत्र में अपने हुनर व कौशल से हम सभी का मान-सम्मान बढ़ा रहीं हैं ऐसे में उन्हें शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने हेतु आवागमन की बेहतर सुविधा उन्हें अपने उज्ज्वल भविष्य की ओर आगे बढ़ने की प्रेरणा देगा। इस अवसर पर कवर्धा जिला भाजपा अध्यक्ष राजेन्द्र चंद्रवंशी ने आभार भाषण देते हुए मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, सभी अतिथियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यक्रम में उपस्थित जनता का आभार व्यक्त किया।

विधायक भावना बोहरा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज का यह पल मेरे लिए एक सपना पूरा होने जैसा है। पंडरिया विधानसभा की मेरी बहनें अच्छी शिक्षा ग्रहण कर सके इसके लिए जो भी संभव प्रयास होगा उसे करने के लिए मैं हमेशा प्रयास करती रहूंगी। हमने शिक्षा, स्वास्थ्य, सशक्तिकरण और विकास इन चार आधार स्तंभों और आप सभी की आकाँक्षाओं के अनुरूप पंडरिया विधानसभा को समृद्धशाली और विकासशील से विकसित पंडरिया की ओर अग्रसर करने के लिए कृत संकल्पित हैं। इसके पूर्व हमने महाविद्यालय से घर आने-जाने में हमारी बहनों को हो रही असुविधा को देखते हुए 3 नि:शुल्क बसों का संचालन शुरू किया और आज हमने अपने संकल्प को पूरा करते हुए 5 अतिरिक्त नि:शुल्क बसों का संचालन शुरू करने जा रहे हैं जिसका मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष ने आज वर्चुअल लोकार्पण किया है। यह बस उन सभी बहनों के लिए केवल एक आवागमन की सुविधा नहीं बल्कि यह उनके सपनों, उनके सशक्तिकरण और उज्ज्वल भविष्य की ओर आगे बढ़ने में एक सारथी की भूमिका निभाएगा। हमारा लक्ष्य है कि 1000 छात्राओं को हमारे इस प्रयास का लाभ मिले और वे उच्च शिक्षा ग्रहण करके अपने सपनों को पूरा करें।

न्यूज गैलरी

ऐतिहासिक होगी किसान जवान संविधान जनसभा : रूपेश दुबे

राजनांदगांव। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे का छत्तीसगढ़ में 7 जुलाई को आगमन हो रहा है। वे किसान जवान संविधान जनसभा को संबोधित करेंगे। जनसभा में शामिल होने राजनांदगांव, खैरागढ़, छुईखदान. गंडई, मोहला मानपुर जिले से बड़ी संख्या में कांग्रेसजन शामिल होंगे। प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता और किसान जवान संविधान जनसभा के प्रदेश मीडिया कमेटी के सदस्य रूपेश दुबे ने बताया कि छत्तीसगढ़ में किसान खाद बीज के संकट से जूझ रहे हैं। युवा वर्ग बेरोजगारी और सरकार के झूठे वादे से परेशान है। कानून व्यवस्था बदहाल है। संवैधानिक संस्था भाजपा राज में खतरे में है। खरगे की सभा में शामिल होने कांग्रेसजनो में उत्साह है। राजनांदगांव जिला कांग्रेस की तैयारी को अंतिम रूप देने विधानसभा प्रत्याशी गिरीश देवांगन ने जिला एवं शहर अध्यक्ष, पदाधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक मार्गदर्शन दिया। अपने अपने क्षेत्र से विधायकगण, कांग्रेस के सभी आनुशांगिक संगठन, ब्लॉक अध्यक्षगणों के नेतृत्व में कांग्रेसजनों, किसानों, जवानों का काफिला रवाना होगा।

16 प्रकरण में 39 के विरूद्ध कार्यवाही

राजनांदगांव। जिले में अपराधों की रोकथाम, अपराधियों पर नकेल कसने व सुरक्षा/शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिये पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को गुंडा बदमाश, निगरानी बदमाश, संदेही पर विशेष अभियान चलाकर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिया गया था। आज थाना कोतवाली पुलिस द्वारा 1 प्रकरण में 1 आरोपी, थाना बसंतपुर में 3 प्रकरण में 15 आरोपी, थाना लालबाग में 1 प्रकरण में 1 आरोपी, थाना डोंगरगांव में 4 प्रकरण में 10 आरोपी, ओपी चिखली में 3 प्रकरण 5 आरोपी, थाना डोंगरगढ़ में 4 प्रकरण 7 आरोपी। इस प्रकार कुल 16 प्रकरण में 39 आरोपियों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्यवाही की गई।

न्यू लुक बॉयोफ्यूल्स कंपनी के कोपेडीह जलाशय से अवैध पाइपलाइन बिछाने का ग्रामीणों ने किया विरोध

■ कांग्रेस नेताओं के नेतृत्व में जांच और एफआईआर की मांग

राजनांदगांव/नवप्रदेश। ग्राम फुलझर में न्यू लुक बायोफ्यूल्स कंपनी द्वारा कोपेडीह जलाशय से पाइपलाइन के जरिए अवैध जल आपूर्ति को लेकर शनिवार को कड़ा विरोध दर्ज किया गया। जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू और युवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार के नेतृत्व में टेड़ेसरा सहित आसपास के दर्जनों गांवों के सैकड़ों ग्रामीण विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए।

प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि कंपनी द्वारा अवैध तरीके से पाइपलाइन बिछाकर किसानों के हिस्से का पानी उद्योग को पहुंचाया जा रहा है, जिससे खेती प्रभावित होगी। ग्रामीणों ने चेतावनी देते हुए कहा कि दोषियों और कंपनी प्रबंधक के खिलाफ जल्द कार्रवाई न होने पर आंदोलन तेज किया जाएगा।

भागवत साहू ने कहा कि पाइपलाइन मामले में जनप्रतिनिधि और अधिकारी मिलीभगत से काम कर रहे हैं। भ्रष्टाचार में लिप्त जनप्रतिनिधियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई होनी चाहिये। प्रशासन को कई बार ज्ञापन देने के बावजूद अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

जितेन्द्र मुदलियार ने कहा कि वायरल ऑडियो में भाजपा नेताओं द्वारा कथित रूप से रिश्वत लेने की बात सामने आई है। पूरे प्रकरण में बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार हुआ है। उन्होंने लोक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों और फैक्ट्री संचालक के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज करने की मांग की। मुदलियार ने कहा कि कोपेडीह और टेड़ेसरा के सरपंचों पर तथाकथित वायरल ऑडियो में लेन देन का मामला सामने आया है, जिसकी जांच होनी चाहिए। दोषी पाये जाने पर उन्हें बर्खास्त करना चाहिए।

विरोध प्रदर्शन में देवलाल साहू, दानी साहू, टीकम साहू, सोमनाथ निषाद, दयाराम नेताम, मानसिंग साहू, परस साहू, कृष्णा देव, बोधीराम साहू, ललित कुमरे, टिंकू साहू, मोहनीस धनकर, लक्की धनकर, सुनील कोठारी, रामेश्वर साहू, लेख टंडन, विक्की साहू, छोटू साहू, कमल साहू, नरेन्द्र भारती, मोरध्वज साव, अजीत सिन्हा, हेमचंद यादव, अवध सिन्हा, भूपेन्द्र साहू, नेमचंद साहू, चेतन भानुशानी, राजिक सोलंकी, राकेश चंद्राकर, विरेन्द्र चंद्राकर, अमित कुशवाहा, लोकू यादव, मनीष सावरकर, शेख आसिफ, सोनू साहू, ऋषभ जैन, आदित्य वैष्णव, राजा चौहान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

योगेश ने महामंडलेश्वर कैलाशानंद को बेमेतरा आने का दिया आमंत्रण

बेमेतरा/नवप्रदेश। सर्व हिन्दू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने रायपुर प्रवास के दौरान देश के प्रसिद्ध आध्यात्मिक संत एवं महामंडलेश्वर कैलाशानंद महाराज से सौजन्य मुलाकात कर उनका स्नेह-आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान धर्म, संस्कृति, समाज और राष्ट्र निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। योगेश तिवारी ने महामंडलेश्वर से बेमेतरा जिले में एक दिवसीय प्रवास पर पधारने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि आपके आगमन से न केवल बेमेतरा की धार्मिक चेतना को बल मिलेगा, बल्कि युवाओं में भी सनातन धर्म के प्रति आस्था और ऊर्जा का संचार होगा। महामंडलेश्वर कैलाशानंद महाराज ने योगेश तिवारी के आमंत्रण को स्वीकार करते हुए कहा कि वे शीघ्र ही समय निकालकर बेमेतरा प्रवास पर आएंगे। उन्होंने योगेश तिवारी द्वारा धर्म, समाज और संस्कृति के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की और इसी प्रकार समर्पित होकर सनातन संस्कृति की सेवा करने का आश्वासन दिया। इस दौरान सनातन धर्म के संरक्षण, गौ सेवा, सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक जागरूकता और आने वाली पीढ़ियों को धार्मिक मूल्यों से जोड़ने को लेकर भी चर्चा हुई। योगेश तिवारी ने संगठन के विभिन्न कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों में धार्मिक और सांस्कृतिक चेतना को संगठित रूप से आगे बढ़ाया जा रहा है।

विधायक ईश्वर ने 20 ग्राम पंचायतों को किया पेयजल टैंकरों का वितरण

बेमेतरा/नवप्रदेश। साजा विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीणों की मूलभूत आवश्यकताओं को प्राथमिकता देते हुए आज साजा विधायक ईश्वर साहू द्वारा खनिज न्यास मद से शुद्ध पेयजल आपूर्ति हेतु 20 ग्राम पंचायतों को पानी टैंकर का विधिवत पूजन-अर्चना कर वितरण किया गया। इस अवसर पर विधायक ने ग्राम पंचायतवासियों को बधाई व शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि हमारी प्राथमिकता गांव-गांव तक शुद्ध पेयजल पहुंचाना है। इन टैंकरों से ग्रामीणजनों को पानी की किल्लत से राहत मिलेगी। शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे, यही हमारा संकल्प है। जल टैंकरों से अब जल संकटग्रस्त गांवों में नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी। विधायक ने कहा कि गर्मी के मौसम में अनेक ग्रामों में पेयजल की समस्या गंभीर हो जाती है। यह पहल ग्रामवासियों के लिए उपयोगी सिद्ध होगी। बेलगांव, हरदास, बिरनपुर, घोंटवानी, मुसवाडीह, कोंगियाकला, बरगा, बोड, मोहतरा, नवागांव गहिरा, रामपुरा, मांशुलगोंदी, पातरझोरी, काचरी, परसबोड़, राखी, बुधवारा, तिरियाभाट, चेचानमेटा और रानो गांव में टैंकर दिये गए हैं। इस अवसर पर संबंधित ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

यातायात सुगम बनाने प्रशासन ने गुड़ाखू लाइन में अतिक्रमण हटाया

■ दुकान के बाहर रखे सामान को जप्त किया

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शहर के बाजार क्षेत्र को व्यवस्थित करने और यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने के साथ ही सुगम आवागमन के लिए प्रशासन ने अभियान शुरू किया है। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भूरे के निर्देश पर प्रशासन ने दो बार चेम्बर ऑफ कामर्स तथा व्यापारियों की बैठक लेकर चर्चा की। प्रशासन की टीम ने शहर के प्रमुख मार्गों में दुकान की सीमा में सामान रखने व अतिक्रमण हटाने की समझाईश दी थी। आज नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम मलाल वर्मा, सीएसपी पुष्पेन्द्र नायक, तहसीलदार अमीय श्रीवास्तव सहित प्रशासन की टीम ने पुलिस बल के साथ गुड़ाखू लाइन क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की।

शहर के व्यस्तम मार्गो और बाजार क्षेत्रों में दुकानदारों द्वारा सामान बाहर रखकर व्यवसाय किया जा रहा है। दुकान के आगे तक शेड निकाला गया है। इससे यातायात में बाधा होती है।

प्रशासन के प्रमुख अधिकारियों ने दल-बल के साथ गुड़ाखू लाइन और आजाद चौक की दुकानों के बाहर रखे सामान को जप्त करने की कार्यवाही की। दुकान के बाहर लगे शेड को जेसीबी से हटाया गया। दुकानदारों द्वारा विरोध करने पर निगम आयुक्त, एसडीएम, सीएसपी, तहसीलदार ने दुकानदारों को समझाईश देते हुए कहा कि बाजार क्षेत्र को व्यवस्थित करने में सहयोग दें।

उन्होने बाजार क्षेत्र के व्यापारियों से कहा है कि सामान दुकान की सीमा में रखें। अतिक्रमण न करें। पालन न करने पर प्रशासन की टीम सामान जप्त करेगी। अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करेगी। अभियान आगे भी जारी रहेगा।

लखोली क्षेत्र के वार्डों का महापौर ने किया निरीक्षण, जलभराव क्षेत्र से निकासी करने दिए निर्देश

राजनांदगांव/नवप्रदेश। महापौर मधुसूदन यादव द्वारा आज लखोली क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 32,33 और 35 का निरीक्षण किया गया। वार्डवासियों से मुलाकात के दौरान महापौर ने पानी सफाई के संबंध में चर्चा की और वार्ड में व्यवस्था दुरुस्त करने तकनीकी व स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया। वार्ड नं. 32 व 33 के निरीक्षण के दौरान संजय नगर और बैगापारा में कुछ घरों में पानी कम आने की शिकायत पर पानी अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए। जलभराव क्षेत्र में पानी निकासी की व्यवस्था के अलावा ग्रामीण वार्ड को ध्यान में रखकर समुचित साफ सफाई करने कहा। महापौर ने सरेखिन तालाब सौन्दर्यीकरण के लिए राज्य प्रवर्तित योजनान्तर्गत प्रस्ताव तैयार करने अधिकारी को निर्देश दिए। सामुदायिक भवन और मंच निर्माण की मांग पर इस्टीमेट तैयार करने कहा। वार्ड नं. 35 संतोषी नगर तालाब में टो वाल और नाली के शेष कार्य पूर्ण करने की कार्यवाही करने कहा। उन्होंने कहा कि बरसात को ध्यान में रखकर मौसमी बीमारी की रोकथाम के लिए सघन बस्ती में साफसफाई और पानी निकासी की व्यवस्था करें। नाली-नालों की सफाई कराएं। महापौर ने उप स्वास्थ्य केन्द्र का जायजा लेकर व्यवस्था और दवा की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मौसमी बीमारी डेन्गू मलेरिया की रोकथाम के लिए लोगों को उपाय करने समझाईस दें। बीमार व्यक्तियों का इलाज कर उन्हें सावधानी के उपाय बताते हुए लोगों को जागरूक करें। पीएम आवास योजनान्तर्गत लखोली में बने आवासों का निरीक्षण कर अवैध रूप से निवास करने वाले लोगों से कहा कि आवास के लिए निगम में आवेदन करें। शासन के नियमानुसार आबंटन किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान परिषद प्रभारी सदस्य डिलेश्वर प्रसाद साहू, पार्षद गिरजा संतोष निर्मलकर, रीना सिन्हा, चन्द्रिका साहू, संतोष साहू, अकरम कुरैशी, पार्षद हकीम खान, समाजसेवी राजू डागा आदि उपस्थित थे।

प्रथम पेज का शेष

नवा रायपुर देश की सबसे ...

एवं पर्यावरण अंकित आंनद, एन आर डी ए के सी.ई.ओ चंदन कुमार, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के आयुक्त अवनीश शरण, रायपुर विकास प्राधिकरण के सी.ई.ओ. आकाश छिकारा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

आयोग बिडिंग कॉम्पलेक्स तैयार करने की योजनाः मुख्यमंत्री साय ने भारत माला परियोजना के अंतर्गत विशाखापट्टनम को जोड़ने वाले एक्सप्रेस-वे का निर्माण विकास के साथ आयात और निर्यात को प्रोत्साहित करने हेतु नवा रायपुर अटल नगर में एक लॉजिस्टीक हब की निर्माण आवश्यकता पर बल दिया। अधिकारियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ से गुजरने वाले एक्सप्रेस-वे का निर्माण लगभग 95 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। इसके बनने से रायपुर से विशाखापट्टनम की दूरी 100 कि.मी. कम हो जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश कि नई औद्योगिक नीति से बड़ी संख्या में निवेशक आकर्षित हो रहे है। इससे यहां के युवाओं को रोजगार मिलेगा। मुख्यमंत्री ने नवा रायपुर क्षेत्र में ऑक्सीजोन निर्माण के अंतर्गत पीपल, बरगद, करंज, नीम, अशोक, अमलतास, गुलमोहर आदि पौधों के रोपण एवं ग्रोथ कि जानकारी ली। बैठक में अधिकरियों ने बताया कि नवा रायपुर क्षेत्र में भविष्य में राज्य सरकार के विभिन्न आयोग-बोर्ड-निगम आदि के लिए आयोग बिडिंग कॉम्पलेक्स तैयार करने की योजना है। इसके अलावा काम-काजी महिलाओं के लिए वर्किंग वुमन हॉस्टल, 100 बिस्तर अस्पताल, नवा रायपुर में एक और नवीन थाना की स्थापना का प्रस्ताव है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नवा रायपुर क्षेत्र में नवीन भवनों के निर्माण के लिए आबंटित भू-खण्डों का समूचित उपयोग किया जाए। मुख्यमंत्री ने आवास एवं पर्यावरण विभाग के अंतर्गत शामिल - छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण बोर्ड, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल, नगर तथा ग्राम निवेश, छत्तीसगढ़ भू-सम्पदा नियामक प्राधिकरण (रेरा), रायपुर विकास प्राधिकरण के काम-काज की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

विकास सरकार की ....

चर्चा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। भारत सरकार द्वारा परमालकसा - खरसिया नई रेलवे लाईन का निर्माण बलौदाबाजार जिले से होकर किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने इस रेल लाईन को नवा रायपुर से जोडने की मंशा जाहिर करते हुए कहा कि इससे नवा रायपुर में रेल सुविधाओं का विस्तार होगा और आम नागरिको को इसका लाभ मिलेगा।

पीएम मोदी चार दिवसीय ...

में राष्ट्रपति लूला के निमंत्रण पर राजकीय यात्रा पर उनकी राजधानी ब्रासीलिया जाऊंगा। इस यात्रा के दौरान बैठकों और बातचीत के सार्थक दौर की उम्मीद है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पोस्ट में कहा, ब्रिक्स साझेदारी के लिए प्रतिबद्ध! प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए ब्राजील के रियो डी जेनेरियो पहुंचे। पीएम मोदी अर्जेंटीना से यहां पहुंचे, जहां उन्होंने राष्ट्रपति जेवियर माइली के साथ व्यापक बातचीत की और द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाने, रक्षा, महत्वपूर्ण खनिज, दवा, ऊर्जा और खनन क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई। अपनी यात्रा के दौरान, प्रधानमंत्री मोदी 6 और 7 जुलाई को रियो डी जेनेरियो में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे, उसके बाद एक राजकीय यात्रा करेंगे, जिसके लिए वे ब्रासीलिया जाएंगे। यह लगभग छह दशकों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री द्वारा देश की पहली द्विपक्षीय यात्रा होगी। शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा कई द्विपक्षीय बैठकें भी करने की संभावना है। ब्राजील की राजकीय यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ब्रासीलिया जाएंगे, जहां वे राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा के साथ व्यापार, रक्षा, ऊर्जा, अंतरिक्ष, प्रौद्योगिकी, कृषि, स्वास्थ्य और लोगों के बीच संपर्क सहित आपसी हित के क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को व्यापक बनाने पर द्विपक्षीय चर्चा करेंगे। पांच देशों की यात्रा पर रवाना होने से पहले एक बयान में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि ब्रिक्स के संस्थापक सदस्य के रूप में भारत उभरती अर्थव्यवस्थाओं के बीच सहयोग के लिए इस समूह को एक महत्वपूर्ण मंच बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

एलन मस्क ने दिया डोनाल्ड ....

जो कभी राजनीतिक सहयोगी रह चुके हैं। सरकारी दक्षता विभाग (डीओजीई) के प्रमुख के रूप में मस्क के संक्षिप्त कार्यकाल के दौरान तनाव बढ़ गया था, जहां उन्होंने खर्च में कटौती और फेडरल वर्कफोर्स पॉलिसी में कमी के लिए दबाव डाला, जो ट्रंप के भारी घरेलू बजट से टकराव दर्शाती थी। तब से मस्क ट्रंप के राजकोषीय एजेंडे के मुखर आलोचक रहे हैं।

हिमाचल प्रदेशः मंडी के ...

इस बीच हिमाचल प्रदेश के पूर्व मंत्री सुखराम चौधरी ने कहा, प्रदेश में बरसात से भारी नुकसान हो रहा है। लगातार हो रही बरसात से खासकर मंडी जिले में भारी नुकसान हुआ है। आपदा से प्रभावित हिमाचल प्रदेश के लिए केंद्र सरकार से आर्थिक मदद पहुंच रही है। पूर्व मंत्री एवं विधायक सुखराम चौधरी ने इसकी जानकारी दी और कहा, केंद्र सरकार ने यहां सेना के जवान भेजे हैं, जिससे राहत एवं बचाव कार्य युद्ध स्तर पर हो रहा है। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह का आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने हिमाचल में आपदा से पहले ही 2006 करोड़ रुपए की आर्थिक मदद पहुंचाई।

हिमाचल प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए सुखराम चौधरी ने कहा कि पिछले दो सालों में राज्य में कई बड़े नुकसान हुए हैं, लेकिन इसके बावजूद राज्य सरकार ने बरसात में आपदा से निपटने के लिए कोई तैयारी नहीं की है।

मुजफ्फरनगरः पेपर मिल...

जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। एक स्थानीय व्यक्ति ने बताया कि धमाका इतना जबरदस्त था कि आसपास के लोगों के घर भी हिल गए। इससे गांव के लोगों में भी दहशत फैल गई थी। जानकारी जुटाने पर फैक्ट्री में धमाके के बारे में पता चला। यहां देखा तो सब बिखरा पड़ा था। स्थानीय व्यक्ति के मुताबिक, एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो चुकी थी, जबकि 4 कर्मचारी बुरी तरह झुलस गए थे। उन्होंने आरोप लगाए कि इस फैक्ट्री का शुरू से ही विरोध किया गया था। इसके कारण यहां प्रदूषण फैल रहा था, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। हवा के साथ पानी भी दूषित हो चुका है, जिससे लोगों में कैंसर की बीमारी फैल रही है। फिलहाल स्थानीय लोग मृतक अंकित शर्मा के परिवार के साथ खड़े होकर मुआवजे की मांग कर रहे हैं।

'किसान जवान संविधान....

पार्टी ने जो सवाल पूछे हैं, उसका जवाब आयोग की ओर से नहीं मिला है।

भाजपा की 'मास्टर क्लास' पर टीएस सिंहदेव का तंज

कहा-संघ का बढ़ता हस्तक्षेप भाजपा के लिए होगा नुकसानदायक : छत्तीसगढ़ के मैनपाट में कल से भाजपा विधायकों और सांसदों की तीन दिन 'मास्टरकलास' होने वाली है। इस प्रशिक्षण शिविर को लेकर पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने निशाना साधा है. उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण शिविर चुने हुए प्रतिनिधि जो मंत्री, सांसद और केंद्र सरकार में मंत्री जैसे जिम्मेदार पद पर बैठे हैं, वह इस प्रशिक्षण शिविर में शामिल होंगे. यह बेहद चिंताजनक है। पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएम सिंहदेव ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि पार्टी में अब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का हस्तक्षेप बढ़ गया है. यही भारतीय जनता पार्टी के लिए आने वाले दिनों में नुकसानदायक साबित होगा।

न्यूज गैलरी

ज्ञान दीक्षा से होता है मानवीय संस्कारों का बीजारोपण

दुर्ग। गायत्री शक्तिपीठ द्वारा हनुमान नगर में दीप पूजा विद्यालय के बच्चों में ज्ञान दीक्षा संस्कार का आयोजन किया गया। लगभग डेढ़ सौ बच्चों ने एकाग्रचित अध्ययन, लगनशीलता, परिश्रमशीलता का संकल्प लेकर, आलस्य और दुर्गुणों से बचने का संकल्प लिया। इस अवसर पर गायत्री परिवार के भिलाई उपजोन सह समन्वयक धीरज लाल टांक ने बच्चों को संस्कारवान बनाने के टिप्स शिक्षकों को दिये। बच्चों के मन-मस्तिष्क में सकारात्मक ऊर्जा और संस्कार पौरुष, वीरता, दानशीलता, परिश्रमशीलता के गुणों का बीजारोपण किया जाना चाहिये। इस अवसर पर मंत्रोच्चार लेखराम ने किया। ट्रस्टी रंजीत यादव, प्रतिमा अग्रवाल, स्नेहलता साहू, मधुलता साहू, नंदा कोंडावार सहित विद्यालय की प्राचार्या वं समस्त शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

पटरीपार में महापौर ने किया धरती का हरित श्रृंगार

दुर्ग। जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती के अवसर पर वार्ड 60 पटरीपार में महापौर अलका बाघमार के नेतृत्व में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। महापौर और अन्य जनप्रतिनिधियों सहित वार्ड के नागरिकों ने पौधे रोपे। महापौर ने कहा कि वृक्षारोपण कार्यक्रम श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित किया गया। महापौर ने सभी नागरिकों से पर्यावरण की रक्षा के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। पटरीपार में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने की जरूरत है। आज हमारे शहर में हरियाली की सबसे अधिक जरूरत है। सभी अपने घर के आसपास पौधा अवश्य लगाएं। महापौर अलका बाघमार के नेतृत्व में पीपल, बरगद, बादाम, नीम और सिंदूर के पौधे रोपे गए। इस अवसर पर पूर्व महापौर चंद्रिका चन्द्राकर, अरुण सिंह, सुरुचि उमरे, युवराज कुंजाम, पटरीपार मण्डल अध्यक्ष मनमोहन शर्मा, जयश्री राजपूत, प्रमोद पाटिल, रेवती कुटेल, सुधा सिंह, संतोष बलराम प्रीतम रमेश अनूप प्रशांत, मौसमी ताम्रकार, अंजू तिवारी यश चंद्राकर सहित नागरिकगण मौजूद रहे।

बीसीसीआई की टीम ने किया रविशंकर स्टेडियम का निरीक्षण

विधायक गजेन्द्र यादव, कलेक्टर, छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के पदाधिकारियों से चर्चा की

दुर्ग/नवप्रदेश। क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ऑफइंडिया की टीम ने आज दुर्ग में रविशंकर स्टेडियम का निरीक्षण किया। स्टेडियम को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के स्तर का बनाने के लिये निर्माण से संबंधित सभी तकनीकी पहलुओं का मुआयना किया गया। ड्राइंग के मुताबिक स्टेडियम के चारों ओर डवलपमेंट के कार्य कराने के साथ ही पार्किंग, इंडोर और आउटडोर निर्माण से संबंधित पेपर वर्क शीघ्र तैयार करने कहा गया ताकि लीज प्रक्रिया पूर्ण कर निर्माण प्रारंभ किया जा सके।

स्टेडियम को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बीसीसीआई की एक्सपर्ट टीम तैयार करेगी। वर्तमान में स्टेडियम की दर्शक क्षमता 40 हजार है। दर्शक क्षमता बढ़ाई जाएगी। स्टेडियम परिसर से लगे हुए एरिया में बास्केटबॉल, बैडमिंटन, रनिंग पाथवे होगा। बीसीसीआई कार्यालय, प्रवेश द्वार, एप्रोच रोड, हॉस्टल, प्रैक्टिस एरिया, मैच के लिये पार्किंग सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। प्रशासनिक अधिकारियों ने बिंदुवार नजरी नक्शा प्रस्तुत किया। रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के बाद ये प्रदेश का दूसरा अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम बन जाएगा।

विधायक गजेंद्र यादव ने रविशंकर स्टेडियम को अंतर्राष्ट्रीय स्तर का स्टेडियम बनाने उच्च स्तरीय पहल की है। गजेंद्र के प्रयासों से बीसीसीआई ने स्टेडियम को लीज पर लेकर विकसित करने पर सहमति जताई। बीसीसीआई से प्रक्रिया आगे बढ़ाने के लिये मिले निर्देश के बाद आज विधायक गजेन्द्र यादव, कलेक्टर अभिजीत सिंह सहित संबंधित विभाग के अधिकारियों ने छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के प्रतिनिधि विजय शाह, विनय बजाज, अजय तिवारी और छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के तकनीकी टीम प्रभात सक्सेना, सचिन टांक और हरी के साथ स्टेडियम का निरीक्षण किया।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट आयोजन के लिये पार्किंग व अन्य व्यवस्थाओं के लिये पर्याप्त स्थल उपलब्ध होने पर संतोष जताते हुए जमीन हस्तान्तरण करने और अनुबंध प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए। विधायक गजेन्द्र यादव के प्रयास से भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने छत्तीसगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के माध्यम से जिला प्रशासन को इस बारे में प्रस्ताव भेजा था।

जिला क्रीड़ांगन समिति की बैठक में दुर्ग के पंडित रविशंकर स्टेडियम को 33 साल की लीज पर बीसीसीआई को देने प्रस्ताव पारित किया गया। दुर्ग में अंतरराष्ट्रीय स्तर का स्टेडियम बनने से दुर्ग नई ऊंचाई की ओर प्रगति करेगा। यहां का व्यापार बढ़ने के साथ ही स्थानीय नागरिकों को रोजगार भी मिलेगा।

विधायक गजेन्द्र यादव ने बताया कि दुर्ग में खेल अकादमी बनने के साथ ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच भी होंगे। शहर के राजेंद्र प्रसाद चौक से लेकर एसपी बंगला चौक तक क्षेत्र को चारों ओर से खेलगांव की तरह विकसित किया जाएगा। स्टेडियम को विकसित करने का कार्य प्रारंभ किया जा रहा है, जिससे दुर्ग सहित आसपास के जिले के खिलाडियों को खेल का अच्छा वातावरण मिलेगा। आने वाले दो वर्ष के भीतर दुर्ग में अंतर्राष्ट्रीय स्तर क्रिकेट आयोजित हो सकेगा।

निरीक्षण के दौरान छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ से प्रमोद शंकर शर्मा, योगेश बागड़ी, अजय पाण्डेय, विजय अग्रवाल, जिला क्रीड़ांगन समिति से सोनू हजारे, विनय गुप्ता सहित जिला प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे।

भिलाई में कॉल सेंटर से यूएसए, कनाडा में सायबर ठगी, अंतर्राष्ट्रीय गिरोह का पर्दाफाश

भिलाईनगर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य में पहली बार कॉल सेंटर पकड़ाया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने पुलिस नियंत्रण कक्ष सेक्टर 6 के सभागार में पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि मुखबिर से सूचना मिलने पर चौहान टाउन में2 महिलाओं समेत 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। मुखबिर से सूचना मिली थी कि कई पुरुष व महिला मिलकर अवैध रूप से कॉल सेंटर चलाकर अवैध रूप से इलेक्ट्रानिक साधनों का उपयोग कर सायबर अपराध कर रहे हैं। नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर के नेतृत्व में थाना सुपेला और चौकी स्मृति नगर की टीम गठित कर कार्यवाही की गई। चौहान टाउन बी/2 में दाबिश देकर 6 पुरुष और 2 महिलाओं समेत होटल बेल में रुके मुख्य सरगना अर्जुन शर्मा को हिरासत में लिया गया। तकनीकी माध्यम से पूछताछ करने पर आरोपीगणों ने बताया कि हर्ष अवस्थी और सम्यक के साथ मिलकर फर्जी ई-सिम से

इन्टरनेशनल मोबाईल नंबर के माध्यम से फर्जी कूटरचित पेज यूएसए के नागरिकों के कम्प्यूटर मोबाईल में बग (वायरस) भेजकर और स्वतः आए हुए बग को हटाने के लिए उपरोक्त पेज का इस्तेमाल कर और सम्यक द्वारा अपना इन्टरनेशल नंबर प्रदर्शित कर आए कॉल को आरोपीगणों के लैपटाप में ट्रांसफर कर सिस्टम में ट्रांसफर करते हुएबग (वायरस) हटाने के लिए छलपूर्वक प्रेरित कर 80 से 200 डॉलर ऐंठा जा रहा था। सम्यक से ई-वालेट प्राप्त कर क्रिप्टो करेसी के माध्यम से रकम आते ही सामने वाले व्यक्ति का एंटी वायरस के माध्यम से सिस्टम क्लीयर कर दिया जाता था। सिस्टम में भेजी गई जानकारी हट जाती थी। ठगी के शिकार व्यक्ति के मोबाईल नंबर को ब्लाक कर दिया जाता था। प्रकरण के मुख्य आरोपी अर्जुन शर्मा द्वारा ठगी के शिकार व्यक्ति को डॉलर में पेमेंट के लिये सम्यक के द्वारा उपलब्ध कराए गए ई-वालेट में क्रिप्टो करेंसी के माध्यम से पेमेंट कराया जाता था। आरोपियों के कब्जे से विभिन्न कम्पनियों के मोबाईल, 3 नग इन्टरनेट वाईफाई राउटर, 7 लैपटॉप चार्जर, 7 नग हैड फोन, 4 मोबाईल एडाप्टर, 10 मोबाईल चार्जर वायर, आरोपीगणों के 4 नग आधार कार्ड, 4 नग वोटर आईडी कार्ड, 3 नग ड्राविंग लायसेंस कार्ड, 4 नग पेन कार्ड, 1 आरसी कार्ड, एक होण्डा एक्टीवा नं. एक्टीवा सीजी 07 बीआर 5307, कीमती 338000 रू और नगदी रकम 255000 रु कुल 13 लाख जप्त किया गया।

गिरफ्तार आरोपी

संतोष थापा 24 साल सा. लाबान जिला ईस्ट खासी हिल्स शिलोंग मेघालय, मुकेश नाथ 24 साल सा. ग्राम जिला ईस्ट खासी हिल्स शिलोंग मेघालय. विवेक देव 24 साल सा. ग्राम थाना लाबान जिला ईस्ट खासी हिल्स, शिलोंग मेघालय. विशाल कर 26 साल सा. ग्राम थाना लाबान जिला ईस्ट खासी हिल्स, शिलोंग मेघालय, अनिश आर्यन 29 साल सा. थाना बरारी जिला भागलपुर बिहार, अर्जुन शर्मा 23 साल सा. ग्रीनफिल्ड कालोनी थाना सूरजकुण्ड चौकी ग्रीनफिल्ड जिला फरीदाबाद हरियाणा. अमित कुमार सिंह 30 साल सा. मदनपुर खादर थाना सरिता विहार नई दिल्ली. पियाली देव 24 साल सा. थाना लाईथोमुखरा जिला ईस्ट काशीहिल्स शिलोंग मेघालय, रिया राय 27 साल सा. चौहान टाउन चौकी स्मृतिनगर थाना सुपेला जिला दुर्ग।

प्रतिभा सम्मान समारोह में शामिल हुए विधायक चंद्राकर

भिलाई/नवप्रदेश। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने भिलाई सेक्टर 7 स्थित कुर्मी भवन में चंद्रनाहु कुर्मी क्षत्रिय समाज द्वारा आयोजित रघुबर सिंह चंद्राकर जयंती एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में शिरकत की। इस अवसर पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों और सामाजिकजनों को प्रतीक चिन्ह और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

विधायक ललित चंद्राकर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि समाज के उत्थान और विकास में शिक्षा और सामाजिक समरसता का महत्वपूर्ण योगदान है। प्रतिभावान विद्यार्थियों और सामाजिकजनों का सम्मान करना समाज के लिए प्रेरणादायक है। समारोह में रघुबर सिंह चंद्राकर की जयंती पर उनके जीवन और कार्यों को भी याद करने के साथ ही समाज के लोगों ने एकजुट होकर समाज के विकास और उत्थान के लिए संकल्प लिया।

कार्यक्रम में केंद्रीय महिला अध्यक्ष लता चंद्राकर, युवा अध्यक्ष भिलाई नगर कमल चंद्राकर, महिला अध्यक्ष दुलारी चंद्राकर, सचिव दुर्ग राज शिव चंद्राकर, केंद्रीय प्रतिनिधि कुंदन चंद्राकर, क्षेत्रीय अध्यक्ष दीनानाथ चंद्राकर, खिलावन चंद्राकर, गजेंद्र चंद्राकर, होरीलाल चंद्राकर सहित समाज के अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

गुंडीचा मंडप में सांसद बघेल ने निभाया राजा का कर्तव्य, जय जगन्नाथ से गूंजा शहर

■ महाप्रभु श्री जगन्नाथ की बाहुड़ा रथयात्रा से पहले सर्वे भवन्तु सुखिन की कामना के साथ किया छेरा पहरा

भिलाई/नवप्रदेश। उत्कल सांस्कृतिक परिषद भिलाई नगर द्वारा 5 जुलाई को सेक्टर 6 गुंडीचा मंडप से महाप्रभु श्री जगन्नाथ की बाहुड़ा रथयात्रा निकाली गई। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल ने राजा के भेष में भगवान श्री जगन्नाथ के साथ बलभद्र स्वामी और देवी सुभद्रा की पूजा अर्चना कर छेरा पहरा की परम्परा का निर्वहन किया। बघेल के साथ उनकी धर्मपत्नी रजनी बघेल ने बाहुड़ा रथयात्रा में पूजा-अर्चना में भाग लिया। नौ दिनों तक भाई बलभद्र स्वामी और बहन सुभद्रा के साथ मौसी गुंडीचा देवी के घर रहने के बाद महाप्रभु श्री जगन्नाथ श्री मंदिर लौट आए हैं। आयोजन में उत्कल सांस्कृतिक परिषद सेक्टर 6 द्वारा सांसद विजय बघेल को राजा के कर्तव्य निर्वहन के लिए गुंडीचा मंडप में आमंत्रित किया गया था। बघेल अपनी धर्मपत्नी रजनी बघेल के साथ राजा के पद की गरिमा के अनुरूप विशुद्ध भारतीय परिधान में गुंडीचा मंडप सेक्टर 6 पहुंचे। यहां उन्होंने महाप्रभु श्री जगन्नाथ, बलभद्र स्वामी और देवी सुभद्रा का विधि विधान से पूजा अर्चना करते हुए देश, प्रदेश और दुर्ग लोकसभा क्षेत्र में सर्वजन सुखाय सर्वजन हिताय की भावना के साथ सभी के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। बघेल ने महाप्रभु श्री जगन्नाथ को बाहुड़ा यात्रा के लिए रथ पर सवार करने से पहले झाड़ू लगाकर छेरा पहरा का विधान पूरा किया। मौसी गुंडीचा देवी के घर से श्री मंदिर के लिए निकले महाप्रभु के रथ को खींचकर सांसद विजय बघेल ने उपस्थित भक्तों को बधाई दी।

डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर अर्पित की भावभीनी श्रद्धांजलि

दुर्ग/नवप्रदेश। भारतीय जनसंघ संघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जयंती के अवसर पर दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, दिलीप साहू, विनायक नातू, भाजपा नेता शिव चंद्राकर, प्रीतपाल बेलचंदन, अजय तिवारी, संतोष सोनी उपस्थित रहे। विधायक ललित

चंद्राकर ने कहा कि हमारे महापुरुषों की तपस्या व बलिदान के कारण ही भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन सकी है। आज भाजपा केंद्र सहित अनेक राज्यों में सत्तासीन है। डॉ. मुखर्जी के आदर्शों को अपनाकर उनके विचारों को साकार रूप प्रदान करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। उनका स्वयं का जीवन प्रेरणादायी, अनुशासित और निष्कलंक था। राजनीति उनके लिए राष्ट्र की सेवा का साधन थी। जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक ने कहा कि आजाद भारत के इतिहास में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक ऐसे नाम हैं, जिनके लिए देश की एकता और अखंडता से बढ़कर कुछ भी नहीं था। उत्तर में कश्मीर से लेकर पूर्व में बंगाल तक उन्होंने देश की इंच-इंच भूमि के लिए संघर्ष किया और जम्मू-कश्मीर से दो प्रधान, दो विधान, दो निशान समाप्त करने के संघर्ष में शहीद तक हो गए। कार्यक्रम में दीपक चोपड़ा, आशीष निमजे, नीलेश अग्रवाल, मनोज सोनी, अनूप सोनी, रजनीश श्रीवास्तव, जितेंद्र सिंह राजपूत, महेंद्र लोढा, सरिता मिश्रा, दिव्या कलिहारी, अनूप गटागट, अमित पटेल, नवीन साहू, साजन जोसेफ गायत्री वर्मा, जय श्री राजपूत, डॉ भारती साहू, सरिता चंद्राकर, गोविन्द सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

दुर्ग में मनाया गया मुहर्रम पर्व

दुर्ग/नवप्रदेश। अंजुमन इस्लाम मुस्लिम कमेटी शहर दुर्ग के बैनर तले 10 रोजा मोहर्रम के अवसर पर तकरीर के प्रोग्राम में मौलाना जाकिर हुसैन नईमी (मुरादाबाद) ने अपने बयान में कहा कि क़त्ले हुसैन असल मे मरगे यजीद है। इस्लाम जिंदा होता है हर कर्बला के बाद। कर्बला के शहीदों पर दुनिया के महान लोगों की राय बहुत सम्मानजनक और प्रेरणादायी है। इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत को न्याय और सच्चाई के लिए बलिदान के रूप में देखा जाता है। उसूलों व सच्चाई के हक में कर्बला के मैदान में इमाम हुसैन के साथ 72 लोग शहीद हो गए। हजरत मोहम्मद के बताए सिद्धांतों और उसूलो पर चलकर हक की लड़ाई लड़ी। आज पूरी दुनिया में मोहर्रम के मौके पर उनकी शहादत को याद किया जाता है। इस मौके पर कमेटी के अध्यक्ष अजहर पटेल, वसीम राजा, सैयद शादाब अली, वसीम शेट्टी, जुनैद लाल आजमी, अनीश खान, लतीफ खोखर, जुनैद खान, मोहसिन खान, शादाब खान व अन्य हजारों की तादाद में लोग मौजूद थे।

भिलाई राउंड टेबल 243 द्वारा बोरी में 14 क्लासरूम का निर्माण

भिलाई/नवप्रदेश। भिलाई राउंड टेबल 243 ने हाल ही में बोरी दुर्ग में स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में 14 कक्षाओं का निर्माण कराया है। स्कूल में इस बार बालक और बालिकाओं के लिए शौचालय और वॉटर फिल्टर का प्रबंध राउंड टेबल द्वारा किया गया है। शाला का हस्तांतरण क्लब के सभी सदस्यों के बीच 6 जुलाई को किया गया। कक्षाओं के निर्माण से छात्रों को पढने के लिये अनुकूल वातावरण मिलेगा। इससे पहले भी भिलाई राउंड टेबल द्वारा

बिरेभाट, कोडिया, समोदा, कोसा नगर, बापू नगर, भसीन और ननकट्टी, ढौर में क्लासरूम का निर्माण कराया गया है। भिलाई राउंड टेबल पिछले 10 सालों से स्कूलों में कमरे का निर्माण कर रहा है। अभी तक दुर्ग-भिलाई के विभिन्न स्कूलों में 2 करोड़ की लागत से कुल 48 कमरे का निर्माण कराया जा चुका है। इसके अलावा भिलाई राउंड टेबल द्वारा टॉयलेट ब्लॉक का निर्माण भी कई स्कूलों में कराया गया है। स्कूली बच्चों से जुड़ी ज़रूरत की चीजों का योगदान देता है। खाना खाने के बर्तन, बच्चों के जूते और मफलर, स्कूल में वाटर फ़िल्टर के लिये भिलाई राउंड टेबल का योगदान रहा है। भिलाई राउंड टेबल 243 में भिलाई - दुर्ग क्षेत्र के युवा उद्यमी, शिक्षाविद और समाजसेवी प्रमुख रूप से जुड़े हुए हैं। वे विभिन्न स्कूलों में 48 क्लासरूम का निर्माण किया है।

प्रवेशोत्सव.. बच्चों को पाठ्यपुस्तक व गणवेश का वितरण कर मेघावी विद्यार्थियों को दिया मेडल

सांसद बघेल ने नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर मुंह मीठा कराया

दुर्ग/नवप्रदेश। जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम जेआरडी बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक शाला में किया गया। सांसद विजय बघेल के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम में विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर, विधायक गजेन्द्र यादव उपस्थित रहे। जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर अभिजीत सिंह भी सम्मिलित हुए। बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि सांसद बघेल सहित अन्य अतिथियों ने आंगनबाड़ी के नन्हे-मुन्ने बच्चों

को तिलक लगाकर, माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर स्वागत किया। पहली, छठवीं और नवमी कक्षा के नवप्रवेशी विद्यार्थियों को गणवेश और पाठ्यपुस्तकें भेंट की गईं।

सांसद बघेल ने इस अवसर पर कहा कि जेआरडी स्कूल की ऐतिहासिक महत्ता रही है, जहां से पढ़कर कई छात्र आज उच्च पदों पर कार्यरत हैं। उन्होंने सरकारी स्कूलों की बदली छवि की सराहना करते हुए कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद ये स्कूल बेहतर परिणाम दे रहे हैं और प्राइवेट स्कूलों के समकक्ष खड़े हो रहे हैं। सांसद बघेल ने कहा कि कुछ वर्षो पहले तक यह माना जाता था कि शासकीय स्कूलों में न तो पढ़ाई होती है और न ही पर्याप्त व्यवस्था होती है, लेकिन आज स्थिति पूरी तरह बदल गई है। आज शिक्षा एक व्यवसाय बन गया है, जहां अधिक फीस लेकर भी बेहतर गुणवत्ता की शिक्षा मिलने की गारंटी नहीं है। शासकीय विद्यालयों में सीमित संसाधन और कम फीस के बावजूद बच्चों को बेहतर शिक्षा दी जा रही है। विधायक ग्रामीण ललित चंद्राकर, गजेन्द्र यादव, कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित किया।

इस अवसर पर अतिथियों द्वारा मुख्यमंत्री सरस्वती सायकल योजना के तहत दूरस्थ अंचल में निवास करने वाले 11 छात्राओं को सायकल का वितरण किया गया। कक्षा दसवीं व बारहवीं की परीक्षा उत्कृष्ट अंकों के साथ उत्तीर्ण करने वाले मेधावी छात्राओं को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत 6 दिव्यांग बच्चों को व्हीलचेयर प्रदान की गई। दिव्यांग छात्रा मानसी को राइटर की सहायता से बोर्ड परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होने पर सम्मानित किया गया। सांसद बघेल ने उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान की तहत शपथ दिलाई। कार्यक्रम में जिपं सीईओ बजरंग दुबे, डीईओ अरविन्द मिश्रा और शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

स्कूली बच्चों को नहीं मिली पुस्तकें पीडीएफ अपलोड करे सरकार

■ पूर्व जनपद सभापति विक्की मिश्रा ने किया सवाल क्या कबाड़ियों को पुस्तकें बेचेगी सरकार

दुर्ग (अंजोरा)/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में स्कूली छात्रों के लिए शासन द्वारा हर साल निशुल्क किताबें उपलब्ध कराई जाती हैं। इस साल अभी तक उसमें लेटलतीफी होने पर पूर्व जनपद पंचायत सभापति विक्की मिश्रा ने साय सरकार के सुशासन पर कड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि क्या सरकार कबाडियों को पुस्तकें बेचना चाहती है। क्या कबाडियों से डील हो चुकी है। कम से कम पीडीएफ बनाकर शिक्षा विभाग के

वेबसाइट में पुस्तकों को अपलोड कर दें, ताकि बच्चे प्रिंट आउट निकाल कर पढ़ाई कर सकें। उन्होंने कहा कि स्कूली शिक्षा विभाग के मंत्री भी मुख्यमंत्री विष्णु देव ही हैं। बजट में भारी भरकम राशि शिक्षा विभाग में स्वीकृत की गई है। इसके बावजूद अब तक पुस्तकें गायब है। प्राइमरी और मिडिल स्कूल के बच्चों को समय पर पुस्तके उपलब्ध नहीं हो पा रही है। पिछले साल रायपुर में हजारों स्कूली किताबों को रद्दी के भाव कबाड़ में बेचा गया था। यह सरकारी लापरवाही और भ्रष्टाचार का नमूना है। इस साल भी स्कूल खुले 20 दिन हो चुके हैं, लेकिन पुस्तकें न मिलने से बच्चों की पढ़ाई शुरू नहीं हो पाई है।

पुलिस ने अवैध गांजा व हिरण के खाल के साथ दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

■ **आरोपी पति-पत्नी अवैध रूप से गांजा एवं वन्य जीव हिरण के खाल का बिक्री हेतु कर हे थे, ग्राहक का इंतजार**

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद के वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में अवैध गांजा, शराब एवं वन्य जीव के परिवहन एवं बिक्री में रोक लगाने के साथ कडी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए थे। जिसके परिपालन में समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में मुखबीर एवं पेट्रोलिंग को सक्रिय किया गया था।दिनांक 05/07/2025 को जरिये मुखबीर थाना छुरा को सूचना मिला कि, दो व्यक्ति एक महिला एवं एक पुरूष ग्राम कनसिंघी शिव मंदिर के पास एक पीला रंग के थैला एवं एक सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी के अंदर में अवैध मादक पदार्थ एवं वन्य जीव हिरण का पुराना खाल छुपाकर बिक्री हेतु ग्राहक का इंतजार कर रहे है.सूचना तस्दीक हेतु थाना से हमराह स्टाफ के मुखबीर द्वारा बताए गये घटना स्थल एवं हुलिया के आधार पर ग्राम कनसिंघी शिव मंदिर के पास पहुंचकर एक महिला व एक पुरूष को घेराबंदी कर पकड़ा गया। जिससे महिला स्टाफ की उपस्थिति में पुछताछ करने पर अपना नाम 01. खिलावन दास वैष्णव पिता भगवान दास वैष्णव उम्र 42 वर्ष साकिन कनसिंघी थाना छुरा जिला गरियाबंद एवं महिला अपना नाम सेवती बाई वैष्णव पति खिलावन दास वैष्णव उम्र 40 वर्ष साकिन कनसिंघी थाना छुरा जिला गरियाबंद का रहने वाले होना बताये। आरोपीयां के संयुक्त कब्जे से एक पीला रंग के थैला के अंदर अवैध रूप से रखे गांजा मादक पदार्थ 01 किलो 500 ग्राम कीमती 15000 रूपये मिला तथा एक सफेद प्लास्टिक बोरी के अंदर वन्य जीव हिरण का पुराना खाल कीमती 50000 रूपया मिला जिसे मौके पर बरामद कर जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। दोनो आरोपियों का कृत्य अपराध धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट व 39(ए)(बी) 50,51, 49(ए) 49(बी) वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम, 3(5) बीएनएस का घटित करना पाये जाने पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

विधायक परिवार कराएंगे सावन में महारुद्राभिषेक एवं हवन पूजन

महासमुंद/नवप्रदेश। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा द्वारा श्रावण मास में महारूद्राभिषेक का आयोजन विगत 9 वर्षों से किया जा रहा है। इसी तारतम्य में 11 जुलाई से एक माह का महारूद्राभिषेक एवं हवन-पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसकी तैयारियां जारी है। एक माह तक चलने वाले इस महारूद्राभिषेक में अलग-अलग स्थानों से पहुंचे पुरोहितों द्वारा रूद्राभिषेक तथा महामृत्युंजय का जाप-अनुष्ठान कराया जाएगा। इस बार श्रावण मास 11 जुलाई से शुरू हो रहा है। इसी दिन से महारूद्राभिषेक शुरू होगा, जो लगातार एक माह तक चलेगा। 09 अगस्त को श्रावण मास की पूर्णिमा के दिन इसका समापन होगा। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी महारूद्राभिषेक व हवन-पूजन के दौरान रुद्राक्ष का वितरण किया जाएगा। श्रावण सोमवार के दिन 14 जुलाई, 21 जुलाई, 28 जुलाई और 4 अगस्त को रुद्राक्ष वितरण किया जाएगा।

शिक्षक समग्र फेडरेशन की पदयात्रा स्थगित

आठ में से चार मांगों पर लिखित सहमति के बाद लिया निर्णय

महासमुंद/नवप्रदेश। शिक्षक समग्र फेडरेशन संघ की 8 सूत्रीय मांगों को लेकर महासमुंद से राजधानी की पदयात्रा स्थगित हो गई है। आंदोलनकारी शिक्षकों और प्रशासन के बीच आठ में से चार मांगों पर लिखित सहमति के बाद यह पदयात्रा स्थगित की गई है।

बता दें कि, फेडरेशन द्वारा यहां से राजधानी तक पदयात्रा निकालने तैयारी की जा चुकी थी। लोहिया चौक में शिक्षकों द्वारा सभा ली जा रही थी। इसी दौरान शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल को प्रशासन का बुलावा आया। बुलावे पर ईश्वर चंद्राकर प्रदेश सचिव, सिराज बख्श कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष, बीपी मेश्राम प्रदेश विधिक सलाहकार, बाबूलाल ध्रुव ब्लॉक अध्यक्ष,

मुनिया निर्मलकर, श्रीमती रामेश्वरी साहू, पुरुषोत्तम चंद्राकर, फगूलाल पटेल ने जिला शिक्षा अधिकारी श्री लहरे, डीएमसी रेखराज शर्मा, सहायक संचालक नंदकिशोर सिन्हा से मांग पत्र के सभी बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। मांगों पर अधिकारियों ने लिखित में संगठन को आश्वस्त किया कि सभी मांग पर जांच उपरांत कार्रवाई की जाएगी तथा सोमवार को कलेक्टर के साथ पुनः इस विषय पर चर्चा की जाएगी। मांगों पर सकारात्मक चर्चा होने पर संगठन ने अपनी घोषित पदयात्रा स्थगित कर दी है। ब्लॉक अध्यक्ष बाबूलाल ध्रुव ने कहा कि प्रशासन ने हमारी मांगें गंभीरता से सुनीं तथा लिखित में भरोसा दिलाया तब संघ ने पदयात्रा स्थगित कर दी है। प्रशासन ने यदि हमारी मांगें समय पर पूरी नहीं की तो पुनः आंदोलन किया जाएगा। प्रदेश सचिव ईश्वर चंद्राकर ने कहा कि यह संगठन की बड़ी जीत है। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सिराज बख्श ने कहा कि संगठन एकता का यह फल है कि आज प्रशासन फेडरेशन की पदयात्रा से घबराया है और हमारी मांगों पर गंभीरता से विचार कर रहा है।

रोहित साहू 7 से 9 तक मैनपाट प्रशिक्षण में होंगे शामिल

राजिम/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ भारतीय जनता पार्टी द्वारा सांसदों एवं विधायकों के लिए आयोजित त्रिदिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन 7 जुलाई से 9 जुलाई 2025 तक मैनपाट (सरगुजा) में किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम में राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू भी सहभागिता करेंगे।

इस प्रशिक्षण का उद्देश्य जनप्रतिनिधियों को संगठन की विचारधारा, नीतियों और जनहितकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए मार्गदर्शन प्रदान करना है। इस अवधि में वे अपने निवास कार्यालय में नियमित जनदर्शन कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो सकेंगे तथा पुन: 11 जुलाई से अपने निवास कार्यालय में आमजनों के लिए उपलब्ध रहेंगे। उक्ताशय की जानकारी विधायक रोहित साहू के निज सहायक किशोर साहू ने प्रदान की है।

सांसद अग्रवाल ने की जनपद, नगर पालिका-पंचायत में सांसद प्रतिनिधियों की नियुक्ति

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद एवं पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने जनपद पंचायत, नगर पंचायत और नगरपालिका में कार्यों के सुचारू संचालन के लिए अपने सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किए हैं। सांसद अग्रवाल ने सभी प्रतिनिधियों को शुभकामना एवं बधाई देते हुए उनसे उम्मीद की है कि वे अपने जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए जनपद एवं नगर पंचायत क्षेत्र में कार्यकर्ताओं एवं जनता की समस्याओं के निराकरण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने जनपद पंचायत धरसीवा में अशोक सिन्हा, जनपद पंचायत आरंग में कृष्णा वर्मा, जनपद पंचायत अभनपुर में अनिल अग्रवाल, नगर पंचायत अभनपुर में संतोष शुक्ला, नगर पंचायत खरोरा में अनिल सोनी, नगर पंचायत चन्द्रखुरी में शोभा यादव, नगर पालिका परिषद गोबरा नवापारा में दयालु गाड़ा को सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया है।

भंवरलाल राठी का निधन

महासमुंद/नवप्रदेश। माहेश्वरी समाज के प्रतिष्ठित नागरिक व वार्ड नंबर 5 नयापारा निवासी भंवर लाल राठी (79) का शनिवार सुबह निधन हो गया। वे बृजमोहन एवं संतोष राठी के पिता थे। शाम को अंतिम संस्कार राजामठ में किया गया। इस दौरान समाजजन व नगरवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

बैंक ने व्यापारियों को किया सिक्का वितरण

महासमुंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्री के तत्वावधान में व्यापारियों को सिक्का वितरण किया गया। पिछले कुछ महीने से व्यापारियों को चिल्लर की किल्लत के कारण व्यापार में दिक्कत हो रही थी। चैंबर ने भारतीय स्टेट बैंक से बात कर सिक्का वितरण की योजना बनाई।

सिंगपुर क्षेत्र के गांव-गांव में हिन्दू जागरण मंच ने किया समाजिक जागरूकता

सामाजिक जागरूकता से होगी उत्कृष्ठ समाज का निर्माण और युवाओं में शक्ति का संचार - हिन्दू जागरण मंच

धमतरी/नवप्रदेश। भारत युवाओं का देश है ,युवा समूह के जागरण से समाज में बड़ा परिवर्तन की आशा सरलता से की जा सकती है ।आज संपूर्ण समाज नशा के जाल में फंस चुका है जिसका केवल और केवल एक ही उपाय है ,समाजिक जनजागरुकता हिन्दू जागरण मंच पूरे जिले के गांव डुगांव में युवाओं को बड़े बुजुर्गों के साथ जागरण टोली निर्माण करते हुए समीक्षा बैठक ले रही है। जागरण मंच के जिला संयोजक पुरुषोत्तम निषाद ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा जिस गलती का सजा आज हमारा हिन्दू समाज झेल रहा है, समय रहते हम सभी को सीख लेकर हिन्दू समाज को सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए एकजुट होकर समाज एवं धर्म की रक्षा करनी होगी।

युवा वर्ग के हाथों में रोजगार कैसे आए इस पर चिंतन करना होगा,संस्कारित समाज से ही देश की रक्षा की जा सकती छेत्र में

असमाजिक गतिविधियों पर हमें सजग होने की आवश्यकता प्रत्येक समाज को मिलजुलकर रहने से जीवन संवरेगा,तानाशाही , एकाधिकार, जुल्म को कोई समाज स्वीकार नहीं करता है,सनातनी भाइयों का भारत भूमि के कण कण में अधिकार है ,क्योंकि आप सभी का आदि अनंत से एवं हमारे पूर्वज का भी जन्म इसी सनातन की भूमि पर हुआ है ।भारत मां की गोद में रहना वाला सभी सनातनी है ,समय आने पर सभी स्वीकार करेंगे,अत्याचार की उम्र लंबी नहीं होती है जिला सहसंयोजक ने हिन्दू जागरण मंच के प्रमुख उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए युवा शक्ति को संगठित होकर अन्याय ,अधर्म के विरुद्ध लड़ाई के लिए सदैव सजग रहे और समाज हित में आवाज उठाकर भारत मां की रक्षा करे जागरण बैठक में जिला सहसंयोजक चित्रेश साहू, प्रतीक सोनी ,जिला युवा आयाम सत्यम सिन्हा ने छेत्र की अवैध गतिविधियों पर विशेष समाजिक जागरूकता की बात कही ,नगर संयोजक अमित सोना,आयुष ,ऋतिक जगत,प्रांत युवा प्रमुख दीपक सिंह ठाकुर,प्रवीण साहू लगातार आर्थिक आयाम समाजिक आयाम गौरव जैन,आशीष शर्मा,नगरी खंड संयोजक करण सेन सह संयोजक शिवांश साहू,अपना सहयोग प्रदान करते हुए हिन्दू समाज की रक्षा के लिए जागरण अभियान चला रहे है ।सिंगपुर जागरण मंच संयोजक विजय दीवान,सहसंयोजक तुलसी दीवान,सहसंयोजक निशांत कौशल,कमईपुर संयोजक जागेश्वर यादव,और मदवापथरा संयोजक नरोत्तम ध्रुव सह संयोजक हरख दीवान ,को खंड सहसंचालक अमित मेश्राम, उपस्थित युवा साथियों ,लोमेश साहू,तुलसीकुमार ,कुलेश्वर गंगासागर,विजय कुमार,वेदकुमार साहू,मेहुल कुमार मेश्राम, सरील कुमार, नेमसिग कंवर, रोशन,अमितेशकुमार,कुंदन यादव, पुष्कर कुमार,दुष्यंत कुमार,निशांत कौशल, हेमंत कंवर,जागेश्वर यादव, सौरभ कंवर विजय दीवान,लोमश मरकाम,योगेंद्र साहू, रूपेंद्र कुमार यादव, गंगा राम* *ध्रुव, मिथलेश, ललित कंवर, नवीन बागड़े,हरकराम, डॉ हेमंत कुमार साहू,कल्याण कौशल, लोमेश्वर साहू,तोरण दीवान, वशिष्ठ यादव,कमलेश ,घनश्याम साहू, को सिंगपुर छेत्र में हिन्दू समाज की सुरक्षा की जिम्मेदारियों की घोषणा की गई।

साहित्यकारों ने डॉ सुरेंद्र दुबे की स्मृति में सह काव्यगोष्ठी का आयोजन

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। अंतर्राष्ट्रीय हास्य कवि पद्मश्री डॉ सुरेंद्र दुबे जी के आकस्मिक निधन हो जाने पर विकासखंड बिलाईगढ़ के क्षेत्रीय साहित्यकारों द्वारा समलाई माता मंदिर के परिसर देवांगन समाज भवन में शोकसभा सह काव्यगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित साहित्यकारों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय हास्य कवि पद्मश्री स्वर्गीय डॉ सुरेंद्र दुबे जी के छायाचित्र पर श्रीफल तथा पुष्प अर्पित करते हुए शोकसभा का आयोजन कर दो मिनट का मौन धारण किए।

इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार रेशमलाल देवांगन ने श्रद्धासुमन अर्पित कर हास्यकवि पद्मश्री डॉक्टर सुरेंद्र दुबे जी का आकस्मिक निधन छत्तीसगढ़ राज्य सहित देश के लिए अपूर्णीय क्षति है छत्तीसगढ़ी साहित्य के प्रणेता हास्य कवि सदैव अमर रहेंगे जिन्होंने कविता को विश्वपटल पर पहुंचाने का कार्य किया।नीलकुमार चेलक ने श्रद्धांजलि गीत प्रस्तुत किया। वरिष्ठ कवि शशिभूषण स्नेही ने दुबे जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उद्बोधन कर माटी होही तोर चोला कविता प्रस्तुत किए। राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक महेत्तर लाल देवांगन, लोकनाथ ताण्डेय ने मुक्तक रचना के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित किए, हेमंत कुमार साहू ने डॉक्टर सुरेंद्र दुबे को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनकी ही कविता टाईगर अभी जिंदा हे प्रस्तुत किए। मदनलाल तोमर, महादेव जायसवाल ने श्रद्धांजलि अर्पित कर डॉ सुरेंद्र दुबे जी साहित्य जगत में योगदान पर प्रकाश डालते हुए संबोधित किए।

फिर दिखा तेज रफ्तार का कहर, ट्रक ने बाइक सवार को कुचला, युवक की मौत

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। नवापारा क्षेत्र में तेज रफ्तार माजदा वाहन ने बाइक सवार को कुचल दिया। इस हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद राहगीरों की भीड़ जमा हो गई है। लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार नवापारा-मगरलोड मार्ग पर ग्राम बुड़ेनी के पास तेज रफ्तार माजदा वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि बाइक सवार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान कमलेश निषाद पिता मानसिंह निषाद (26 वर्ष) के रूप में हुई है, जो भेण्डरी मौहापारा का रहने वाला था। बताया जा रहा है कि मृतक कमलेश निषाद पारागांव काम करने गया था। शाम करीब 6.45 बजे घर जाने के लिए निकला था। तभी यह हादसा हो गया। टक्कर इतना भीषण था कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। मृतक का सिर बुरी तरह से कुचला गया।

उसके हाथ-पैर में भी गंभीर चोट लगी थी। अधिक खून बहने के कारण मौके पर ही कमलेश की मौत हो गई। घटना के बाद लोगों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने घटना की सूचना करेली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल पुलिस घटना की जांच कर रही है।

7 महीने में 6 से ज्यादा मौतें

तेज रफ्तार इन वाहनों से लगभग 7 महीने में इस रास्ते पर यह 6 वीं मौत है। नशे में धुत चालक वाहनों को खूनी रफ्तार से चलाते हैं। जानकारी के अनुसार इससे पहले भी इस मार्ग पर हाइवा वाहनों से 5 से अधिक मौतें हो चुकी हैं और कई मवेशी भी कुचले जा चुके हैं। कई बार रात के अंधेरे का फायदा उठाकर और कई बार सुनसान रास्ते का फायदा उठाकर ये वाहन भाग निकलते हैं, हैरानी की बात यह भी है कि ये वाहन अब तक पकड़ में भी नहीं आए है। अब इसे क्या कहा जाए ?

कार की ठोकर से बाइक सवार घायल

महासमुंद। नेशनल हाईवे 53 पर एक बाइक सवार को कार ने टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गया। बसना पुलिस ने बताया कि शीशराम यादव बाइक होंडा ड्रीम नियो क्र सीजी 06जीएम 1228 को मोड़ रहा था, तभी रायपुर की ओर से आ रही हुंडई वेन्यू कार क्रमांक सीजी 06जीटी7825 के चालक ने अपने वाहन को लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए बाइक को ठोकर मार दिया। जिससे शीशराम बाइक सहित गिर गया। उनके सिर, चेहरा, कंधे और पैर के पास चोट आई है। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफधारा 184 एमओटी, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

अनिल सोनी सांसद प्रतिनिधि नियुक्त

खरोरा/नवप्रदेश। नगर पंचायत खरोरा को स्वच्छ भारत अभियान के तहत राष्ट्रपति पुरस्कार दिलाने वाले पूर्व अध्यक्ष अनिल सोनी को नगर पंचायत खरोरा में सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया है7 अपनी नियुक्ति पर सोनी ने कहा है कि सांसद महोदय द्वारा सौंपे गए दायित्व का निर्वहन वह न केवल पूरी निष्ठा से करेंगे, बल्कि समय-समय पर कार्य की प्रगति से अवगत कराते रहेंगे। उन्होंने इस महत्वपूर्ण दायित्व सौंपने के लिए सांसद महोदय एवं सभी शुभचिंतकों का का आभार व्यक्त किया. सोनी की नियुक्त पर शहर के गणमान्य लोगों ने खुशी जाहिर की है। इसमें यहां पर बताना उचित होगा कि अनिल सोनी भारतीय जनता पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ता है कांग्रेस के शासनकाल में बहुत उन्हें प्रताड़ित किया गया फिर भी अनिल अडिग रहें और करोना काल जैसे विपरीत परिस्थितियों में भी दवाई,सब्जी,राशन अन्य आवश्यक सामग्री गरीबों के घर

पहुंचा कर सेवा किया . पार्टी के प्रति लगन एवं सेवा के फल स्वरुप उनके धर्मपत्नी सुनीता अनिल सोनी को भाजपा की नगर पंचायत अध्यक्ष की टिकट मिली और विजयश्री प्राप्त हुई. अनिल सोनी पूर्व में अध्यक्ष पद पर कार्य करने का अनुभव का लाभ वर्तमान में नगर में दिख रहा है नगर गौरव पथ की बात हो या चौक चौराहे की सौंदर्यकरण या फिर अतिक्रमण से ग्रसित खरोरा नगर को मुक्त कर विकसित एवं समृद्ध नगर बनाने का संकल्प उनके दूर दृष्टि का परिचायक है.इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा के संयोजक वेदराम मनहरे , प्रदेश कार्यकारिणी समिति के सदस्य गुलाब टिकरिया,जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, जिला अध्यक्ष श्याम नारंग, जनपद पंचायत अध्यक्ष टिकेश्वर मन्हरे, नगर पंचायत अध्यक्ष सुनीता सोनी,मंडल अध्यक्ष सोना वर्मा,जनपद पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि डा सुरेंद्र वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेंद्र ठाकुर, विद्या भारती प्रांतीय समन्वयक चंद्रकुमार डडसेना, वरिष्ठ समाजसेवी सूरज सोनी एवं नेतराम धीवर, पार्षद पंचराम यादव, पूर्णेन्द्र उपाध्याय, राहुल मरकाम,जयप्रकाश वर्मा, तामेश्वर,बाबा नसीने,राजेश चौहान पूर्व सैनिक डीआर वर्मा, सुरेश साहू, भोला यादव श्रवण भोई,मुकेश साहू सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों ने शुभकामनाएं दी है।

विधानसभा | **14 से 18 जुलाई तक चलेगा विधानसभा का मानसून सत्र**

विधानसभा में उठेगा एनएचएम संविदा कर्मचारियों का मुद्दा

गरियाबंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य ढांचे की रीढ़ माने जाने वाले राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (हृ॥रू) के संविदा कर्मचारी एक बार फिर विधानसभा में चर्चा का केंद्र बनने जा रहे हैं। आगामी मानसून सत्र (14 से 18 जुलाई) के दौरान कसडोल विधायक श्री संदीप साहू एनएचएम कर्मचारियों की वर्षों से लंबित मांगों को सदन में उठाएंगे।

20 वर्षों का संघर्ष, फिर भी उपेक्षा

राज्य के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, उप स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, जिला अस्पतालों एवं मेडिकल कॉलेजों में करीब 16,000 से अधिक हृ॥रूकर्मचारी पिछले दो दशकों से कम वेतन, बिना ग्रेड-पे, बिना मेडिकल अवकाश जैसी न्यूनतम सुविधाओं में कार्यरत हैं।

इन्हीं कर्मचारियों की मेहनत से छत्तीसगढ़ ने राष्ट्रीय स्तर पर कई स्वास्थ्य पुरस्कार प्राप्त किए, लेकिन आज भी इन्हें स्थायित्व और समान अधिकार नहीं मिला है।

विधानसभा में उठने वाले प्रमुख प्रश्न

कसडोल विधायक श्री संदीप साहू अतातर्किक प्रश्न क्रमांक 522 के तहत निम्नलिखित मुद्दे सदन में रखेंगे:

1. (क) क्या जुलाई 2023 के मानसून सत्र में तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा 37,000 संविदा कर्मचारियों के लिए 27त्न वेतन वृद्धि की घोषणा की गई थी, जिसमें हृ॥रूके 16,000 कर्मी भी शामिल थे? यदि हां, तो अब तक इस पर क्या कार्यवाही हुई?

2. (ख)* क्या केंद्र सरकार ने हृ॥रू कर्मियों को IPHS (Indian Public Health Standards) · अनुरूप पब्लिक हेल्थ कैडर में सम्मिलित करने हेतु निर्देश जारी किए थे? यदि हां, तो छत्तीसगढ़ में अब तक क्या निर्णय लिया गया?

3. (ग)* क्या वर्ष 2020 में तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री द्वारा हृ॥रू कर्मियों के नियमितीकरण हेतु एक समिति गठित कर रिपोर्ट प्रस्तुत की गई थी? यदि हां, तो 23 जून 2025 तक उस पर क्या कार्यवाही की गई?

इन सभी प्रश्नों के उत्तर राज्य के स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल द्वारा दिए जाएंगे।

स्थायी समाधान की अपेक्षा

एनएचएम कर्मचारी लगातार शासन, प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से संवाद कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकल पाया है।

छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ को आशा है कि इस बार सदन में उठने वाले इन गंभीर सवालों से सरकार संवेदनशीलता दिखाते हुए कोई ठोस एवं स्थायी निर्णय लेगी।

उक्त जानकारी संघ के प्रदेश सलाहकार हेमंत सिन्हा, प्रान्तध्यक्ष डॉ. अमित मिरी एवं प्रवक्ता श्री पूरन दास जिला अध्यक्ष अमृत राव भोंसले द्वारा दिया गया हैं।

सर्व छत्तीसगढ़िया समाज की बैठक 24 जुलाई को हरेली उत्सव मनाया जाएगा



उतई/नवप्रदेश। नगर पंचायत उतई में सर्व छत्तीसगढ़िया समाज द्वारा बैठक आयोजित की गई जिसमें 24 जुलाई को हरेली उत्सव मनाने के विषय मे सभी समाज प्रमुखों और नपं अध्यक्ष व पार्षदों म ने सहमति प्रदान की गई जिसमें प्रमुख रूप से उपस्थित रहे सर्व छत्तीसगढ़िया समाज के अध्यक्ष आदरणीय मोती लाल वर्मा जी संरक्षक भीष्म विरवानी जी संरक्षक दिनेश साहू जी कोषाध्यक्ष भोला चंद्राकर जी सचिव बहादुर सिंह नेताम समाज प्रमुख हरीश यादव जी किशोर साहू जी गौकरण पटेल जी खूबी राम साहू पार्षद सोनू राजपूत पार्षद गिरीश साहू जी सरस्वती नरेंद्र साहू अध्यक्ष नगर पंचायत सुभाष चंद्र छत्रपाल साहू जी प्रेमलाल पटेल भावेश साहू मुकेश साहू टिकम डोंडे और समाज के प्रमुख लोगों के बीच यह सहमतिकी 24 तारीख को नगर पंचायत उतई के दशहरा मैदान में हरेली उत्सव आयोजन किया जाना है जिसमें बच्चों द्वारा खेलकुंद एवम छत्तीसगढ़ही सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा ।

अवैध रूप से नशीली कैप्सूल बेचने वाला एक आरोपी गिरफ्तार

धमतरी पुलिस थाना कुरूद द्वारा की गई बड़ी कार्यवाही

आरोपी के कब्जे से 216 नग नशीली कैप्सूल एवं नगदी रकम बरामद- एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज

कुरूद/नवप्रदेश। पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कुरूद पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि अटल आवास कुरूद निवासी एक युवक द्वारा नहर पार किनारे काले-सफेद रंग के गमछा में नशीली दवाइयाँ रखकर अवैध रूप से बिक्री की जा रही है।

सूचना के आधार पर थाना कुरूद पुलिस की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर घेराबंदी कर संदिग्ध युवक भूपेन्द्र साहू पिता चंद्रकुमार साहू उम्र 19 वर्ष निवासी अटल आवास कुरूद को पकड़ा। आरोपी की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से NX (Dicyclomine Hydrochloride, Tramadol Hydrochloride & Acetaminophen Capsules) SPASMO- PROXYVON PLUS के कुल 27 पत्ता, प्रत्येक में 08 नग कैप्सूल होने से कुल 216 नग नशीली कैप्सूल (वजन 83.160 ग्राम, अनुमानित कीमत 2,397.60/-रूपये) तथा बिक्री से प्राप्त 300/- रूपये नगद बरामद किया गया।

कुरूद पुलिस ने संपूर्ण कार्यवाही गवाहों के समक्ष विधिवत की गई एवं बरामद कैप्सूल को सीलबंद किया गया।

आरोपी का कृत्य धारा 22(ख) नारकोटिक ड्रग्स एवं साइकोट्रॉपिक सब्सटेंस एक्ट के अंतर्गत पाए जाने से थाना कुरूद में अपराध क्रमांक 177/2025 दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।भूपेन्द्र साहु पिता का नामः चंद्रकुमार साहू

उम्रः 19 वर्ष,पताः अटल आवास, कुरूद, थाना कुरूद, जिला धमतरी

संपूर्ण कार्यवाही में थाना कुरूद सउनि.सुरेश नंद,प्रआर. जय कन्नौजे, आर.हेमंत सिन्हा, गोपाल चंद्राकर,शिवचरण कुर्रे का विशेष योगदान रहा।

सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मान पूर्वक दी बिदाई

भाटापारा/नवप्रदेश। विकास खंड के संकुल केंद्र,अकलतरा में सुरेश यदु,प्रधानपाठक, तथा श्रीमती अरूणलता यदु,शिक्षककी सेवानिवृत्ति पर इन वरिष्ठ शिक्षकों के सम्मान में अकलतरा शाला परिसर में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया,जिसमें जिला पंचायत सदस्य श्रीकांत(राजा) जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप शामिल हुए, कार्यक्रम के अध्यक्ष विकास खंड शिक्षा अधिकारी श्री रामजी पाल,विशिष्ट अतिथि मुन्ना सिंह नेताम, ए.बी.ओ.

भास्कर देवांगन, ए.बी.ओ दुर्गेश शर्मा, बी.आर.सी. शारदा इंद्रजीत यदु,सरपंच, भोजराम गायकवाड़, सरपंच संतोष नेताम तथा राधेश्याम ध्रुव थे. कार्यक्रम के शुभारंभ पर संकुल प्राचार्य रविन्द्र कुमार वर्मा ने प्रतिवेदन में संकुल के शैक्षणिक गतिविधियों को तथा विद्यालय की कुछ समस्याओं का उल्लेख किया.संकुल समन्वयक राजेश नामदेव और अन्य शिक्षकों ने सेवानिवृत्त शिक्षकों के शिक्षा के क्षेत्र में योगदान का उल्लेख किया.मुख्य अतिथि श्रीकांत जायसवाल ने अपने उद्बोधन में सेवानिवृत्त शिक्षकों को शुभकामनायें दी,तथा शाला परिवार का अभिवादन किया,जायसवाल ने यथाशीघ्र शाला की समस्याओं को दूर करने का आश्वासन दिया.समस्त शिक्षकों ने सेवानिवृत्त दोनों शिक्षकों को भावभीनी बिदाई दी.

इस कार्यक्रम में संकुल केंद्र अकलतरा के शिक्षक गण पूरन लाल साहू,खोमेश्वर प्रसाद वर्मा, आभा श्रीवास्तव, हेमचंद सनाढ्य, कात्यायनी साहू,रविकांत वर्मा, देवलता नेताम, पेखन सिंह, राजकुमार यदु, रामटहल धीवर, डिकेश्वर साहू,नीलिमा पांडे,महेंद्र चतुर्वेदी, प्रेमलता परगनिहा, हुबीराम वर्मा,सतीश अग्रवाल, मेनका वत्सल, रोशन नारनवरे,प्रदीप माडिले,सुनीता शर्मा, पवित्र कुमार अनंत, मोनीश कुमार, मोहन वर्मा रामदयाल ध्रुव इत्यादि उपस्थित थे।

वार्डों में सप्लाई करने ले जा रहे देशी शराब पुलिस ने पकड़ा

महासमुंद/नवप्रदेश। शहर के वार्डों में सप्लाई करने ले जा रहे देशी शराब को सिटी कोतवाली पुलिस पकड़ा है। पुलिस ने दो सप्लायर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा है।

सिटी कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बागबाहरा रोड शीतली नाला के पास एक बाइक चालक को रोककर पूछताछ की गई। बाइक चालक ने अपना नाम-पता वार्ड नंबर 11 नयापारा निवासी टिकेश सारथी (22) तथा पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम-पता वार्ड नंबर 11 नयापारा निवासी हर्षित साहू (19) बताया। आरोपी से 60 पौवा देशी प्लेन शराब (कीमत 4800 रुपए) बरामद की गई। आरोपियों के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

श्रीधर मल बने चार्टर्ड एकाउंटेंट,समाज ने दी बधाई

भाटापारा/नवप्रदेश। माहेश्वरी समाज के वरिष्ठ सदस्य एवं शहर के प्रतिष्ठित कारोबारी हेमंत मल के सुपुत्र श्रीधर मल ने चार्टर्ड एकाउंटेंट की परीक्षा उत्तीर्ण की है। उनकी इस उपलब्धि पर समाज के लोगों ने बधाई एवं शुभकामना दी है।

कई साल से नया भवन निर्माण की मांग कर रहे 50 साल से अधिक पुराने भवन

जर्जर पंचायत भवन में बैठने जनप्रतिनिधि मजबूर

नगरी/ नवप्रदेश।- धमतरी जिले के नगरी विकासखंड के ग्राम पंचायत पॉवद्वार जो पूरी तरह जर्जर की स्थिति हो गया कई साल से नया पंचायत भवन निर्माण मांग कर रहे है वहीं

एक कहावत है ' दिया तले अंधेरा होना' यह बात चरितार्थ हो रही है विकासखंड अंतर्गत स्थित ग्राम पंचायत पॉवद्वार के जर्जर पंचायत भवन की जहां पर पंचायत भवन एक ऐसा स्थल होता है जहां जनप्रतिनिधि और ग्रामीण बैठकर गांव की विकास की नई इबारत लिखते है, इस जगह पर ही बैठकर लोगो को पक्का मकान देने के लिए प्रस्ताव किया जाता हैं लेकिन जिस जगह से प्रस्ताव किया जाता है वह भवन ही कच्चा और जर्जर हो तो फिर क्या कहना।

ग्राम पंचायत पांवद्वार के भवन इतनी जर्जर हो चुकी है कि कभी भी भर भराकर गिर सकती है। ग्राम पंचायत पांवद्वार के सरपंच राकेश नेताम ने बताया कि यह भवन लगभग 50 वर्ष पूर्व निर्मित है जो कवेलु और खपरैल से बना हुआ कच्चा मकान है। इस भवन की दीवारों पर बड़ी बड़ी दरारें आ गई है, भवन में लगे लकड़ियां पूरी तरह सड़ चुकी है, फर्श उखड़ रहा है, बारिश में छत से पानी टीपकती है। इस खपरैल युक्त टूटे फूटे कच्चे भवन में ग्राम पंचायत की बैठक और ग्रामसभा भी आयोजित किया जाता है, साथ ही सरपंच, सचिव एवं अन्य कर्मचारीगण आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिदिन उपस्थित रहते हैं वहीं दूसरी ओर इस बात का भी मन में डर बना रहता है कि कहीं यह जर्जर भवन अचानक न गिर जाए जिससे किसी अनहोनी की आशंका भी बनी रहती है।

ग्राम पंचायत के सरपंच राकेश नेताम, पंच शोभराय नेताम, सेवाराम बघेल, चेतन यादव, ग्राम पटेल गिरधर देव, रिखी राम देवांगन, कमलेश यादव, टिकेश कोर्राम सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि जब जब जिले के आला अधिकारियों का दौरा यहां होता है तब तब इस भवन की दुर्दशा से उन्हें अवगत कराया जाता है लेकिन आश्वासन के अलावा और कुछ नही मिलता।

इस संबंध में जनपद पंचायत नगरी के अध्यक्ष महेश गोटा ने बताया कि मुझे भी इसकी जानकारी मिली है कि पंचायत भवन काफी पुराना है जिससे वह जर्जर हो गया है, सुशासन तिहार में भी इसकी मांग ग्रामीणों द्वारा की गई है इस भवन की स्वीकृति हेतु प्रस्ताव बनाकर शासन प्रशासन को भेजा गया है।

नगर में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

कसडोल/नवप्रदेश। एम जी एम नेत्र संस्थान रायपुर एवं कुश की पावन नगरी कसडोल के तत्वाधान में रविवार 6 जुलाई को निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें करीब 166 लोगो का नेत्र परीक्षण किया गया तथा परीक्षण में करीब 60 लोगों को मोतियाबिंद होना बताया गया जिसमें से ऑपरेशन के लिए एम जी एम नेत्र संस्थान रायपुर ले जाया गया । वही 58 लोगों को मुफ्त चश्मा वितरण किया गया।

ज्ञात हो कि एम जी एम नेत्र संस्थान रायपुर एवं कुश की नगरी कसडोल के तत्वाधान में मोतियाबिंद जांच एवं उपचार शिविर का आयोजन छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ, शक्ति स्वरूपा महिला कल्याण समिति, वसुंधरा सामाजिक सेवा संस्थान, माता अन्नपूर्णा सामाजिक सेवा संस्थान, गायत्री परिवार एवं इंदिरा देवी गोरहा शिक्षण समिति के सहयोग से इंदिरा देवी गोरहा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में रविवार 6 जुलाई को सुबह 10 बजे से दोपहर तीन बजे तक रखा गया था । जिसमें एम जी एम नेत्र संस्थान रायपुर से पहुंचे मनीष साहू समन्वयक, खुशी साहू, धनंजय चंद्रवंशी, एम डी हुसैन, दीपांशु शर्मा, मुस्कान जांगड़े, ऋतु त्रिपाठी द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर करीब 166 लोगों का नेत्र परीक्षण किया गया तथा करीब 39 मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए एम जी एम नेत्र संस्थान रायपुर ले जाया गया।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी में डॉक्टरों का सम्मान समारोह

भाटापारा/नवप्रदेश। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय भाटापारा के तत्वाधान में शहर के सभी डॉक्टरों का सम्मान समारोह कार्यक्रम रखा गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर राजेश अवस्थीङ्कमुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी, जिला बलौदा बाजार भाटापारा, एवं अध्यक्ष भारतीय चिकित्सा संघ बलौदा बाजार और जोनल अध्यक्ष, आईएमए छत्तीसगढ़ डॉक्टर वासुदेव ठाकुर,डॉक्टर श्रीकांत शुक्ला, डॉक्टर सुरेश निहलानी, डॉक्टर विकास आड़ील,डॉक्टर पुष्पा बाजपेयी, आर.एन.तिवारी,डॉक्टर के. एस. वाजपेयी, डॉक्टर अनूप अग्रवालङ्क डॉक्टर वाय.पी. सोनीङ्कडॉक्टर सोमा गुप्ता, डॉक्टर बी.बी. गुप्ता,डॉक्टर जिया कामनानी,डॉक्टर प्रशांत,और सभी अनुभवी डॉक्टरों के साथ ब्रह्माकुमारीज भाटापारा सेंटर इंचार्ज ब्रह्माकुमारी मंजू दीदी तथा ब्रह्माकुमारी रामेश्वरी दीदी की उपस्थिती में कार्यक्रम का विधिवत् उद्घाटन द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात्

ब्रह्माकुमारीज भाटापारा की सेंटर इंचार्ज मंजू दीदी ने अपने उद्बोधन में कहां की इस जगत में डॉक्टर को सेकंड गॉड के रूप में माना जाता है जो की बिल्कुल भी अतिश्योक्ति नहीं है क्योंकि डॉक्टर का जीवन देखा गया है कि चाहे कितनी भी धूप हो बारिश हो दिन हो या रात हो 24 घंटा वह मरीजों की सेवा में तत्पर रहते हैं यहां तक की खाने का समय भी छोड़कर लोगों की सेवाओं में अग्रणी रहते हैं। इसी तरह स्वयं भगवान ने लोगों को सुख देने के लिए जिस एंजिल को भेजा है वह डॉक्टर है डॉक्टर अपने नालेज,अनुभव और मूल्यों के आधार पर इलाज करते हैं जबकि परमात्मा अपनी आध्यात्मिकता शक्तियों और मूल्यों जैसे प्रेम,दया, करूणा के आधार पर हील करते हैं अगर मेडिसिन के साथ मेडिटेशन को भी शामिल कर लिया जाए तो मैजिक हो जाएगा। साथ ही साथ 3डी हेल्थ केयर को स्लाईड के माध्यम से समझाया गया, वैल्यू बेस्ड एक्सरसाइज भी कराई गई। मुख्य अतिथि ने भी अपने वक्तव्य में कहा की लोगों को हर प्रकार की बीमारियों से इलाज करते हुए हम लोगों की मन की स्थिति विकेंद्रित हो जाता है जिससे मन में चिड़चिड़ापन,आवेश,आदि आने लगती है लेकिन खुद के लिए बहुत आवश्यक है कि हमें भी अपने लिए थोड़ा सा समय निकालकर मन की एकाग्रता एवं शांति पर ध्यान दें मेडिटेशन के लिए हमें कुछ समय जरूर निकाले तभी हम एक अच्छे डॉक्टर की तरह लोगों की सेवा और अच्छे से कर सकेंगे। और ब्रह्माकुमारीज के इस प्रकार के आयोजन की उपस्थित डॉक्टरों ने सराहना की।

पुनीत महाराज ने कहा- जनकल्याण के लिए जीवन जियो, मृत्यु सत्य है

रायपुर। श्री राधा सखी परिवार एवं वीआईपी क्लब परिवार द्वारा संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन रविवार को शंकर नगर स्थित वीआईपी क्लब में प्रारंभ हुआ,उक्त जानकारी देते हुए कार्यक्रम की मीडिया प्रभारी कविता राठी ने बताया कि कथा व्यास आचार्य पुनीत कृष्ण महाराज जी (वृंदावन) द्वारा प्रथम दिवस पर कलश यात्रा के साथ श्रीमद भागवत कथा को प्रारंभ किया गया। राठी ने बताया कि प्रातः 8 बजे कलश यात्रा करिश्मा अपार्टमेंट स्थित शिव मंदिर से वीआईपी क्लब तक निकाली गई। इस दौरान महाराज पुनीत ने जनकल्याण के लिए जीवन जीने एवं मृत्यु को सत्य से जोड़ते हुए श्री नारायण की महिमा बताई, जीवन को कैसे जीया जाए और मृत्यु को कैसे सुधारा जाए, इस विषय को श्रीमद भागवत के माध्यम से बताया। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु नैना राकेश पांडे, रश्मि, मीनाक्षी, पूजा ,गायत्री,चंचल, दीपाली, मिनी,गुंजन, रीतू , किरण अग्रवाल को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।

धारा 370 की समाप्ति से डॉ मुखर्जी का सपना साकार : बृजमोहन

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में पुष्पांजलि कार्यक्रम में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांसुमन अर्पित करते हुए सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने जम्मू-कश्मीर से धारा 370 और 35ए समाप्त कर के डॉ मुखर्जी के सपने को साकार करने का उल्लेखनीय कार्य किया है। डॉ मुखर्जी भारत को जिस स्वरूप देखना चाहते थे मोदी जी ने उन्हें समर्पित किया है। जब से जनसंघ बना और भाजपा तक लंबा सफ़र चला । भाजपा का यही संकल्प रहा की जम्मू- कश्मीर से धारा 370 हटाया जाय । और मोदी सरकार ने उसे कर दिखाया ।

एडवर्टाइजिंग एजेंसी एसोसिएशन ऑफ़द्वारा ब्रांड मैनेजमेंट विषय पर सेमिनार का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। एडवरटाइजिंग एजेंसी एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ द्वारा होटल सयाजी में ÷ब्रांड मैनेजमेंट÷ पर सेमिनार आयोजित किया गया। नागपुर के डॉ. संजय अरोरा ने ब्रांडिंग की गहराई समझाते हुए बताया कि ब्रांड सिर्फ उसकी विजुअल आइडेंटिटी तक सीमित नहीं, बल्कि उसकी असली ताकत उसके इंटैन्जिबल और परसीव्ड वैल्यू में होती है।

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 12924 दिनांक 05.07.2025
वार्ड का नाम- 50-रानी दुर्गावती

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 50 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR446P0008A जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती RAJKUMAR RAJPUT पिता/पतिश्री/श्रीमती MILKI RAM के नाम से दर्ज है, जिसको श्री PRABIN PADHI पिता/पति श्री/श्रीमती S/O SHRI PRABHUDAS PADHI ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे,

श्री विवेकानंद दुबे
जोन कमिश्नर
जोन (10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

सेवा सहकारी समिति मर्या. धनियाँ, पं. क्र. 622
संविदा भर्ती

प्र.क्र. 10 — दिनांक 03.07.2025

सेवा सहकारी समिति मर्या. धनियाँ पं. क्र.-622 में संविदा पद पर आपरेटर भर्ती किया जाना है जिसकी अर्हता, योग्यता एवं भर्ती संबंधी विवरण निम्न है।

पद- आपरेटर (क.आ.) कुल पद - 01

फार्म जमा करने की तिथि (प्रारंभ)	07/07/2025
फार्म जमा करने की अंतिम तिथि	17/07/2025
स्थान -	समिति संस्था कार्यालय
योग्यता -	10वीं, 12वीं, स्नातक, PGDCA
अनुभव :-	सहकारिता प्रशिक्षण को प्राथमिकता

संस्था प्रबंधक
सेवा सहकारी समिति
धनियाँ, पंजी. क्र. 622

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 22075 दिनांक 04.07.2025
वार्ड का नाम- 52- डा. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR446L0803D जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती ASHISH KUMAR AGRAWALपिता/पतिश्री/श्रीमती PRITAM DAS AGRAWAL के नाम से दर्ज है, जिसको श्री RAJESH JIWNANI पिता/पति श्री/श्रीमती S/O SHRI MOTILAL JIWNANI ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे,

श्री विवेकानंद दुबे
जोन कमिश्नर
जोन (10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 22219 दिनांक 04.07.2025
वार्ड का नाम- 52- डा. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR446N0882C जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती VICKY CHEEJWANI पिता/पतिश्री/श्रीमती CHANDRAKUMAR CHEEJWANI के नाम से दर्ज है, जिसको श्री DEEPAK SAHU AND DILIP SAHU पिता/पति श्री/श्रीमती S/O SHRI GULAB CHAND SAHU ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे,

श्री विवेकानंद दुबे
जोन कमिश्नर
जोन (10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई (छ.ग.)
निविदा सूचना

क्रमांक/लो.क.वि./जोन-1/2025/356/120 — भिलाई, दिनांक 03/07/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु आफलाईन (Offline) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत	आवेदन दिनांक	निविदा जमा करने तिथि
1	शासकीय हाई स्कूल कृष्णा नगर भिलाई में कला एवं सांस्कृतिक कक्ष निर्माण कार्य।	6.96	18.07.2025	25.07.2025
2	शासकीय हाई स्कूल जुनवानी भिलाई में कम्प्यूटर कक्ष निर्माण कार्य।	6.96	18.07.2025	25.07.2025
3	पार्षद निधि से वार्ड-01 खम्हरिया जुनवानी के विभिन्न स्थानों पर नाली एवं नवीन सीमेंटीकरण कार्य।	5.98	18.07.2025	25.07.2025
4	वार्ड-04 नेहरू नगर भेलवा तालाब के विद्युतीकरण का संधारण कार्य।	3.90	18.07.2025	25.07.2025
5	वार्ड-07 राधिका नगर सियान सदन सार्वजनिक भवन का संधारण एवं नयी सुविधा की व्यवस्था कार्य।	2.00	18.07.2025	25.07.2025
6.	वार्ड-01 जुनवानी श्री रेसीडेन्सी से PMAY होते चौहान ग्रीनवेली फैस-02 तक पानी निकासी हेतु ह्यूम पाईप बिछाने का कार्य।	1.99	18.07.2025	25.07.2025

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञाप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी uad.cg.gov.in अथवा विभागीय वेबसाइट www.bhilainagarnigam.com से डाउनलोड की जा सकती है।

जोन आयुक्त
जोन-01

यातायात नियमों को लेकर लोगों में बढ़ रही जागरुकता: एएसपी करियारे

सड़कों की चौड़ाई कम होने की वजह से लेफ्ट टर्न फ्री करने में हो रही दिक्कतें, निगम के संयुक्त प्रयास से की जाएगी कार्रवाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहर के यातायात को व्यवस्थित और शहरवासियों को जाम से राहत देने के लिए यातायात विभाग द्वारा लगातार प्रयास करते हुए कई तरह के नए प्रयोग किए जा रहे हैं, जिससे शहर में यातायात सुगम हो सके। इसके बावजूद लोगों में जागरुकता की कमी से विभाग के इस प्रयास में प्रभाव पड़ रहा है। यातायात विभाग द्वारा लेफ्ट फ्री नहीं होने पर जुर्माना और जागरुकता दोनों ही प्रयास किए जा रहे हैं। इसके बावजूद मुख्य चौक-चौराहों में सिग्नल लाल होते ही गाड़ियों को इतनी बेतरतीब से खड़ी की जाती है, जिससे लेफ्ट फ्री नहीं हो पा रहा और जाम की स्थिति बन जाती है।

यातायात विभाग एडिशनल एसपी रामगोपाल करियारे ने बताया कि लोगों में पहले की तुलना में जागरुकता देखने को मिला है। विभाग द्वारा लगातार विभिन्न सामाजिक संगठनों के साथ और विभाग के कर्मचारियों के प्रयास से जागरुकता बढ़ाने के लिए कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। शहर के कुछ जगहों पर लेफ्ट फ्री करने के लिए सड़क की चौड़ाई कम है और कुछ जगहों पर लोगों के जागरुकता की वजह से भी लेफ्ट साइट फ्री नहीं हो पा रहे हैं। शहर में रहने वाले लोगों को यातायात विभाग के कार्यक्रमों और जागरुकता अभियान की जानकारी मिल जाती है, लेकिन 80 प्रतिशत वाहन चालक आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से हैं उन तक हमारी योजना और कार्रवाई को लेकर जानकारी पहुंचने में कुछ समय लग सकता है। विभाग द्वारा ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए बेहतर प्रयास किए जा रहे हैं और यह प्रयास जनसहयोग से ही सफल होगा। शहर में जितने भी काम्प्लेक्स हैं वहां के दुकान संचालकों को निर्देश दिया गया है कि अपनी और कर्मचारियों की गाड़ियों को काम्प्लेक्स के पार्किंग में ही रखें, जिससे दुकान आने वाले ग्राहकों को अपनी गाड़ी पार्क करने में समस्या न हो। चार पहिया वाहन लंबे समय तक मुख्य सड़कों में खड़े होने पर दोपहिया वाहनों को गाड़ी रखने में दिक्कतें होती है चार पहिया वाहन चालकों को पार्किंग में गाड़ी रखने के लिए कहा जा रहा है, जिससे दुपहिया वाहन व्यवस्थित होकर खड़ी हो सके। शहर के ट्रैफिक को बेहतर करने के लिए कुछ दिनों में निगम के अधिकारी-कर्मचारियों के साथ बैठक कर आगे की रणनीति बनाई जाएगी, जिससे यातायात बाधित न हो। एडिशनल एसपी श्री करियारे ने कहा कि वर्तमान में लगातार हो रही कार्रवाई और अखबारों में खबरों को पढ़कर लोगों को जानकारी मिल रही है और यातायात जागरुकता बढ़ रही है यह हमारे लिए सकारात्मक संकेत है। कुछ जगहों पर अस्थाई ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव करने से लोगों को दिक्कतें हो रही हैं। इस पर भी विचार किया जाएगा, जिससे शहरवासियों को किसी तरह की असुविधा न हो।

आवारा मवेशियों पर लगाए जा रहे रेडियम पट्टी

एएसपी श्री करियारे ने बताया कि नेशनल हाईवे और प्रमुख सड़कों पर मवेशियों के कारण हो रही दुर्घटनाओं को लगाम लगाने के लिए यातायात विभाग द्वारा आवारा मवेशियों के गले में रेडियम पट्टी बांधी जा रही है, जिससे वाहन चालक को दूर से ही मवेशी दिख जाए। विभाग द्वारा जनसहयोग से पेंण्ड्रीडीह बाईपास, बोड़सरा, अमसेना, बेलमुण्डी, सम्बलपुरी, भोजपुरी टोल प्लाजा, हाईकोर्ट रोड, तालापारा, मुढ़ीपारा सहित अन्य प्रमुख मार्गों में जहां आवारा मवेशी स्पॉट किए जाते हैं उन क्षेत्रों में लगातार रेडियम पट्टी लगाने की कार्रवाई की जा रही है। श्री करियारे ने कहा कि इस योजना में आम जनों का सहयोग भी भरपूर मिल रहा है। रेडियम पट्टी लगने से दुर्घटनाओं में कमी आएगी।

न्यूज गैलरी

राष्ट्रपति से मिलने डॉ. छाबड़ा दिल्ली रवाना

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के ट्रांसपोर्ट एंड ट्रेवल विंग का प्रतिनिधि मंडल 7 जुलाई को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से सौजन्य भेंट कर संस्था के द्वारा पूरे भारत वर्ष में सड़क सुरक्षा से जुड़े विषयों पर किये जा रहे एवं भविष्य के कार्यक्रमों की जानकारी देंगे। नगर के वरिष्ठ समाज सेवी डॉक्टर कमल छाबड़ा ब्रह्माकुमारी संस्था से पिछले कई वर्षों से जुड़े हुए हैं तथा वह समाज के हर वर्ग में बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ, प्रकृति संरक्षण, जल संरक्षण, महिला विकास, युवा सशक्तिकरण, व्यसन मुक्ति, रोड सेफ्टी, ब्लड डोनेशन कैंप्स, स्वास्थ्य शिविर आदि अनेक सामाजिक कार्यों में उत्कृष्ट योगदान दे रहे हैं। उनकी उत्कृष्ट सेवाओं को ध्यान में रखते हुए ब्रह्माकुमारीज के 20 प्रभागों में से एक ट्रांसपोर्ट एवं ट्रेवल विंग के द्वारा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलने के लिए प्रतिनिधिमंडल में शामिल किया गया है। डॉक्टर कमल छाबड़ा राष्ट्रपति से राजभवन में मिलने के लिए दिल्ली रवाना हो गए हैं।

एनआरडीए के भू-अर्जन प्रक्रिया को हाईकोर्ट ने किया निरस्त

याचिकाकर्ता को अवार्ड की राशि राज्य शासन को वापस लौटाने के निर्देश

बिलासपुर/नवप्रदेश। केंद्र सरकार के नए और पुरानी भू-अर्जन नीति के फेर में नया रायपुर विकास प्राधिकरण एनआरडी के महत्वाकांक्षी कार्य में पेंच फंस गया है। दरअसल एक भूमि स्वामी ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर केंद्र सरकार के नए भूअर्जन नीति के तहत मुआवजा की मांग की है।

याचिकाकर्ता ने भूमि अधिग्रहण और मुआवजा प्रक्रिया को लेकर केंद्र सरकार द्वारा तय लिमिट का हवाला भी दिया है। कोर्ट को जानकारी दी है कि तय समय में कार्रवाई पूरी नहीं की गई है। मामले की सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने पुरानी नीति के तहत किए गए भू-अर्जन की प्रक्रिया को रद्द कर दिया है। याचिकाकर्ता को अवार्ड की राशि राज्य शासन को वापस लौटाने का निर्देश दिया है। छत्तीसगढ़ में यह पहला मामला है जब केंद्र सरकारी की पुरानी नीति के तहत भू-अर्जन की प्रक्रिया रद्द करने के साथ राज्य शासन द्वारा भूमि स्वामी को दी गई अवार्ड की राशि को वापस लौटाने का निर्देश हाईकोर्ट ने दिया है। कोर्ट ने एनआरडीए द्वारा लापरवाही बरतने के कारण कड़ा रुख अपनाया है। हाईकोर्ट ने भू-अर्जन प्रक्रिया को शून्य और कालातीत घोषित करते हुए राज्य शासन और एनआरडीए की पूरी कार्यवाही को रद्द कर दिया। सिविल लाइन रायपुर निवासी उषा देवी सिंघानिया ने अधिवक्ता सुशोभित सिंह के जरिए हाईकोर्ट में याचिका दायर कर पुरानी भू-अर्जन नीति के तहत दिए गए अवार्ड की राशि को चुनौती दी थी। याचिका के अनुसार राज्य शासन व एनआरडीए ने भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पुराने भू-अर्जन अधिनियम, 1894 की धारा 6 के तहत प्रारंभ की थी। 1 जनवरी 2014 से केंद्र सरकार ने नया भूमि अधिग्रहण अधिनियम, 2013 लागू कर दिया था। मामले की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने कहा कि नए भूमि अधिग्रहण अधिनियम लागू होने के बाद धारा 19 के अंतर्गत अवार्ड पारित करने के लिए 12 महीने की समय-सीमा बाध्यकारी है। तय समय-सीमा का उल्लंघन कर पारित किए गए अवार्ड को हाईकोर्ट ने क्षेत्राधिकारविहीन मानते हुए अवैध घोषित कर दिया है।

12 महीने के भीतर पारित करना होगा अवार्ड

याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने नए नियमों में दिए गए प्रावधान व मापदंडों का हवाला देते हुए कोर्ट को बताया कि नए अधिनियम की धारा 25 के तहत यह स्पष्ट प्रावधान है कि धारा 19 के प्रकाशन की तिथि से 12 महीने के भीतर अवार्ड पारित करना अनिवार्य है। याचिकाकर्ता के मामले में भू-अर्जन अधिकारी ने अवार्ड पारित में एक साल से भी अधिक का समय लगाया है। यह नए कानून में दिए गए प्रावधान और टाइम लिमिट का सीधेतौर पर उल्लंघन है।

'बिलासपुर के एयरपोर्ट का रनवे विस्तार बेहद जरुरी'

■ देश के 8 सौ विमान में 7 सौ बिलासपुर एयरपोर्ट पर उतर ही नहीं सकते

बिलासपुर/नवप्रदेश। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने बिलासपुर एयरपोर्ट पर नाइट लैंडिंग कम की प्रगति के बाद अब सबसे अधिक आवश्यक था रनवे विस्तार की बताई है। गौरतलब है कि बिलासा बाई केवट एयरपोर्ट का रनवे 1500 मीटर लंबा है और इसकी चौड़ाई भी केवल 30 मीटर है। जबकि बोइंग या और बस जैसे विमान को संचालन के लिए कम से कम 2200 मीटर लंबा और 45 मीटर चौड़ा रनवे आवश्यक है। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने ब्यौरा देते हुए बताया कि यदि राज्य सरकार सेवा के कब्जे वाली 1012 एकड़ जमीन में से केवल 290 एकड़ ही हासिल कर एयरपोर्ट विस्तार के लिए दे देती है तो इसमें रनवे की लंबाई 1500 मीटर से 2885 मीटर तक बढ़ाई जा सकती है। इतना बड़ा रनवे होने पर बिलासपुर में 300 सीटर विमान भी उतर सकेंगे। वर्तमान में बिलासपुर एयरपोर्ट का रनवे 2700 मीटर लंबा है। हवाई सुविधा जनसंचार समिति ने कहा कि प्रथम चरण में बिलासपुर में रनवे की लंबाई 1500 से बढ़कर 2200 मीटर तक की जानी चाहिए और यह सारा कार्य 50 करोड रुपए से कम राशि में संपन्न किया जा सकता है। यदि रनवे 2200 मीटर लंबा और 45 मीटर चौड़ा कर दिया गया तो बिलासपुर में सभी एयरबस और गोइंग विमान जो 200 सीटर क्षमता के हैं उतर सकेंगे।

हर पेड़ में है मां का आशीर्वाद इसे बचाना आवश्यक: वंशकार

■ आत्मानंद स्कूल में बच्चों ने लिया पर्यावरण सुरक्षा का संकल्प

सीपत/नवप्रदेश। एक पेड़ मां के नाम इस भावपूर्ण संकल्प के साथ शनिवार को सीपत में पर्यावरण संरक्षण की नई पहल की शुरुआत हुई। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, सीपत के प्रांगण में इस अभियान के तहत पौधरोपण कर धरती को हरियाली का उपहार दिया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि व सीपत सरपंच मनीषा योगेश वंशकार ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के साथ मिलकर पौधरोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मां केवल जन्म नहीं देती, जीवन भी देती है। और हर पेड़ उसी जीवन को बनाए रखने का माध्यम है। जब हम मां के नाम एक पौधा लगाते हैं, तो हम धरती मां के ऋण को चुकाने की दिशा में पहला कदम बढ़ाते हैं। प्रकृति को संतुलित बनाने एवं पर्यावरण को प्रदूषण से मुक्त करने पौधरोपण करना बहुत जरूरी है। मां के नाम एक पेड़ लगाना केवल भावनात्मक जुड़ाव नही बल्कि धरती माँ के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि है। यह वृक्ष आने वाली पीढ़ियों को शुद्ध हवा व हरियाली का आशीर्वाद देगा। सरपंच ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे पेड़ों को केवल लगाएं नहीं, बल्कि उन्हें पालें, सींचें और उनकी रक्षा करें, जैसे वे अपने परिवार के किसी सदस्य की करते हैं। विद्यालय के प्रांगण में इस दौरान नीम, अमरूद, करंज, अशोक और तुलसी जैसे औषधीय व छायादार पौधे रोपे गए। बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई और 'एक पेड़ मां के नाम' को अपनी चेतना का हिस्सा बनाया।

सामूहिक पौधरोपण कर संरक्षण का लिया संकल्प

एक पेड़ मां के नाम महाअभियान के अंतर्गत शनिवार को ग्राम पंचायत सीपत में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल करते हुए सामूहिक पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। अमृत सरोवर गजाबंद तालाब और सूंघा पैठू तालाब परिसर में यह पौधरोपण ग्राम पंचायत की सरपंच मनीषा योगेश वंशकार एवं उपसरपंच प्रतिनिधि शशिकांत साहू के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस अभियान में गांव के सभी मेट, पंच, ग्रामीणजन, महिला समूहों एवं युवाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम के दौरान न केवल पौधे लगाए गए, बल्कि उनकी सुरक्षा व नियमित देखभाल का भी संकल्प लिया गया, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि हर पौधा एक मजबूत पेड़ बनकर पर्यावरण की रक्षा में योगदान दें।

लायस क्लब ने मूक बधिर केन्द्र में किया पौधरोपण

बिलासपुर/नवप्रदेश। लायंस क्लब ने तिफरा स्थित मूक बधिर केन्द्र में वृहद पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में 100 से अधिक नीम, जामून, बादाम, कदम्ब, गुलमोहर, कोनों कार्पस आदि पौधे लगाए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, लायंस क्लब के रिजन चेयरपर्सन लायन दिनेश अग्रवाल थे। विशिष्ट अतिथि, जोन चेयरपर्सन लायन एल जैन थे। लायंस क्लब बिलासपुर के अध्यक्ष डॉ. हर्ष पान्डेय, सचिव लायन रमेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष लायन डॉ. राजेश दुबे ने इस कार्यक्रम की रूपरेखा रखा।

सिम्स में बुजुर्ग महिला के घुटने का सफल प्रत्यारोपण

बिलासपुर/नवप्रदेश। सिम्स अस्पताल के अस्थि रोग विभाग में पहली बार घुटने का रिप्लेसमेंट किया गया। देवरीखुर्द निवासी 70 वर्षीय महिला अस्थि रोग विभाग में इलाज कराने पहुंची। उन्हें घुटनों में दर्द और चलने फिरने में परेशानी हो रही थी। विभाग के डॉ. संजय कुमार चिलले द्वारा मरीज की जांच की गई। सिम्स अस्पताल के अस्थि रोग विभाग द्वारा घुटने और कूलों के जोड़ों का प्रत्यारोपण किया जा रहा है। यह मरीजों के लिए वरदान साबित हो रहा है। खास बात यह है कि निजी अस्पतालों में लाखों रूपए के इलाज आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत किया जा रहा है, जिससे मरीजों को आर्थिक बोझ भी सहना नहीं पड़ रहा है। रिपोर्ट में मरीज की दोनों घुटने खराब होने और घुटने की लिगामेंट टूटने की जानकारी मिली। डॉ संजय गिले ने घुटने का प्रत्यारोपण करने की सलाह दी गई और विभागाध्यक्ष डॉ एआर बेन ने मरीज को घुटने का प्रत्यारोपण तत्काल कराने की बात कही। मरीज के फिटनेस जांच करने के बाद दोनों घुटनों का जून माह में 15 दिन के अंतराल में ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन के बाद मरीज अब स्वस्थ्य हो रही है। दर्द मुक्त व चलने फिरने में सक्षम है। ऑपरेशन टीम में डॉ एआर बेन डॉ. संजय कुमार घिल्ले, डॉ. अविनाश अग्रवाल, डॉ. प्रवीन द्वेदी, डॉ शुभम पांडे और पीजी रेजिडेंट शामिल है। एनेस्थीसिया टीम में डॉ मधुमिता मूर्ति, डॉ मिल्टन, डॉ चेता कुजूर, डॉ. भावना और टीम शामिल थे। नर्सिंग में योगेश्वरी और टीम सहयोगी रही। निजी अस्पतालों में लगती है लाखों की चपत ऑपरेशन सामान्य घुटना प्रत्यारोपण से बिल्कुल था। जिसके एक घुटने के इंप्लॉट का कीमत 1.5 लाख हैं। ऑपरेशन आयुष्मान कार्ड के द्वारा निःशुल्क किया गया। इंप्लांट उपलब्ध करने में डीन डॉ रमणेश मूर्ति और एमएस डॉ लखन सिंह का विशेष योगदान रहा।

मुकेशपुरी ताइक्वांडो में रेफर शिप करेंगे, प्रतियोगिता इंदौर में 11 से

बिलासपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय ओपन ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन मध्य प्रदेश के इंदौर में 11 से 13 जुलाई तक आयोजित होगी, छत्तीसगढ़ से अंतराष्ट्रीय रेफेरी व एशियन कोच लायसेंस होल्डर मुकेश पुरी गोस्वामी ने रेफेरशिप करने फेडरेशन द्वारा चयन किया गया व निर्णायक की महत्वपूर्ण भूमिका हेतु आमंत्रित किया गया है। साथ ही संतोष निर्मलकर राष्ट्रीय रेफरी को भी चयन किया गया है।

राष्ट्रीय ओपन ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन मध्य प्रदेश के इंदौर में 11 से 13 जुलाई तक आयोजित होगी, छत्तीसगढ़ ताइक्वांडो के अध्यक्ष मुकेश पुरी गोस्वामी ने कहा की प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से 1500 से अधिक खिलाड़ियों व कोच, मैनेजर, रेफरी, निर्णायक शामिल होंगे। प्रतियोगिता सब जूनियर जूनियर सीनियर कैडेट व फ्रेशर वर्ग में आयोजित है। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की टीम भाग लेगी, छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर मई व जून माह में लगाया गया है, जिसमें उत्कृष्ट खिलाड़ी को चिन्हकित किया गया है। संघ द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों, बस्तर, सरगुजा संभाग के खिलाड़ियों को आगे लाने हेतु 19 वर्ष से काम उम्र के बालक-बालिका खिलाड़ियों को विशेष रूप से प्रतिभाओं को आगे लाकर राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाने हेतु संघ द्वारा प्रयास किया जा रहे हैं छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों की तैयारियां जोरो शोरो से चल रही है, विगत दिनों छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों नें यूथ नेशनल गेम्स दिल्ली में 19 से 12 मई तक 1 स्वर्ण, 8 रजत, 6 कास्य पदक अर्जित किये प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से 1500 से अधिक खिलाड़ियों व कोच, मैनेजर, रेफरी, निर्णायक शामिल होंगे। प्रतियोगिता सब जूनियर जूनियर सीनियर कैडेट व फ्रेशर वर्ग में आयोजित है। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की टीम भाग लेगी, छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में निशुल्क प्रशिक्षण शिविर मई व जून माह में लगाया गया है, जिसमें उत्कृष्ट खिलाड़ी को चिन्हकित किया गया है।

विभिन्न राज्यों से 1500 खिलाड़ी होंगे शामिल

त्र्यंबिका को 10 वीं के पुनर्मूल्यांकन में मिला 91.83 प्रतिशत अंक

सीपत /नवप्रदेश। ग्राम नरगोडा निवासी एवं आत्मानंद हिंदी माध्यमिक विद्यालय सीपत की कक्षा दसवीं की छात्रा त्र्यंबिका गोस्वामी पिता तारनगिर गोस्वामी ने पुनर्मूल्यांकन के बाद अपनी मेहनत और प्रतिभा का लोहा मनवाया है। पहले प्राप्त 89.33 प्रतिशत अंकों में अब वृद्धि होकर 91.83 प्रतिशत हो गए हैं। त्र्यंबिका अब कक्षा ग्यारहवीं में बायोलॉजी विषय लेकर अपनी पढ़ाई जारी रख रही हैं। उनकी इस शानदार उपलब्धि से माता-पिता और पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। उनकी इस सफलता पर सुनील शिक्षण संस्थान के संचालक सुनील निर्मलकर ने छात्रा को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। यह उपलब्धि न सिर्फ एक छात्रा की मेहनत का परिणाम है, बल्कि यह पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा बन गई है।

पौधरोपण एक पेड़ मां के नाम अभियान 2.0 केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन ने रोपे पौधे, रिमझिम फुहारों के बीच पौधे लगाकर पर्यावरण सुरक्षा का संदेश

पर्यावरण की सुरक्षा और समृद्धि के लिए जिले में 3.75 लाख रोपे गए पौधे

बिलासपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय आवासन एवं शहरी विकास राज्यमंत्री तोखन साहू ने आज एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत बिल्हा ब्लॉक के परसदा(भटगांव) में पौधा लगाया। आज यहां आयोजित कार्यक्रम में बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, जनपद अध्यक्ष राम कुमार कौशिक, कलेक्टर संजय अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने छायादार और फलदार पौधे लगाएं।

जिले में आज वन, उद्यान, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, नगरीय प्रशासन के सहयोग से सभी ब्लॉक मुख्यालय, स्कूलों, सड़क किनारे,आंगनबाड़ी केन्द्रों में सघन पौधरोपण अभियान चलाकर जिले में 3 लाख 72 हजार से ज्यादा पौधे लगाए गए। साथ ही साथ गोठानो में सीएलएफ के माध्यम से फलदार एवं छायादार पौधे लगाए गए। इसके अलावा उद्योगों में भी सघन पौधरोपण किया गया। रिमझिम फुहारों के बीच सभी ने पौधे लगाकर पर्यावरण सुरक्षा का संदेश दिया। कार्यक्रम में शहीद विशुनदास कुर्रे के परिवारजनों और बिल्हा ब्लॉक में 500 पेड़ लगाने वाले हवेंद्र निर्णयजेक को सम्मानित किया गया। केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रकृति की रक्षा, सुंदरता के लिए पेड़ लगाना जरूरी है। इस अभियान को एक पेड़ मां के नाम अभियान इसलिए कहा गया कि पेड़ से हम जुड़ पाएं। सबसे पवित्र रिश्ता मां का होता है। मां के लिए इससे बड़ा सम्मान और कुछ नहीं हो सकता। मां के सम्मान में यह आज हम सब पेड़ लगा रहे हैं।

कलेक्टर- एसएसपी ने वेद परसदा में किया पौधरोपण

कलेक्टर संजय अग्रवाल और एसएसपी रजनेश सिंह ने मस्तूरी ब्लॉक के वेदपरसदा में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। आज ब्लॉक मुख्यालय, नगरीय निकाय, स्कूलों, आंगनबाड़ी केन्द्रों, प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों के घरों सहित पूरे जिले में सघन पौधरोपण हुआ। पूरे जिले में सभी ने पौधा लगाकर हरियाली का संदेश दिया।

न्यूज गैलरी

नेशनल हाईवे पर अब आधा लगेगा टोल टैक्स, सरकार ने 50प्रतिशत तक की कटौती

नई दिल्ली। सरकार ने टोल टैक्स के नियमो में बदलाव किया है। जिसके तहत सरकार ने कुछ खास हाइवेज पर टोल टैक्स में 50 प्रतिशत से ज्यादा की कटौती कर दी है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने टोल टैक्स के नए नियमों को लेकर अधिसूचना जारी कर दी है, जिसके चलते अब लंबी दूरी तय करने वाले वाहन चालकों को कम टोल देने होगा। नए नियमों के तहत टोल टैक्स की गणना अब दो अलग-अलग तरीके से की जाएगी। ह्यद्ध के आदेश के मुताबिक, नए नियम के अनुसार, अगर हाईवेज में पुल, सुरंग, फ्लाईओवर या एलिवेटेड रोड होंगे तो टोल की गणना दो तरीके से की जाएगी। पहला, संरचना की लंबाई को 10 गुना करके अन्य सड़क की लंबाई में जोड़ा जाएगा। इसके अलावा पूरी संरचना की लंबाई को पांच गुना करके, दोनों में से जो भी कम होगा, वही टोल की गणना का आधार बनेगा। इस नियम का लाभ एक्सप्रेस-वे या लंबी दूरी के यात्रियों को ज्यादा होगा। इस नए नियम के जरिए सरकार का मकसद यात्रा के खर्च को कम करना है।

जून में अनाज सस्ते, पर दूध-तेल की महंगाई ने बढ़ाया बोझ

नई दिल्ली। एफएओ के फूड प्राइस इंडेक्स के अनुसार जून में खाद्य कीमतों में कुल मिलाकर 0.5त्न की बढ़त दर्ज की गई, जिससे सूचकांक 128 अंकों पर पहुंच गया। यह वृद्धि भले मामूली हो, लेकिन मार्च 2022 के शिखर से यह अभी भी 20.1त्न नीचे है। जून 2025 में वैश्विक खाद्य महंगाई को लेकर एक मिश्रित तस्वीर सामने आई है। संयुक्त राष्ट्र की खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक जहां अनाज और चीनी जैसी बुनियादी चीजों के दामों में गिरावट से उपभोक्ताओं को थोड़ी राहत मिली है, वहीं दूध, वनस्पति तेल और मांस जैसे जरूरी उत्पादों की बढ़ती कीमतों ने थाली को महंगा कर दिया है। इस बीच वैश्विक स्तर पर अनाज उत्पादन रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने की उम्मीद जगी है, लेकिन गर्मी और सूखे जैसे जलवायु जोखिमों ने भविष्य को लेकर चिंताएं गहरा दी हैं। एफएओ के फूड प्राइस इंडेक्स के अनुसार जून में खाद्य कीमतों में कुल मिलाकर 0.5त्न की बढ़त दर्ज की गई, जिससे सूचकांक 128 अंकों पर पहुंच गया। यह वृद्धि भले मामूली हो, लेकिन मार्च 2022 के शिखर से यह अभी भी 20.1त्न नीचे है। जून में जहां अनाज और चीनी के दाम गिरे वहीं डेयरी, मांस और तेल की महंगाई ने महंगाई को ऊपर की ओर खींचा। जून में अनाज मूल्य सूचकांक 107.4 अंक पर दर्ज किया गया जो मई के मुकाबले 1.5त्न कम है। मक्का, जौ और ज्वार के दामों में गिरावट अर्जेंटीना और ब्राजील जैसे उत्पादक देशों की आपूर्ति के कारण आई। हालांकि गेहूं महंगा हुआ क्योंकि यूरोप, रूस और अमेरिका में खराब मौसम की आशंकाओं ने कीमतों को ऊपर खींचा। एफएओ का अनुमान है कि वर्ष 2025 में वैश्विक अनाज उत्पादन 292.5 करोड़ टन तक पहुंच सकता है जो अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा होगा।

वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती और आत्मविश्वास के साथ बढ़ रही आगे

रिकॉर्डतोड़ निर्यात और 6.5प्रतिशत जीडीपी ग्रोथ के साथ दुनिया में सबसे आगे

नई दिल्ली। वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रही है, और दुनिया में सबसे तेजी से प्रगति करने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में अपनी जगह बना चुकी है। वित्त वर्ष 2024-25 में 6.5त्न की शानदार जीडीपी बढ़ोतरी , रिकॉर्ड तोड़ निर्यात और नियंत्रण में आई मुद्रास्फीति ने भारत की आर्थिक कहानी को और भी मजबूत किया है।

आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा के अनुसार, इस वैश्विक परिवेश में, भारतीय अर्थव्यवस्था वैश्विक प्रगति का एक प्रमुख चालक बनी हुई है। मजबूत घरेलू विकास कारकों, बेहतर मैक्रोइकोनॉमिक मूलतत्त्व और सूझबूझ भरी नीतियों के चलते विकास की गति में उछाल आ रहा है। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की वास्तविक जीडीपी 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ी, जो दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सर्वाधिक है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को उम्मीद है कि विकास की यह गति 2025-26 में भी जारी रहेगी। यह प्रभावशाली प्रदर्शन मजबूत घरेलू मांग, बढ़ते निजी निवेश और इंफ्रास्ट्रक्चर में उच्च सार्वजनिक निवेश के कारण संभव हुआ है। पिछले एक दशक में भारत की अर्थव्यवस्था का आकार लगभग तीन गुना हो गया है, जो 2014-15 में 106.57 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 2024-25 में 331.03 लाख करोड़ रुपये होने की उम्मीद है। अर्थव्यवस्था के लिए एक और बड़ी सकारात्मक खबर मुद्रास्फीति के मोर्चे पर है। मई 2025 में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति दर घटकर 2.82त्न पर आ गई, जो फरवरी 2019 के बाद का सबसे निचला स्तर है।

इससे भी बड़ी राहत खाद्य वस्तुओं की कीमतों में देखने को मिली, जहां उपभोक्ता खाद्य मूल्य सूचकांक (सीएफपीआई) मात्र 0.99त्न दर्ज किया गया , जो अक्टूबर 2021 के बाद की सबसे कम खाद्य मुद्रास्फीति है।

रिकॉर्ड निर्यात: 2024-25 में भारत का कुल निर्यात 824.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर के नए शिखर पर पहुंच गया। यह एक दशक पहले 2013-14 के 466.22 बिलियन अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 77त्न की वृद्धि दर्शाता है। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (स्नष्ठद्ग): भारत वैश्विक निवेशकों के लिए एक शीर्ष विकल्प बना हुआ है। वित्त वर्ष 2024-25 में एफडीआई प्रवाह 14 प्रतिशत बढ़कर 81.04 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया। यह 2013-14 में मिले 36.05 बिलियन अमेरिकी डॉलर के दोगुने से भी अधिक है।

विदेशी मुद्रा भंडार: भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 20 जून, 2025 तक 697.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर के विशाल स्तर पर था। यह 11 महीने से अधिक के आयात के लिए पर्याप्त है, जो वैश्विक झटकों के खिलाफ एक सुरक्षा कवच प्रदान करता है। भारतीय पूंजी बाजार में निवेशकों का भरोसा उच्चतम स्तर पर है। देश में खुदरा निवेशकों की संख्या 2019 में 4.9 करोड़ से 2.7 गुना बढ़कर 2024 के अंत तक 13.2 करोड़ हो गई। इसके अलावा, वैश्विक आईपीओ लिस्टिंग में भारत की हिस्सेदारी 2024 में बढ़कर 30त्न हो गई, जो दुनिया में सबसे अधिक है। संक्षेप में, भारत ने उच्च विकास दर और मूल्य स्थिरता के बीच एक सफल संतुलन बनाया है। मजबूत बुनियादी सिद्धांतों के साथ, भारत वैश्विक चुनौतियों का सामना करने और एक सुदृढ़ भविष्य के निर्माण के लिए अच्छी स्थिति में है।

वैश्विक स्तर पर भारत की बड़ी सफलता

विश्व बैंक ने दुनिया के सर्वाधिक 'समतामूलक समाज' में किया शामिल

नई दिल्ली। भारत न केवल विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, बल्कि आज यह सर्वाधिक समतामूलक समाजों में से एक भी है। विश्व बैंक के अनुसार, भारत का गिनी सूचकांक 25.5 है, जो इसे स्लोवाक गणराज्य, स्लोवेनिया और बेलारूस के बाद दुनिया का चौथा सबसे समतामूलक देश बनाता है। यह भारत जैसे बड़े और विविधता वाले देश के लिए एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। यह दर्शाता है कि भारत की आर्थिक प्रगति का लाभ लोगों में समान रूप से पहुंच रहा है। इस सफलता के पीछे गरीबी को कम करने, वित्तीय पहुंच का विस्तार और कल्याण सहायता को सीधे उन लोगों तक पहुंचाने पर लगातार नीतिगत ध्यान केंद्रित करना है, जिन्हें इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है। गिनी सूचकांक यह समझने का एक सरल तरीका है कि किसी देश में घरों या व्यक्तियों के बीच आय, संपत्ति या उपभोग के वितरण में

कितनी समानता है। इसका मूल्य 0 से 100 तक होता है। 0 स्कोर का अर्थ पूर्ण समानता है, यानी आय आदि समान रूप से सभी लोगों के बीच वितरित हो रही है। 100 स्कोर का अर्थ है कि एक ही व्यक्ति के पास पूरी आय, संपत्ति या उपभोग है और दूसरों के पास कुछ भी नहीं है, इसलिए पूर्ण असमानता है। गिनी इंडेक्स जितना अधिक होगा, देश उतना ही असमान होगा।

विश्व बैंक के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, भारत का गिनी इंडेक्स 25.5 है। यह भारत को सापेक्ष रूप से दुनिया के सबसे समान देशों में से एक बनाता है। भारत का स्कोर चीन के 35.7 से बहुत कम है और अमेरिका से भी बहुत कम है, जो 41.8 पर है। यह हर जी7 और जी20 देश के भी प्रत्यक्षतः समान है, जिनमें से कई उन्नत अर्थव्यवस्थाएं मानी जाती हैं। भारत 'सामान्य से कम' असमानता श्रेणी में आता है, जिसमें गिनी स्कोर 25 से 30 के बीच है और यह 'कम असमानता' समूह में शामिल होने से थोड़ा ही दूर है, जिसमें स्लोवाक गणराज्य जैसे देश शामिल हैं, जिनका स्कोर 24.1 है, स्लोवेनिया 24.3 है और बेलारूस 24.4 है। इन तीनों के अलावा, भारत का स्कोर उन सभी 167 देशों से बेहतर है, जिनके लिए विश्व बैंक ने डेटा जारी किया है।

वैश्विक स्तर पर, सिर्फ 30 देश 'सामान्य से कम' असमानता श्रेणी में आते हैं। इसमें अत्यधिक लोक कल्याण वाले अनेक यूरोपीय देश शामिल हैं। इनमें आइसलैंड, नॉर्वे, फिनलैंड और बेल्जियम शामिल हैं। इसमें पोलैंड जैसी बढ़ती अर्थव्यवस्थाएं और संयुक्त अरब अमीरात जैसे धनी देश भी शामिल हैं। भारत का अधिक समतामूलक समाज की ओर रुख पिछले कुछ वर्षों में इसके गिनी सूचकांक में परिलक्षित होता है। 2011 में यह सूचकांक 28.8 पर मापा गया था और 2022 में 25.5 पर पहुंच गया। यह स्थिर बदलाव दर्शाता है कि भारत ने आर्थिक विकास को सामाजिक समानता के साथ जोड़ने में लगातार प्रगति की है।

देश 2027 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर

बेंगलुरु। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में शनिवार को आयोजित आईआईटी मद्रास एलुमनी मीट 'संगम' को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' के सपने और पांच प्रणों को लेकर विस्तार से बात की। पीयूष गोयल ने कहा कि देश अब एक निर्णायक दौर में है, जहां हम भविष्य के भारत की नींव रख रहे हैं। उन्होंने याद दिलाया कि 2014 में जब मोदी सरकार सत्ता में आई थी, तब भारत को दुनिया की सबसे कमजोर अर्थव्यवस्थाओं में गिना जाता था। लेकिन बीते 10 साल में देश ने बहुत सारे मिशनों पर काम किया, जिसमें 'स्वच्छ भारत', 'स्टार्टअप इंडिया' जैसे कार्यक्रमों ने आम आदमी तक पहुंच बनाई और जमीनी बदलाव लाए। पीयूष गोयल ने कहा कि आज भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था चुका है और अगर यही रफ्तार बनी रही, तो 2027 तक हम तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकते हैं। उन्होंने कहा, आज जो भी नीतियां बनाई जा रही हैं, वे आने वाले भविष्य के भारत को ध्यान में रखते हुए बनाई जा रही हैं। तकनीक को लेकर उन्होंने कहा कि भारत अब नई तकनीकों से डरता नहीं है, बल्कि उन्हें अपनाकर आगे बढ़ने का आत्मविश्वास रखता है। उन्होंने कहा कि यह आत्मविश्वास हमें दुनिया के बेहतरीन देशों के साथ प्रतिस्पर्धा करने के योग्य बनाता है। कोविड महामारी के दौरान भारत ने 100 से ज्यादा देशों को वैक्सीन भेजी। उन्होंने कहा कि दुनिया ने इसके लिए भारत को धन्यवाद दिया, लेकिन अफसोस की बात है कि कुछ लोग, विशेषकर कुछ राज्यों के नेता, इसे ठीक से समझ नहीं पाए। उन्होंने हालिया बजट का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार ने एक लाख करोड़ रुपए इनोवेटिव इंडस्ट्री के लिए आवंटित किए हैं, ताकि 'युवा भारत' को नए अवसर मिलें और अनुसंधान को बढ़ावा मिले। पीयूष गोयल ने पूर्व प्रधानमंत्रियों के योगदान को भी याद किया। उन्होंने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री ने जय जवान, जय किसान का नारा दिया, अटल बिहारी वाजपेयी ने इसमें जय विज्ञान जोड़ा, और अब प्रधानमंत्री मोदी ने इसमें चौथा आयाम जय अनुसंधान (रिसर्च) जोड़ दिया है। अब भारत ऐसा देश बनता जा रहा है जहां प्रतिभा बाहर नहीं जा रही, बल्कि बाहर से भारत की ओर आकर्षित हो रही है।

खेल, मनोरंजन

विश्व मुक्केबाजी कप में भारत का शानदार प्रदर्शन जारी, पांच मुक्केबाज फाइनल में पहुंचे

नई दिल्ली। कजाखस्तान में भारतीय मुक्केबाजी दल ने अब 11 पोडियम स्थान सुनिश्चित कर लिए हैं, जिसमें रविवार को छह स्वर्ण पदक मुकाबले शामिल हैं।

भारतीय मुक्केबाजों ने विश्व मुक्केबाजी कप में शानदार प्रदर्शन जारी रखा। मीनाक्षी, साक्षी, पूजा रानी, हितेश गुलिया और जुगनू ने शनिवार को शानदार जीत दर्ज करते हुए विश्व मुक्केबाजी कप में अपने भार वर्ग के फाइनल में प्रवेश किया। कजाखस्तान में भारतीय मुक्केबाजी दल ने अब 11 पोडियम स्थान सुनिश्चित कर लिए हैं, जिसमें रविवार को छह स्वर्ण पदक मुकाबले शामिल हैं। अभिनाश जामवाल (पुरुष 65 किग्रा) आज ही सेमीफाइनल खेलेंगे जिससे भारत

एक और स्वर्ण पदक की दौड़ में होगा। मीनाक्षी ने 48 किग्रा सेमीफाइनल में तुर्की की नर्सलेन याल्गेटकिन को 5-0 से हराकर भारत की जीत की शुरुआत की। इसके बाद साक्षी ने उज्बेकिस्तान की फेरुजा काजाकोवा पर दबदबा बनाया और समान अंतर की जीत से 54 किग्रा भार वर्ग के फाइनल में पहुंची। ओलंपियन पूजा रानी ने 80 किग्रा वर्ग में तुर्की की एलिफ गुनेरी को पीछे छोड़ते हुए 3-2 के फैसले के साथ फाइनल में प्रवेश किया। नूपुर ने शुक्रवार को 80 किग्रा से अधिक वर्ग में अपना फाइनल स्थान पक्का कर लिया था जिससे चार भारतीय महिला मुक्केबाज फाइनल में पहुंच गई।

संजू (60 किग्रा) ने कजाखस्तान की विक्टोरिया ग्राफेयेवा से 0-5 से हारने से पहले कड़ी टक्कर दी और अब उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना होगा। भारत ने इस साल की शुरुआत में ब्राजील में विश्व मुक्केबाजी कप के पहले चरण में कुल छह पदक जीते थे जिसमें केवल पुरुष मुक्केबाजों ने भाग लिया था। यह पहली बार है कि महिला मुक्केबाज विश्व मुक्केबाजी कप में भाग ले रही हैं। ब्राजील चरण के स्वर्ण पदक विजेता हितेश गुलिया पुरुषों के 70 किग्रा वर्ग में फ्रांस के माकन ट्रोरे के खिलाफ पहले दौर के बाद मुश्किल में दिखे। लेकिन 20 वर्षीय मुक्केबाज ने दूसरे राउंड में काफी जोरदार मुक्के मारे और अंतर कम किया। तीसरे और अंतिम राउंड में उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बनाई। इसके बाद जुगनू (पुरुष 85 किग्रा) ने इंग्लैंड के टीगन स्कॉट को 5-0 से हरा दिया।

रेड ड्रेस में सारा अली खान ने बढ़ाया सोशल मीडिया का तापमान

एप्पल खाते हुए शेयर की स्टनिंग तस्वीरें

सारा अली खान एक बार फिर अपने शानदार और बोल्ड लुक को लेकर चर्चा में हैं. एक्ट्रेस ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ बेहद ग्लैमरस तस्वीरें शेयर की हैं जिनमें वह रेड ड्रेस में एप्पल खाते हुए नजर आ रही हैं. उनके इस बोल्ड और एलीगेंट अंदाज़ ने सोशल मीडिया पर फैंस का दिल जीत लिया है.सारा ने कैप्शन में लिखा, अपना फल खाओ और क्रूर मत बनो , जो उनके चंचल और विचित्र अंदाज़ को भी दर्शाता है. इन तस्वीरों में वह रेड स्लीवलेस ड्रेस और मैचिंग हाई हील्स में कमाल की लग रही हैं. मिरर लाइट्स के सामने बैठे हुए उनका कॉन्फिडेंट पोज और डार्क वेवी हेयरस्टाइल उनके लुक को और भी स्टनिंग बना रहा है.

पोस्ट के कुछ ही मिनटों में हजारों लाइक्स और कमेंट्स आने लगे. फैंस उन्हें 'क्यूटी इन रेड', 'गॉर्जियस दिवा', और 'रेड हॉट सेंसेशन' जैसे नामों से नवाज़ रहे हैं. एक यूज़र ने तो सारा की पहली फिल्म केदारनाथ को याद करते हुए कमेंट किया, केदारनाथ फिल्म देख कर आज मूड ऑफ है , यह दिखाता है कि सारा का चार्म आज भी दर्शकों पर बरकरार है। सारा अली खान का यह

नया लुक उनके फैंस के लिए एक फैशन इंस्पिरेशन बन चुका है. अक्सर ट्रेडिशनल और वेस्टर्न आउटफिट्स में दिखाई देने वाली सारा इस बार भी अपने क्लासी और कूल कॉम्बिनेशन से सबको इंप्रेस करने में सफल रही हैं. खना दिलचस्प होगा कि सारा का ये फैशन स्टेटमेंट अगली बार कौन-सा नया ट्रेंड सेट करता है।

जोकोविच की खास उपलब्धि, विंबलडन में 100 जीत दर्ज करने वाले तीसरे खिलाड़ी बने

लंदन। जोकोविच ने अपने 24 ग्रैंड स्लैम खिताबों में से सात ऑल इंग्लैंड क्लब में जीते हैं। उन्होंने शनिवार को केकमानोविच के खिलाफ सेंटर कोर्ट पर पहले सेट में 3-3 के स्कोर से लगातार नौ गेम जीतकर आसानी से अगले दौर में प्रवेश किया।

नोवाक जोकोविच विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के इतिहास में 100 जीत दर्ज करने वाले दुनिया के तीसरे खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने तीसरे दौर में सर्बिया के हम वतन खिलाड़ी मिओमिर केकमानोविच पर 6-3, 6-0, 6-4 से जीत के साथ यह उपलब्धि हासिल की। उनसे पहले मार्टिना नवरातिलोवा और रोजर फेडरर इस मुकाम पर पहुंचे

थे। जोकोविच ने अपने 24 ग्रैंड स्लैम खिताबों में से सात ऑल इंग्लैंड क्लब में जीते हैं। उन्होंने शनिवार को केकमानोविच के खिलाफ सेंटर कोर्ट पर पहले सेट में 3-3 के स्कोर से लगातार नौ गेम जीतकर आसानी से अगले दौर में प्रवेश किया। जोकोविच ने कोर्ट पर दिए साक्षात्कार में कहा, %मैं अपने पसंदीदा टूर्नामेंट में जो भी इतिहास बनाऊंगा, उसके लिए मैं आभारी हूं। अपना 20वां विंबलडन टूर्नामेंट खेल रहे 38 वर्षीय जोकोविच का अगला मुकाबला 11वें नंबर के एलेक्स डी मिनाउर से होगा। महिला वर्ग में नौ बार विंबलडन एकल चैंपियन रहीं नवरातिलोवा ने 120 एकल जबकि पुरुष वर्ग में आठ बार के चैंपियन फेडरर ने 105 एकल मैच में जीत दर्ज कीं। वहीं, युकी भांबरी विंबलडन में बचे रहने वाले एकमात्र भारतीय हैं। उन्होंने शनिवार को अपने अमेरिकी जोड़ीदार रॉबर्ट गैलोवे के साथ पुरुष युगल के तीसरे दौर में प्रवेश किया। 16वीं वरीयता प्राप्त भांबरी-गैलोवे की जोड़ी ने पुर्तगाल के नूनो बोर्गेस और मार्कोस गिरोन को डेढ़ घंटे में 6-3, 7-6 (8-6) से हराया।

सेमीफाइनल में जापान के निशिमोटो से हारे श्रीकांत, भारत का टूर्नामेंट में सफर समाप्त

स्पोर्ट्स डेस्क। एक वक्त निर्णायक गेम में स्कोर 18-18 से बराबर हो गया था। हालांकि, इसके बाद निशिमोटो ने कमजोर रिटर्न पर अटैक किया और फिर श्रीकांत ने दो बार शॉट वाइड मारकर मैच जापानी खिलाड़ी के झोली में डाल दिया। भारत के किदांबी श्रीकांत शनिवार को कनाडा ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जापान के केंटा निशिमोटो से 21-19, 14-21, 18-21 से हार गए। उनकी हार के साथ ही कनाडा ओपन में भारत की चुनौती समाप्त हो गई। श्रीकांत ने पहला गेम 21-19 से जीतकर मुकाबले की मजबूत शुरुआत की थी, लेकिन उनके जापानी प्रतिद्वंद्वी ने अगले दो गेम में कड़ी टक्कर दी और एक घंटे 18 मिनट तक चले गेम को जीत लिया। एक वक्त निर्णायक गेम में स्कोर 18-18 से बराबर हो गया था। हालांकि, इसके बाद निशिमोटो ने कमजोर रिटर्न पर अटैक किया और फिर श्रीकांत ने दो बार शॉट वाइड मारकर मैच जापानी खिलाड़ी के झोली में डाल दिया। इससे पहले, पूर्व विश्व चैंपियनशिप रजत पदक विजेता, जो इस साल मई में मलयेशिया मास्टर्स के फाइनल में पहुंचे थे, ने शुक्रवार को 43 मिनट के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में दुनिया के छठे नंबर के खिलाड़ी चोउ टिएन-चेन को 21-18, 21-9 से हराया था। 2022 विश्व जूनियर चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता एस शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यन ने 79 मिनट तक चले क्वार्टर फाइनल में निशिमोटो से 15-21, 21-5, 17-21 से हारने से पहले शानदार टक्कर दी थी।

ट्रोलर्स पर भड़कीं उर्फी जावेद, बोलीं नफरत नहीं रोक पाएगी

करण जौहर का शो द ट्रेटर्स जीतने के बाद, उर्फी जावेद ट्रोलर्स के निशाने पर हैं. उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट के ज़रिए बताया है कि कैसे उन्हें कुछ लोगों से धमकियां और अपमानजनक मैसेज मिल रहे हैं। उर्फी ने इंस्टाग्राम पर ट्रोलर्स के मैसेज के स्क्रीनशॉट्स पोस्ट करते हुए लिखा, जब आपको कोई लड़की पसंद नहीं आती, तो बस आप उसके लिए आर शब्द छोड़ देते हैं. ऐसा पहली बार नहीं हो रहा जब मुझे इस तरह से धमकियां या गाली मिल रही है, लेकिन इस बार यह मेरे कपड़ों की वजह से नहीं बल्कि मेरे शो जीतने की वजह से हो रहा है. जब आपका मनपसंद खिलाड़ी नहीं जीतता, तो आप गाली देने लगते हो. ये मेरे अपलोड किए गए अच्छे वीडियो हैं, मैं चाहे कुछ भी कर लूं, लोगों को बस नफरत फैलाना और गाली देना पसंद है. अगर हर्ष को शो से न निकालती तो प्यार में अंधी, हर्ष को निकाल दिया तो धोखेबाज. पूरब को जीतने देती तो बेवकूफ, जीतने नहीं दिया तो धोखेबाज. नफरत ने मुझे पहले कभी नहीं रोका और न अब रोक पाएगी। उर्फी जावेद को उनके बोल्ड और रिवीलिंग आउटफिट्स को लेकर हमेशा

ट्रोलिंग का सामना करना पड़ता है. हालांकि, वह खुलकर कहती हैं कि उन्हें ट्रोलर्स से बिल्कुल फर्क नहीं पड़ता है. बता दें, उर्फी जावेद और निकिता लूथर ने करण जौहर द्वारा होस्ट किए गए शो द ट्रेटर्स के पहले सीजन में विजेता का खिताब जीता. दोनों को प्राइज मनी के तौर पर 70.05 लाख रुपए मिले. फिनाले में उर्फी, निकिता, हर्ष और सुधांशु क्वालीफायर थे।

कांग्रेस की जनसभा आज, बारिश को देखते हुए बनाए गए तीन वाटर प्रूफ डोम

राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे, महासचिव वेणुगोपाल सभा को संबोधित करेंगे

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजनीति में एक बार फिर से गर्मी बढऩे वाली है। कांग्रेस ने 7 जुलाई को रायपुर में किसान-जवान-संविधान सभा बुलाकर प्रदेश में अपनी ताकत दिखाने की तैयारी कर ली है। इस सभा में खुद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े और महासचिव केसी वेणुगोपाल मौजूद रहेंगे। दावा है कि इस ऐतिहासिक सभा में 25 हजार से ज्यादा कार्यकर्ता, किसान और जवान जुटेंगे।

रैली के संबंध में कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट रविवार को रायपुर पहुंच रहे हैं। वे राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े के दौरे से पहले तैयारियों की समीक्षा करेंगे। पायलट सभा स्थल का भी जायजा लेंगे और सभा से पहले प्रदेश कांग्रेस की बैठक ले सकते हैं। वहीं कांग्रेस सीडब्ल्यूसी के सदस्य और एआईसीसी के समन्वयक गुरूदीप सप्पल भी दोपहर में चेन्नई से रायपुर पहुचेंगे। दो दिन के प्रवास में दोनों नेता यहां की तैयरियों का जायजा लेंगे।

तैयारी में जुटे वरिष्ठ नेता

प्रदेश कांग्रेस ने इस सभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी है। दीपक बैज ने कहा कि सभा के बाद प्रदेश के कार्यकर्ताओं, किसानों और जवानों को नई ऊर्जा और ताकत मिलेगी। साईंस कॉलेज मैदान की सभा में बारिश को देखते हुए कांग्रेस ने तीन वाटर प्रुफ डोम तैयार किए हैं।

खड़गे छह घंटे रायपुर में रहेंगे

सोमवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े दोपहर 11.30 बजे रायपुर पहुंचेंगे। विमानतल से होटल मेरिएट पहुंचेंगे। यहां से सभास्थल के लिए 12.30 बजे रवाना होंगे। 1 बजे से 3.30 बजे तक सभा स्थल पर रहेंगे।

राजीव भवन में पीएसी और प्रदेश कार्यक ारिणी की बैठक लेंगे

प्रदेश कांग्रेस राजनीतिक एफे यर्स कमेटी की बैठक लेंगे। यहां की राजनीतिक स्थितियों की समीक्षा के बाद आगे की रणनीति बनाएंगे। वहीं प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में संगठन के विस्तार और अन्य मामलों पर चर्चा करेंगे। बैठक के बाद वे दिल्ली रवाना होंगे।

आने वाले चुनाव की तैयारी

विशेषज्ञ मानते हैं कि कांग्रेस इस सभा के जरिए प्रदेश में अपनी स्थिति मजबूत करना चाहती है। खडग़े और वेणुगोपाल की मौजूदगी से कार्यकर्ताओं में जोश भरने की कोशिश की जाएगी। आने वाले दिनों में इस सभा के जरिए कांग्रेस केंद्र सरकार के खिलाफ हमलावर तेवर भी दिखाएगी।

न्यूज गैलरी

पूर्व विधायक देवजी भाई पटेल का मुख्यमंत्री को पत्र

खरोरा/नवप्रदेश। हमारे धरसींवा क्षेत्र के पूर्व एवं उत्कृष्ट विधायक , पूर्व अध्यक्ष ब्रेवरेज कॉर्पोरेशन (छ.ग.) माननीय श्री देवजी भाई पटेल जी ने हमारे छत्तीसगढ़ के संवेदनशील मुख्यमंत्री माननीय श्री विष्णुदेव साय जी को पत्राचार कर कहाँ की सरकार को प्रदेश में 67 नई शराब दुकानें खोलने के निर्णय पर पुनर्विचार कर इस निर्णय को वापस लेना चाहिए , साथ ही उन्होंने पूर्व के मुख्यमंत्री माननीय डॉ. रमन सिंह जी के शराब बंदी नीति का हवाला देते हुए कहां है उनके ब्रेवरेज कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष रहते पूरे प्रदेश में 350 दुकानों को बंद कराया गया था , हमारी भाजपा सरकार ने 2010 से 2018 तक एक भी नई शराब दुकान नहीं खोला , तथा भारत माता वाहिनी बनाकर गाँव गाँव तथा प्रदेश में अवैध शराब बिक्री एवं नशा खोरी को बंद कराने में नारी शक्ति महत्वपूर्ण भूमिका निभाया था।

सड़क हादसे में एसईसीएल कर्मचारी गंभीर रूप से घायल

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा जिले की कुसमुंडा परियोजना में कार्यरत एसईसीएल कर्मचारी जयराम कंवर (50) शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक, जयराम कंवर अपने गृह ग्राम डुरेना दीपका से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उनकी दोपहिया को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के वक्त बाइक पर दो लोग सवार थे। हादसे में पीछे बैठे व्यक्ति को किसी प्रकार की चोट नहीं आई, जबकि जयराम कंवर को गंभीर चोटें आईं। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर मौजूद लोगों ने 112 डायल सेवा को तत्काल सूचना दी। 112 की टीम राज हीरो के माध्यम से घटनास्थल पर पहुंची और घायल कर्मचारी को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने बताया कि जयराम कंवर की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है और चिकित्सकों की निगरानी में उनका इलाज जारी है।

बेहाल हालात: जलस्तर बढऩे से प्रशासन की चिंता बढ़ी

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा जिले में लगातार हो रही बारिश से बड़मार क्षेत्र से कई गांव को जोडऩे वाली सड़क हिस्सों में कट गई है, इससे कई गांवों का संपर्क टूट गया है। मार्ग पर आवाजाही बंद हो गई है। यह प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनाई गई थी। हसदेव बांगो बांध का जल स्तर बढ़ गया है। करतला के गेरांव के बांसाझर्रा में स्थित स्टॉपडैम टूट गया है, जिससे 20 साल पुरानी पुलिया बह गई। वहीं, सिंघिया कोरबी गांव में नाले में बहे रेलवे कर्मचारी का शव 40 घंटे बाद मिला है। 3 जुलाई को उदय कुमार सिंह काम के दौरान नाले के तेज बहाव में बह गया था। जिसेंक्थ् ने रेस्क्यू कर शव ढूंढ निकाला। मामला कटघोरा थाना क्षेत्र का है। इधर आदर्श नगर कुसमुंडा कॉलोनी स्थित एसईसीएल, डीएवी पब्लिक स्कूल की छत से बारिश का पानी टपक रहा है।

दोस्त की बेरहमी से हत्या करने वाले आरोपी को उम्रकैद

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के उरला थाना क्षेत्र में 9 अप्रैल 2024 को हुई एक सनसनीखेज हत्या के मामले में कोर्ट ने फैसला सुनाया है। आरोपी रूपेश कुमार उर्फ भोला को अपने ही दोस्त विजय यादव की निर्मम हत्या के आरोप में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। कोर्ट ने साथ ही 1000 रुपए का जुर्माना भी लगाया है, जिसे न चुकाने की स्थिति में उसे तीन महीने अतिरिक्त जेल में रहना होगा।

कलेक्टर की पहल : जिले में बांस की खेती को मिल रहा बढ़ावा

भारत सरकार को भेजा गया बांस विकास प्राधिकरण का प्रस्ताव

■ जिले में 40 हेक्टेयर में होगी बांस की खेती, 10 हजार बांस पौधों की नर्सरी हो रही तैयार

धमतरी/नवप्रदेश। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की पहल पर जिले में बांस की खेती को बढ़ावा देने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। बांस की बढ़ती मांग को देखते हुए अब इसका व्यवस्थित उत्पादन और उपयोग सुनिश्चित करने की योजना बनाई जा रही है। इसके तहत जिला प्रशासन द्वारा बांस विकास प्राधिकरण की स्थापना के लिए भारत सरकार को प्रस्ताव भेजा गया है।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि बांस बहुउपयोगी और पर्यावरण के अनुकूल प्राकृतिक संसाधन है, जो न केवल ग्रामीणों को आय के स्रोत उपलब्ध कराता है, बल्कि मिट्टी कटाव रोकने, जल संरक्षण और कार्बन अवशोषण जैसे कार्यों में भी सहायक होता है। उन्होंने बताया कि वनों और आसपास के क्षेत्रों में लगभग 40 हेक्टेयर भूमि पर बांस की खेती प्रारंभ की गई है। साथ ही कृषि विज्ञान केंद्र में 10 हजार बांस पौधों की नर्सरी तैयार की जा रही है। कलेक्टर श्री मिश्रा ने बताया कि इस बांस का रोपण विशेष रूप से डुबान क्षेत्र, सीतानदी उदंती, गंगरेल, नगरी और सिंगपुर क्षेत्र में किया जाएगा। जिले की विशेष पिछड़ी जनजाति कमार समुदाय को यह पौधे निःशुल्क दिए जा रहे हैं, ताकि वे बांस की वस्तुएं तैयार कर आय अर्जित कर सकें। वर्तमान में भी कई कमार परिवार पारंपरिक बांस शिल्प से जुड़कर जीविकोपार्जन कर रहे है। श्री मिश्रा ने कहा कि बांस की खेती एक बार लगाने पर वर्षों तक आय का स्रोत बनी रहती है। इसके उत्पादों की देश-विदेश में भारी मांग है। आज बांस केवल परंपरागत वस्तुओं तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इससे फर्नीचर, सजावटी वस्तुएं, लैंप, पेन स्टैंड, सूपा, झाड़ू, बर्तन, टूथब्रश, पानी की बोतलें और ज्वेलरी तक बनाई जा रही हैं। यह प्लास्टिक और स्टील का बेहतर विकल्प बनकर उभरा है।

रंजना ने मांगा सीआईटी

धमतरी/नवप्रदेश। पूर्व विधायक प्रदेश भाजपा प्रवक्ता रंजना डीपेंद्र साहू ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मिलकर छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी (सीआईटी) धमतरी में स्थापित किए जाने की माँग की, जारी प्रेस नोट में साहू ने कहा यह विषय धमतरी के विकास से जुड़ा हुआ है जब इसकी स्थापना धमतरी में होगी तो ना सिर्फ बेहतर शिक्षा को गति मिलेगी अपितु रोहगार सृजन के साथ भारी उद्योग खुलने की भी संभावना बढ़ेगी, क्षेत्र के युवाओं को नए अवसर मिलेंगे वहीं धमतरी में भी उतरित्तर विकास होगा, आगे साहू ने कहा सीआईटी को प्रत्येक संसदीय क्षेत्र में खोलने की घोषणा हमने अपने चुनाव घोषणा (मोदी की गारंटी) में किया था जिसके तहत प्रदेश के ग्यारह लोकसभा क्षेत्र में इसकी स्थापना की जानी है, इसी कड़ी में महासमुंद लोकसभा अंतर्गत आने वाले प्रमुख जिला धमतरी में इसकी स्थापना करने के लिए हमने माननीय मुख्यमंत्री जी से इसकी माँग की है, जिससे धमतरी भी प्रदेश की विकास गाथा में शामिल हो सके। विदित हो को साहू ने नालंदा परिसर के लिए सबसे पहले माँग की थी जिसे राज्य सरकार ने पूरा किया अब वे सीआईटी का लक्ष्य लेकर धमतरी को सौगात दिलाने हेतु प्रयासरत हैं।

विधायक अनुज ने किया ग्राम रायखेड़ा के विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण

बरसात में विकास कार्यों की बौछार

■ हमारा लक्ष्य गाँवों का विकास कराना : अनुज

खरोरा/नवप्रदेश। धरसीवा विधानसभा के ग्राम रायखेड़ा में भूमिपूजन व लोकार्पण कार्यकर्म में विधायक पद्मश्री अनुज शर्मा शामिल हुए। ग्राम रायखेड़ा में विभिन्न कार्यों का भूमिपूजन हुआ जिसमे मिडिल स्कूल रायखेड़ा में साईकिल स्टैंड कार्य लागत 9.00 लाख रु. व प्रार्थना शेड निर्माण कार्य लागत 20. लाख रु. का लोकार्पण व सरस्वती शिशु मंदिर में नवीन भवन निर्माण कार्य लागत 10 लाख रु. का भूमिपजन विधायक शर्मा के करकमलो से संपन्न हुआ।

इस अवसर पर विधायक पद्मश्री अनुज शर्मा ने कहा कि यह भूमिपूजन ग्राम रायखेड़ा के विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार मोदी की गारंटी में किये अपने वादों को पूरा करते हुए डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की जनता की आकाँक्षाओं अनुरूप कार्य कर रही है। हमारे ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं और अधोसंरचना निर्माण कार्यों से ग्रामों का समुचित विकास सुनिश्चित कर रही है और वहां निवासरत ग्रामीणजनों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ रही है। आज हमारे प्रदेश में पूर्ण पारदर्शिता के साथ विकास और अधोसंरचना निर्माण के कार्य तेजी से पूरे किये जा रहें हैं और साधन एवं संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित होने से हमारे ग्रामीण क्षेत्रों की आर्थिक प्रगति सुनिश्चित हुई है। हमें पूरा विश्वास है कि आज इन सभी विकास कार्यों से ग्रामवासियों को सुविधा मिलेगी और हमारा लक्ष्य एवं प्रयास भी यही है कि जनता की समस्याओं का समाधान कर विकास व उनका सशक्तिकरण करना। इस कार्यकर्म में विधायक अनुज शर्मा, टिकेश्र्व मनहरे, चंद्रकांत साहू सहित कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

मांडविया से मिले महापौर रोहरा

■ सौंपा धमतरी के लिए राज्य स्तरीय स्टेडियम के निर्माण महत्वपूर्ण ज्ञापन

धमतरी/नवप्रदेश। नगर निगम धमतरी के महापौर श्री रामू रोहरा ने राजधानी दिल्ली प्रवास के दौरान भारत सरकार के श्रम, रोजगार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के केंद्रीय मंत्री श्री मनसुख मांडविया से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर महापौर ने धमतरी शहर के सर्वांगीण विकास को लेकर एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा और केंद्र सरकार से सहयोग की अपील की।

महापौर श्री रोहरा ने केंद्रीय मंत्री के समक्ष धमतरी शहर की प्रमुख समस्याएं, संभावनाएं एवं विकास के प्रस्ताव रखे। उन्होंने श्रमिकों के कल्याण, स्थानीय बेरोजगार युवाओं के लिए कौशल विकास एवं रोजगार के अवसरों का विस्तार, खेल अधोसंरचना को सशक्त बनाने तथा शहर में राष्ट्रीय स्तर की खेल अकादमी की स्थापना जैसी मांगें प्रमुखता से उठाईं। उन्होंने कहा कि धमतरी जैसे तेजी से विकसित हो रहे नगरों में यदि केंद्र सरकार की योजनाओं का समुचित लाभ मिले, तो यहां की युवा ऊर्जा को देशहित में सशक्त रूप से जोड़ा जा सकता है।

केंद्रीय मंत्री मांडविया ने महापौर की मांगों को गंभीरता से सुना और सकारात्मक सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि धमतरी जैसे उभरते हुए शहरों में विकास की अपार संभावनाएं हैं और केंद्र सरकार हरसंभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। महापौर रोहरा ने मुलाकात के लिए मंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें धमतरी आने का आमंत्रण भी दिया।

अवैध शराब परिवहन करते युवक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। उरला पुलिस ने पारधीपारा में दबिश देकर टीवीएस जूपिटर में अवैध शराब परिवहन करते युवक को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार उरला पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पारधीपारा में दबिश देकर टीवीएस जूपिटर वाहन में 100 पाव देशी शराब परिवहन करते आरोपी मनोज कुमार साहू 27 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

छत्तीसगढ़ में जमीन खरीद-बिक्री की प्रक्रिया अब डिजिटल और पारदर्शी

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर से एक बड़ी खबर सामने आई है, जहां छत्तीसगढ़ सरकार ने जमीन से जुड़ी लेन-देन प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी बनाने के लिए एक नई तकनीकी व्यवस्था लागू की है। इसके तहत अब आम लोगों को जमीन से जुड़ी जानकारी के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे और न ही किसी बिचौलिए की मदद लेनी होगी। इस सुविधा को पंजीयन विभाग की वेबसाइट और 'सुगम' मोबाइल ऐप के माध्यम से उपलब्ध कराया गया है।

समृद्ध छत्तीसगढ़ | मखाने के खेती से जिले कों मिलेगी राष्ट्रीय स्तर पर पहचान, कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की पहल ला रही रंग

धमतरी बनेगा मखाना उत्पादन में अग्रणी जिला, 200 एकड़ में होगी खेती

धमतरी/नवप्रदेश। मखाने की खेती के मामले में बिहार के बाद अब छत्तीसगढ़ का धमतरी जिला अग्रणी स्थान पर पहुंच जायेगा है। कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा की दूरदर्शी सोच और सतत प्रयासों से जिले में मखाना उत्पादन को लेकर एक बड़ा अभियान चलाया जा रहा है। वर्तमान में जिले में 200 एकड़ क्षेत्रफल में मखाने की खेती की योजना बनाई जा रही है, जिससे खासतौर पर निषाद समाज के लोगों को लाभ मिलेगा।

नगरी विकासखंड के ग्राम सांकरा स्थित एक बड़े बहुत भाग में तालाब बनाकर 100 एकड़ में मखाने की खेती जल्द ही प्रारंभ की जाएगी। इसके अलावा जिले के अन्य जल स्रोतों में भी मखाना उत्पादन को तेजी से विस्तार दिया जा रहा है। शहर के तालाबों के साथ-साथ जिन क्षेत्रों में पूर्व में कमल ककड़ी की खेती होती थी, वहां अब मखाना उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है। कलेक्टर मिश्रा ने बताया कि जिला प्रशासन, इंदिरा गाँधी कृषि विज्ञान केंद्र के साथ मिलकर न केवल मखाना उत्पादन कर रहा है, बल्कि उसकी प्रोसेसिंग, ब्रांडिंग और मार्केटिंग की दिशा में भी ठोस कदम उठा रहा हैं। धनहा धमतरी नाम से मखाने की ब्रांडिंग और आकर्षक पैकेजिंग की योजना तैयार की जा रही है, जिससे जिले को एक राष्ट्रीय पहचान दिलाई जा सके।

हाल ही में कलेक्टर श्री मिश्रा ने ग्राम छाती में लगभग 5 एकड़ के अलग अलग तालाबों का निरीक्षण किया। उन्होंने कृषि वैज्ञानिकों से मखाने की खेती की वैज्ञानिक पद्धतियों पर चर्चा की। उन्होंने विशेषज्ञों को निर्देशित किया कि स्थानीय लोगो कों माखने कि खेती के लिए प्रोत्साहित करें। साथ ही किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन और प्रशिक्षण भी उपलब्ध कराये।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक - यशवंत धोटे द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2012/41806 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, navpradesh@gmail.com